सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:27

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.5 न्यू | 21.8 अधि |
| धर्मशाला | 16.8 न्यू | 27.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,583.30 |
| निफ्टी | 24,853.40 |
| सोना | 99,450 |
| चांदी | 1,07,200 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




स्मृति मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंचीं

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 18 जून 2025 | 4 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 170, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### अमरनाथ यात्रा के मार्गों को 'नो फ्लाइंग जोन' किया घोषित



**एजेंसी, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा उपायों को बढ़ाते हुए मंगलवार को यात्रा मार्गों को 'नो फ्लाइंग जोन' (उड़ान निषिद्ध क्षेत्र) घोषित किया। अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्री दो मार्ग पारंपरिक पहलगाम मार्ग और बालटाल मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आदेश पर जम्मू-कश्मीर के गृह विभाग द्वारा जारी घोषणा में कहा गया है कि इस क्षेत्र में एक जुलाई से 10 अगस्त तक मानवरहित हवाई यान (यूएवी), ड्रोन, गुब्बारे समेत किसी भी प्रकार के विमानन यंत्र उड़ाना प्रतिबंधित है। (अनंत ज्ञान)

### एयर इंडिया ने कीं सात अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द



**एजेंसी, मुंबई।** एयर इंडिया की 7 इंटरनेशनल फ्लाइट मंगलवार को रद्द कर दी गईं। इनमें अहमदाबाद-लंदन, दिल्ली-पेरिस, दिल्ली-वियना, लंदन-अमृतसर, दिल्ली-दुबई, बेंगलुरु-लंदन फ्लाइट शामिल हैं। इसके अलावा सैन फ्रांसिस्को से मुंबई आ रही फ्लाइट के पैसेंजर्स को कोलकाता एयरपोर्ट पर उतारा गया। अहमदाबाद में 12 जून को एआई-171 फ्लाइट क्रैश हुई थी। इसकी जगह अहमदाबाद से लंदन के लिए नई फ्लाइट एआई-159 शुरू की गई है। यह फ्लाइट मंगलवार को लगातार दूसरी बार रद्द की गई। फ्लाइट को दोपहर 1.10 बजे उड़ान भरना था, लेकिन टेकऑफ से कुछ घंटे पहले तकनीकी खामी की बात कही गई। 16 जून को भी यह फ्लाइट रद्द की गई थी। (अनंत ज्ञान)

### कैलाश अस्पताल और इंडिगो विमान को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी, नोएडा/कोच्चि।** थाना फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर 71 स्थित कैलाश अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि यह धमकी 14 जून को ई-मेल के जरिये दी गई और आज अस्पताल प्रबंधन से सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, मस्कट से मंगलवार को यहां पहुंचे और दिल्ली के लिए रवाना हुए इंडिगो के एक विमान में बम रखे होने की धमकी मिली, जिसके बाद निरीक्षण के लिए विमान को नागपुर हवाईअड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- दरकता पहाड़, दरार और खतरे में लिंडूर गांव पेज 3
- टांडा में लिफाफे खत्म, हाथों में थमाई जा रही रिपोर्टें -पेज 4
- स्कूलों के खराब नतीजों के लिए करें सख्त कार्रवाई: रोहित -पेज 6
- साहब! नौ माह से नहीं मिला कौशल विकास भत्ता -पेज 11
- पहलगाम हमले के बाद बंद टूरिस्ट स्पॉट फिर खुले -पेज 13


# हिमाचल को हरित, आत्मनिर्भर और समृद्धशाली राज्य बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सूक्खू

## प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 1850 पात्र महिलाओं को तीन माह की एकमुश्त राशि की प्रदान

**कमलेश वर्मा/सीआर शर्मा, अनंत ज्ञान**

**निरमंड।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि हिमाचल को हरित, आत्मनिर्भर और समृद्धशाली राज्य बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। कुल्लू जिला के निरमंड उपमंडल के अंतर्गत बागा-सराहन में मंगलवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने यह संकल्प दोहराते हुए तथा इस दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का विस्तार से जिक्र किया।



आनी के बागा-सराहन में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम।

सीएम ने यहां पर जहां जनता को करोड़ों की योजनाओं की सौगात दी। वहीं, इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 7 पंचायतों की 1850 पात्र महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह की दर से एकमुश्त तीन माह की राशि वितरित की। इसके अलावा आनी विस क्षेत्र के लिए कई घोषणाएं भी की।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार विकास के नए आयाम स्थापित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस मौके पर मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़, शिमला नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान, एपीएमसी अध्यक्ष राम सिंह मिंया, पूर्व विधायक किशोरी लाल सागर, जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार, पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस परस राम एवं बंसी लाल, पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस सेस राम आजाद, यूपेंद्र कांत मिश्रा एवं चंद्रकेश शर्मा भी उपस्थित थे।

### केवल राम के घर रुके सीएम

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बागा सराहन में कई योजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण किया। सीएम ने जहां मंगलवार को दिनभर यहां के लोगों को कई सौगात दी वहीं, रात भी यहीं बिताई। सीएम बागा सराहन में ग्रामीण केवल राम के घर में ठहरे।

# ईरान में फंसे भारतीय स्टूडेंट्स की वापसी शुरू

**एजेंसी, तेहरान**



इसराइल-ईरान में जारी संघर्ष के बीच भारत ने अपने नागरिकों को ईरान से निकालना शुरू कर दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया है कि कुछ भारतीय नागरिकों को आर्मेनिया बॉर्डर के रास्ते देश से बाहर निकाला गया है। इसके अलावा राजधानी तेहरान से भी भारतीय छात्रों को सुरक्षित जगहों पर भेज दिया है। सूत्रों के अनुसार भारत ने अपने छात्रों को निकालने के लिए ईरान में आर्मेनिया के राजदूत से बात की थी।

### आर्मेनिया ने दी 110 भारतीय छात्रों को शरण

110 भारतीय छात्रों का एक बैच सोमवार को आर्मेनिया बॉर्डर पहुंचा था। छात्रों को आर्मेनिया बॉर्डर पर नॉरदुज चौकी से बसों से निकाला जा रहा है। ईरान में 1,500 स्टूडेंट्स सहित लगभग 10 हजार भारतीय फंसे हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि मौजूदा हालात में देश के एयरपोर्ट भले ही बंद हैं, लेकिन लैंड बॉर्डर्स खुले हुए हैं। विदेशी नागरिकों को ईरान छोड़ने से पहले राजनयिक मिशनों के जरिए ईरान के जनरल प्रोटोकॉल विभाग को अपना नाम, पासपोर्ट नंबर, गाड़ी डिटेल्स, देश से निकलने का समय और जिस बॉर्डर से जाना चाहते हैं, उसकी जानकारी पहले से देनी होगी। (अनंत ज्ञान)

### हमने ईरान के एक और उच्च पदस्थ जनरल को मार गिराया : इसराइल

**तेल अवीव।** इसराइल ने मंगलवार को दावा किया कि उसने ईरानी सैन्य कमान को तबाह करने के बाद उसके एक और उच्च पदस्थ जनरल को मार गिराया। इसराइली सेना ने कहा कि उसने जनरल अली शादमानी को मार गिराया है, जिन्हें हाल ही में खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय का प्रमुख नियुक्त किया गया था। ईरान ने शादमानी की मौत की तत्काल पुष्टि नहीं की है।

# हिमाचल में प्री-मानसून की दस्तक, गर्मी से राहत

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को हुई भारी प्री-मानसून बारिश ने राज्य को लंबे समय से चली आ रही गर्मी और सूखे की स्थिति से बड़ी राहत दी है। हालांकि, यह राहत अपने साथ कई चुनौतियां भी लेकर आई, जिनमें अचानक बाढ़, भूस्खलन और बड़े पैमाने पर व्यवधान शामिल हैं।



सुबह से ही शिमला शहर में भारी बारिश के साथ गरज-चमक और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं, जो लगभग तीन घंटे तक जारी रहीं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राज्य के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए शिमला और आसपास के जिलों में आंधी, तेज हवाओं और कम दृश्यता की चेतावनी दी थी। बारिश के कारण सड़कों पर फिसलन और जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे कई नालों में पानी भर गया और विभिन्न स्थानों पर यातायात बाधित हुआ।

जानकारी के अनुसार लाहौल-स्पीति के टिंडी (उदयपुर उप-मंडल) के पास जंगल कैंप में अचानक आई बाढ़ ने एसकेटीटी सड़क को अवरुद्ध कर दिया, जिससे दो पर्यटकों की मौत हो गई। मंडी और लाहौल-स्पीति जिलों में चट्टानें गिरने और भूस्खलन की घटनाओं में 42 लोग घायल हो गए। जिला पुलिस ने बारालाचा टॉप और शिंकुला टॉप जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अनावश्यक यात्रा न करने की सलाह दी है, जहां लगातार बारिश और बर्फबारी के कारण दृश्यता कम हो गई है।

# कलखर में बस खाई में गिरी; एक की मौत, 18 घायल

**रितेश, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** जिला मंडी के सरकाघाट उपमंडल के ढलवान-पटड़ीघाट-कलखर संपर्क मार्ग पर मंगलवार सुबह 8 बजे एक निजी बस अनियंत्रित होकर करीब 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी और चीख-पुकार मच गई। बस में 19 लोग सवार थे। राजगीर चंद (55) गांव कोट, जिला बिलासपुर की मौके पर ही मौत हो गई।

लोगों ने पुलिस थाना हटली और आपातकालीन सहायता 108 पर बस हादसे की सूचना दी। बस हादसे की सूचना पाकर डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम, हटली के थाना प्रभारी बृज लाल शर्मा अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचे और राहत और बचाव कार्यों के जुट गए। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को खाई से बाहर निकाल सड़क मार्ग तक पहुंचाया। हालांकि, भारी बारिश के चलते राहत कार्य में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। घायलों को निजी गाड़ियों और 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिवालसर और मेडिकल कॉलेज नेरचौक में ले जाया गया। बस चालक और एक व्यक्ति गाड़ी के बीच में ही बहुत बुरी तरह से फंस हुए थे, जिन्हें निकालने के लिए मौके पर क्रेन बुलानी पड़ी।



दुर्घटनाग्रस्त बस से घायलों को निकालते हुए लोग।

उधर, बस हादसे की खबर सुनकर विधायक दिलीप ठाकुर और कांग्रेस नेता पवन ठाकुर, विधायक इंद्र सिंह गांधी व एसडीएम स्वाति डोगरा भी मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्यों में अपना सहयोग दिया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज नेरचौक पहुंच कर घायलों से मुलाकात भी की। एसडीएम स्वाति डोगरा ने कहा कि वह खुद घायलों के साथ नेरचौक मेडिकल कॉलेज में हैं, प्रशासन घायलों और उनके परिवारों की पूरी मदद कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

# विमान हादसा : डीएनए मिलान से 162 मृतकों की हुई शिनाख्त

**एजेंसी, अहमदाबाद**



अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना के पांच दिन बाद, अब तक डीएनए मिलान के जरिये 162 मृतकों की पहचान कर ली गई है और 120 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

**120 लोगों के शव परिजनों को सौंपे**

अधिकारी मृतकों की पहचान करने के लिए डीएनए जांच कर रहे हैं, क्योंकि 12 जून को हुई विमान दुर्घटना में कई लोग इस कदर झुलस गए कि उनके शवों की शिनाख्त नहीं की जा सकती। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने संवाददाताओं से कहा कि मंगलवार सुबह तक 162 लोगों के डीएनए नमूनों का मिलान कर लिया गया है और 120 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। इन 120 मृतकों में पांच लोग विमान में सवार नहीं थे।'' उन्होंने कहा कि ये लोग गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार, राजस्थान और दीव के विभिन्न हिस्सों के रहने वाले थे।

जोशी ने उम्मीद जताई की कि सभी मृतकों के डीएनए मिलान की प्रक्रिया मंगलवार शाम या बुधवार सुबह तक पूरी हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# डोनाल्ड ट्रंप जी-7 समिट छोड़कर अमेरिका रवाना

**एजेंसी, अल्बर्टा**



कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के कननास्किस में जी-7 समिट की शुरुआत हो गई है। पहले दिन वन-टु-वन बातचीत, राउंड टेबल मीटिंग और फैमिली फोटो सेशन हुआ। एक मीटिंग में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की बात पर इटली की पीएम मेलोनी का शॉकिंग रिएक्शन देखने को मिला।

जी-7 देशों का इजराइल को समर्थन कनाडा के अल्बर्टा राज्य के कैननास्किस में चल रही जी-7 समिट में इजराइल-ईरान तनाव का असर दिख रहा है। समिट के पहले दिन जी-7 देशों ने इजराइल का समर्थन किया। मंगलवार सुबह साझा बयान में कहा गया कि इजराइल को अपनी आत्मरक्षा करने का अधिकार है। ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए। उधर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समिट को बीच में छोड़कर अमेरिका रवाना हो गए हैं। व्हाइट हाउस ने बताया कि मिडिल ईस्ट में तनाव के चलते ट्रंप ने यह फैसला लिया है। इस बीच ट्रंप ने कहा कि मैं सीजफायर के लिए वॉशिंगटन नहीं लौट रहा हूं। बात उससे कहीं बड़ी है।

**कहा- मैं सीजफायर के लिए नहीं लौट रहा बात उससे कहीं बड़ी**

इससे पहले ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा- ईरान को परमाणु 'समझौते' पर हस्ताक्षर करने चाहिए। ईरान न्यूक्लियर हथियार नहीं रख सकता है। मैंने यह बार-बार कहा है, सभी को तुरंत तेहरान खाली कर देना चाहिए।

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनाडा के कनानास्किस पहुंचे हैं। पीएम जी-7 शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं के साथ ऊर्जा सुरक्षा, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन सहित कई अहम वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। कनाडा से पहले पीएम ने साइप्रस का दौरा किया था। (अनंत ज्ञान)

# इसराइल का समर्थन करने पर भड़का ईरान

**एजेंसी, तेहरान**

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने इसराइल का समर्थन करने के लिए जी7 नेताओं की आलोचना की। उन्होंने मंगलवार को कहा कि जी7 नेताओं के संयुक्त बयान ने इसराइल की 'खुली आक्रामकता' को नजरअंदाज किया है, जिसमें ईरान की 'शांतिपूर्ण परमाणु संरचनाओं' पर गैर-कानूनी हमले, रिहायशी इलाकों पर अंधाधुंध निशाना साधना और ईरानी नागरिकों की हत्या शामिल है।

**कहा जी7 के नेताओं ने आक्रामकता को किया नजरअंदाज**

कनाडा के कनानास्किस में चल रहे जी7 शिखर सम्मेलन के बाद जारी बयान में नेताओं ने ईरान को क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का 'मुख्य स्रोत' बताया। उन्होंने कहा कि ईरान को कभी परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और सभी पक्षों को तनाव कम करने की दिशा में बढ़ना चाहिए, जिसमें गाजा में युद्धविराम शामिल है।

हालांकि, इस्माइल बकाई ने दावा किया कि इसराइल ने बिना उकसावे के ईरान के खिलाफ आक्रामक युद्ध शुरू किया और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2(4) का उल्लंघन करते हुए उसकी परमाणु साइटों पर हमला किया, जो शांतिपूर्ण परमाणु सुविधाओं पर बल प्रयोग या धमकी को रोकता है।

ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, जी7 के सदस्य देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के तीन स्थायी सदस्यों को संयुक्त राष्ट्र के एक सदस्य के खिलाफ इस आक्रामक कार्रवाई के लिए अपनी कानूनी और नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)


**ABHILASHI UNIVERSITY**

AU

Chail Chowk, Tehsil Chachyot, Distt. Mandi (H.P.)

(A University estd. under State Act & B+ Accredited by NAAC)

**ADMISSION NOTICE**

Applications are invited for admission to B.V.Sc & AH course at Abhilashi University, Mandi (H.P.), through Abhilashi University Pre-Veterinary Entrance Test (AUPVET 2025). The last date for applying online is 30th June 2025.

Note: The date of the entrance exam will be announced later. Candidates who have qualified the NEET examination are exempted from appearing in the entrance test.

To apply, fill Google form on-
https://forms.gle/6GhwmN8Lh3G1WuhSA

OR

Or Scan QR Code

Scan me

FOR MORE DETAILS CONTACT:
91295-00063, 98160-05139
98164-00520, 98167-00520


## झटका

### रक्षा मंत्रालय की बैठक में जमीन के मालिकाना हक को लेकर नहीं बनी बात

# छावनी क्षेत्रों के सिविल एरिया स्थानीय निकाय में नहीं हो पाए मर्ज

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**





देश का सबसे पुराना छावनी क्षेत्र सुबाथू। (फाइल फोटो)

**सोलन।** रक्षा मंत्रालय के अधीन प्रदेश की छह छावनी क्षेत्रों के सिविल एरिया को छावनी से अलग करने की मुहिम को एक बार फिर से निराशा हाथ लगी है। दिल्ली में बीते दिनों हुई रक्षा मंत्रालय की बैठक में जमीन के मालिकाना हक को लेकर बात नहीं बन पाई। ऐसे में सिविल एरिया का स्थानीय निकायों में विलय रुक गया है।

रक्षा मंत्रालय ने देश की अन्य 10 छावनियों के सिविल एरिया को अलग करने को लेकर स्पष्ट किया कि छावनी से अलग होने वाले सिविल एरिया में जमीन का हक रक्षा मंत्रालय का ही रहेगा। ऐसे में अब हिमाचल की 6 छावनियों में रह रहे लोगों को राज्य सरकार से ही आस बची है। प्रदेश छावनी एसोसिएशन का कहना है कि यदि रक्षा मंत्रालय सिविल एरिया की जमीन राज्य सरकार के नाम कर दे तो भी उन्हें आपत्ति नहीं है, पर रक्षा मंत्रालय के पास जमीन का मालिकाना हक रहने से उनका भविष्य सुरक्षित नहीं है।

बैठक में 10 छावनियों के सिविल एरिया को अलग करने के लिए की गई गजट नोटिफिकेशन को लेकर लोगों की आपत्तियों व सुझावों सहित संबंधित राज्यों की सरकारों के पक्ष पर प्रमुखता से विचार-विमर्श किया गया।

### वर्षों से संघर्ष कर रहे लोग

**प्रदेश** की छह छावनियों के सिविल एरिया को अलग करने के लिए पिछले कई वर्षों से लगातार संघर्ष किया जा रहा है। इसके लिए बकायदा हिमाचल प्रदेश छावनी एसोसिएशन का गठन भी किया गया और एसोसिएशन के प्रयासों व छावनी वासियों के सहयोग से मामला रक्षा मंत्रालय तक पहुंचा। इसके पश्चात रक्षा मंत्रालय व प्रदेश सरकार के बीच प्रक्रिया शुरू भी हो गई और सुबाथू, कसौली, डगशाई, जतोग, बकलोह व डलहौजी के सिविल क्षेत्र को बाहर करने के प्रस्ताव को प्रदेश सरकार को भेजा गया था। उसके बाद फरवरी, 2024 में इसको लेकर संयुक्त सर्वे भी किया गया था। रक्षा मंत्रालय ने 36 छावनियों को सिविल एरिया में शामिल करने का निर्णय लिया है। पर नियम और शर्तों में बदलाव किए जाने से विलय का प्रस्ताव अधर में है। रक्षा मंत्रालय की तरफ से नियम और शर्तों में बदलाव कर विलय की स्थिति में छावनी वासियों को भवन का मालिकाना हक़ तो मिलेगा पर जमीन का अधिकार नहीं रहेगा। इससे जिला सोलन के तहत आने वाली कसौली सुबाथू और डगशाई के छावनीवासी निराश है। हिमाचल प्रदेश में कुल सात छावनी हैं, जिसमें डलहौजी, सबाथू, डगशाई, कसौली, बकलोह, जतोग और खास योल। खास योल को छोड़कर, अन्य छावनी के नागरिक क्षेत्रों को अभी तक विमुक्त नहीं किया गया है।

### जमीन का मालिकाना हक चाहते हैं लोग

**छावनी** वासी इस उम्मीद में है कि अगर राज्य सरकार के अंडर आते तो कभी न कभी इनको जमीन का मालिकाना हक मिलना चाहिए। पहले हुई बैठकों में यह तय हुआ था कि राज्य सरकार में मर्ज होने के बाद सरकार अपने हिसाब से तय करेगी कि जमीन बेचनी है या नहीं। केंद्र ने उसमें शर्त रखी थी कि राज्य सरकार उन लोगों को जमीन का मालिकाना हक दे सकती है जो उस जमीन पर स्थापित है। बशर्ते जमीन से होने वाली कमाई का 30-35 फीसदी केंद्र सरकार को देना होगा।

"रक्षा मंत्रालय ने पहले प्रदेश की सरकारों को छावनी एरिया के जमीन का हक देने की बात मान ली थी, पर अब अचानक बदलाव किया गया है। हम जमीन के हक मिलने से ही सुरक्षित रहेंगे। एसोसिएशन को विश्वास है एक बार जब हम सभी छावनीवासी मजबूत तरीके से अपना प्रतिनिधित्व आगे बढ़ाएंगे तो केंद्र सरकार इसमें हस्तक्षेप करेगी।

**-मनमोहन शर्मा, फाउंडर मेंबर एवं महासचिव प्रदेश छावनी एसोसिएशन।**

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. सिकंदर ने प्रो. धूमल से की शिष्टाचार भेंट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, समीरपुर।** राज्यसभा सांसद व हिमाचल भाजपा के महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने मंगलवार को समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने धूमल का कुशलक्षेम जाना। इस दौरान संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई। बैठक में सुजानपुर मंडल अध्यक्ष और बमसन मंडल अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

### संघ के विचार को समाज की मान्यता : भागवत

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** टिप्पर स्थित ठाकुर राम सिंह स्मृति न्यास परिसर में चल रहे 20 दिवसीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्तर क्षेत्र के कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम में सरसंघचालक मोहन भागवत ने स्वयंसेवकों के बौद्धिक शिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। सरसंघचालक ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। 100 वर्ष पूर्व संघ के विचार को मान्यता नहीं थी, उपेक्षा होती थी, फिर भी कार्य कर रहे थे। अभी संघ के विचार को समाज की मान्यता प्राप्त है, समाज सक्रिय होकर कार्य करता है। उन्होंने कहा कि अपने समाज की संस्कृति के संरक्षण के लिए आपसी मतभेदों को भूलकर एक होने की जरूरत है, जिससे हिंदू समाज और देश एक रह सके। इस मौके पर संघ के उत्तर क्षेत्र संघचालक पवन जिंदल, उत्तर क्षेत्र प्रचारक जतिन कुमार, क्षेत्र के प्रचारक प्रमुख बनवीर सिंह, सह कार्यवाह डॉ किस्मत कुमार आदि उपस्थित रहे।

### जिला भाजपा करेगी प्रोफेशनल मीट का आयोजन : राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भाजपा की जिला इकाई के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार के 11 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों के उपलक्ष्य में 18 जून को शाम 5 बजे, बसंत रिजॉर्ट, हमीरपुर में प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अमृत काल में विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को लेकर समाज के बुद्धिजीवी वर्ग, विशेषज्ञों, एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रोफेशनल्स के साथ संवाद स्थापित करना है। यह मीट विशेष रूप से यह दिखाने का प्रयास करेगी कि कैसे वर्ष 2014 के बाद भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर एक अनुयायी से नेता की भूमिका में परिवर्तन किया है। राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### शहीद अंकुश के शहीदी दिवस पर सबकी आंखें नम

**अनंत ज्ञान, जाहू।** गलवान अमर शहीद सिपाही अंकुश ठाकुर सेना मेडल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शहीद अंकुश ठाकुर के शहीदी दिवस पर पीएचसी कड़ोहता में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहीद अंकुश ठाकुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मनोह में शहीदी दिवस के उपलक्ष पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में एसडीएम भोरंज शशि पाल शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने शहीद अंकुश ठाकुर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, इस अवसर पर अंकुश ठाकुर के पिता अनिल कुमार, उनकी माता उषा देवी उर्फ उषा रानी व उनकी दादी व छोटे भाई ने शाहिद अंकुश ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सभी की आंखें नाम हो गईं। कार्यक्रम में शहिद अंकुश ठाकुर सेवा मेडल चैरिटेबल ट्रस्ट के सभी सदस्य मौजूद रहे जिन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन में अहम भूमिका अदा की। इस अवसर पर सेवा मेडल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्कूलों के होनहार विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही पीएचसी कड़ोहता में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें 28 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

### एसोसिएशन ने प्रेम दास के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, नादौन।** रिटायर्ड इंप्लाइज वेल्फेयर एसोसिएशन नादौन की बैठक एसोसिएशन के सीनियर उपाध्यक्ष विजय चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्म सिंह मिन्हास के बड़े भाई प्रेम दास निवासी कुठार के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक प्रकट किया गया। शोक प्रस्ताव में एसोसिएशन ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट करते हुए भगवान से प्रार्थना की है कि वे दिवंगत आत्मा को शांति दे और पीड़ित परिवार को इस सदमे को सहन करने की क्षमता दे। बैठक में एसोसिएशन के चीफ पेटरन पीडी शर्मा, महासचिव प्रकाश चंद ठाकुर, कैशियर यशपाल राणा के अलावा वरिष्ठ सदस्य बेली राम, मदन लाल चौधरी, जगदीश चंद शर्मा, वंशी चंद, मदन लाल चौधरी, जगदीश चंद शर्मा, ओम प्रकाश आनंद, मनोहर लाल शर्मा, प्रीतम चंद भारती,नानक चंद,बलदेव जंबाल,सुभाष बस्सी, सिमरजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

### भैल की महिलाएं सीखेंगी लिफाफे बनाना

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित एवं प्रशिक्षित करने के लिए पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी क्रम में विकास खंड बिझड़ी की भैल पंचायत में आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना ने मंगलवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि इस दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान स्थानीय महिलाओं को पेपर कवर, फाइल और लिफाफे इत्यादि बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रतिभागी महिलाओं को निशुल्क प्रशिक्षण के साथ-साथ खाना, वर्दी और स्टेशनरी का सामान इत्यादि भी आरसेटी की ओर से ही उपलब्ध करवाया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर वित्तीय साक्षरता सलाहकार जीसी भट्टी, आरसेटी के फैकल्टी मैंबर संजय हरनोट, स्थानीय पंचायत प्रधान प्रेम सिंह और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

### धनेटा कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में कला संकाय स्नातक तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त कर महाविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रमाणित किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने इस उल्लेखनीय सफलता पर समस्त विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम बताया। प्राचार्य ने जानकारी दी कि वाणिज्य एवं कला संकाय के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि बुधवार, 19 जून निर्धारित की गई है। इसी दिन तक आवेदन पत्रों का महाविद्यालय स्तर पर सत्यापन भी संपन्न किया जाएगा। वहीं, वाणिज्य एवं कला संकाय के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया 13 जून 2025 से आरंभ हो चुकी है।

### बेला कॉलेज का बीएड का परीक्षा परिणाम शानदार

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** विजय वल्लभ शिक्षा महाविद्यालय बेला नादौन का बीएड प्रथम व तृतीय सत्र का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है । तृतीय सत्र में अलका अत्री ने 88.3 फीसदी अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं पर प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों में पायल पठानियां तथा वंशिता शर्मा ने 82.6 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्या डॉक्टर अनामिका शर्मा ने सभी प्रशिक्षुओं को बधाई दी। कॉलेज के अध्यक्ष अजय जैन तथा निर्मल जैन ने कॉलेज के स्टाफ व प्रशिक्षुओं को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### प्रदेश सरकार की नीतियों से हर वर्ग त्रस्त : सिकंदर

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर में भाजपा के कार्यक्रम में पहुंचे राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों से प्रदेश का हर वर्ग त्रस्त है। बीते विधानसभा चुनावों में जब कांग्रेस ने ओपीएस के नाम से वोट लिए थे तो उन्होंने कर्मचारियों को भ्रमित किया था। आज प्रदेश सरकार द्वारा यूपीएस लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा केंद्र द्वारा यूपीएस के बारे में बोला जा रहा था, वही स्कीम अब प्रदेश सरकार लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। युवा वर्ग, महिला वर्ग ,कर्मचारी वर्ग बागवान और अन्य सभी वर्गों को प्रदेश प्रदेश सरकार ने ठगा है। उन्होंने प्रदेश सरकार को 10 में से जीरो अंक देते हुए कहा कि सुजानपुर के वर्तमान विधायक का कार्यकाल भी निराशाजनक रहा है। सुजानपुर में विकसित भारत संकल्प सभा कार्यक्रम में पहुंचे सिकंदर कुमार ने मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल पूरा होने पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण वर्ग के पूर्ण हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में ब्लॉक, मंडल, जिला और प्रदेश स्तर पर अभियान चलाया गया है। इस अवसर पर सुजानपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसवंत सिंह, टौणी देवी भाजपा मंडल अध्यक्ष बिक्रम सिंह राणा, भाजपा नेता प्रकाश सड़याल, सुधीर भटनागर सहित कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## टौणी देवी डिविजन के कई जंक्शन बने एक्सीडेंट स्पॉट, पीडब्ल्यूडी ने निर्माण कंपनी के सिर पर फोड़ा ठीकरा

# एनएच-3 के निर्माण में 9 संपर्क सड़कें क्षतिग्रस्त

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** अटारी-मनाली एनएच 03 के निर्माण ने नौ संपर्क सड़कों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इन पर बरसात के इस मौसम में अब खतरा पैदा हो गया है। यह तमाम स्पॉट इस नेशनल हाईवे से जुड़ने वाले स्थानों पर हैं। वहां अब पीडब्ल्यूडी ने संबंधित कंपनी की लापरवाही को लेकर सार्वजनिक सूचना के बोर्ड गाड़ दिए हैं। वैसे इस हाईवे के निर्माण में लगी कंपनी पहले से ही अपनी कार्य कुशलता को लेकर पिछले काफी समय से सवालों के घेरे में है, जिसका काम पिछले साल दिसंबर में कंप्लीट होना था लेकिन अभी भी अधूरा है। अब बरसात शुरू होते ही नया विवाद और खड़ा हो गया है।

पीडब्ल्यूडी टौणी देवी के द्वारा एनएचएआई की प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटेशन यूनिट को पिछले एक साल से कई पत्र और डेमेज रिपोर्ट बना जवाब भी मांगा है, लेकिन एनएचएआई की प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटेशन यूनिट की चुप्पी कई बड़े सवाल खड़े कर रही है। अब तक डेमेज कंट्रोल के लिए कोई भी कार्य शुरू नहीं किया गया है। मजबूरन अब लोक निर्माण विभाग मंडल टौणी देवी को कई जगह नोटिस बोर्ड लगाकर लोगों को एनएचएआई की प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटेशन यूनिट की लापरवाही और नाकामी को उजागर करना पड़ गया है।





सड़कों के मुहाने पर लगाए चेतावनी के बोर्ड (दाएं) क्षतिग्रस्त रोड के कारण वाहन चालक परेशान।

नोटिस बोर्डों में रोड़ सेफ्टी एक्ट का हवाला भी दिया गया है। इसके बावजूद इन 9 संपर्क सड़कों की हालत सुधारने की कोई कोशिश अब तक नहीं हो पाई है। सबसे खस्ता हालत इस वक्त टौणी देवी से ऊहल जंगलबैरी सड़क की आरडी 0/0 से 0/110 तक की बनी हुई है। ऐसी ही स्थिति झनिक्कर से बारी और टौणी देवी से लंघवाण जंक्शन की बनी हुई है। दरकोटी से गब्बा बडू सड़क का जंक्शन भी क्षतिग्रस्त किया गया है।

**क्या है नोटिस बोर्ड पर चेतावनी :** पीडब्ल्यूडी टौणी देवी द्वारा अस्पताल चौक और उहल चौक पर जो दो नोटिस बोर्ड लगाए गए हैं, उसमें इस तरह की चेतावनी लगाई गई है। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सड़क ह॥-03 का कार्य परियोजना निर्देशक सह अधिशाषी अभियन्ता NH-®x. PIU MORTH H. NO. 575 कृष्णा नगर हमीरपुर द्वारा करवाया जा रहा है। इस सड़क के निर्माण कार्य के निष्पादन के दौरान लोनिवि मंडल टौणीदेवी ने अंतर्गत टौणी देवी से ऊहल जंगलबैरी सड़क, D 0/0 से 0/110 का निर्माण कंपनी द्वारा क्षतिग्रस्त और संकरा असुरक्षित कर दिया गया है। इसके अलावा भी और लिखा गया है।

**9 संपर्क सड़कें/ जंक्शन जिन्हें किया क्षतिग्रस्त :** एनएच 03 के निर्माण के दौरान निर्माण कंपनी द्वारा टौणी देवी से ऊहल जंगलबैरी सड़क, बराड़ा से पटनौण सड़क, झनिक्कर से बारी सड़क, बारी से सिसवा सड़क, टौणी देवी से लंघवाण सड़क, कोट से धवा सड़क, दरकोटी से गब्बा बडू सड़क, कलांझड़ी से कंगरी सड़क तथा टौणी देवी से पीडबल्यूडी डिविजन सड़क जंक्शन प्रमुख हैं।

### दुर्घटना के लिए निर्माण कंपनी, एनएचएआई होंगे जिम्मेदार : एसडीओ

पीडब्ल्यूडी के एसडीओ नीतीश भारद्वाज ने बताया कि किसी दुर्घटना के लिए अब निर्माण कंपनी और एनएचएआई जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक इस संदर्भ में निर्माण कंपनी से बहुत सारे लिखित व मौखिक अनुरोधों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। भविष्य में अगर कोई भी अप्रिय घटना इस कारण घटित होती है तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी निर्माण कंपनी की होगी।

## आईटीबीपी हवलदार नितिन चौहान का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

**सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार**

उपमंडल भोरंज की पंचायत हनोह निवासी और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में कार्यरत हवलदार नितिन चौहान (उम्र 41 वर्ष) का सोमवार सुबह चंडीगढ़ में हृदयगति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। वह इन दिनों केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई ), चंडीगढ़ में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत थे। उनके असामयिक निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों सहित ग्रामीणों, सैन्यकर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। हवलदार नितिन चौहान का अंतिम संस्कार 17 जून को उनके पैतृक गांव हनोह में पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया गया। हवलदार नितिन चौहान एक ऐसे परिवार से ताल्लुक रखते थे जिसकी कई पीढ़ियां देश सेवा में समर्पित रही हैं। दादा, स्व. बलवंत सिंह, आजाद हिंद फौज में सेवारत थे। पिता, स्व. कमलेश कुमार, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए थे। बड़े भाई, सचिन चौहान, वर्तमान में सीआरपीएफ में डिप्टी कमांडेंट के पद पर कार्यरत हैं। इस गौरवपूर्ण पृष्ठभूमि से आने वाले नितिन चौहान ने भी देश सेवा को जीवन का उद्देश्य बनाया और अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया। हवलदार नितिन चौहान अपने पीछे पत्नी व 5 वर्ष की बेटी व 3 वर्ष का बेटा छोड़ गए है। नितिन चौहान अपने कार्य के प्रति पूर्णत: समर्पित, अनुशासनप्रिय और जिम्मेदार अधिकारी के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने आईटीबीपी में सेवा करते हुए कई महत्वपूर्ण अभियानों और दायित्वों का सफलता से निर्वहन किया।

मंगलवार को उनके पैतृक गांव हनोह में जब उन्हें अंतिम विदाई दी गई, तो गांववासियों, परिजनों और प्रशासनिक अधिकारियों का सैलाब उमड़ पड़ा। अंतिम संस्कार में भोरंज के एसडीएम शशिपाल शर्मा, भोरंज के तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा, भोरंज के एसएचओ प्रशांत सिंह ठाकुर, जिला परिषद सदस्य पवन कुमार, बीडीसी चेयरमैन राजेंद्र सिंह, आईटीबीपी और सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारी, जिन्होंने उन्हें पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, उपस्थित रहे।

## सीजन की पहली बरसात ने बरपाया कहर, फसल को भारी नुकसान

**अनंत ज्ञान, बड़सर**



पानी में समाई मक्की फसल, किसानों ने मांगा मुआवजा।

उपमंडल बड़सर में सुबह-सुबह हुई भारी बारिश ने ऐसी तबाही मचाई कि किसानों की रातों की नींद हराम हो गई। बारिश का कहर इतना खतरनाक था कि खेत खलियान सब पानी-पानी हो गए। हाल ही में किसानों ने भारी भरकम पैसा खर्च करके ट्रैक्टर के माध्यम से मक्की की फसल बीजी थी। किसान अभी अपनी फसलों की गुड़ाई का काम कर रहे थे, बीच में अचानक मंगलवार को सुबह ही भारी बरसात ने कहर बरसाना शुरू कर दिया।

बारिश का पानी खेत-खलियान में तबाही बनकर आया जिसके चलते किसनों की फसल पानी के आगोश में समा गई। बारिश से तबाही की मंजिल बहुत ही भयानक लग रही थी। किसानों ने जब खेतों की ओर मुख किया तो तब तक बारिश ने सब कुछ नष्ट कर दिया था। मक्की की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है।

किसानों ने प्रशासन एवं हिमाचल सरकार से मुआवजे की मांग कर दी है। मौसम विभाग ने दो दिन भारी बारिश का भी अलर्ट जारी कर रखा है। इसके चलते किसानों के चेहरे मुरझा गए हैं।

## अवाहदेवी में बताईं केंद्र सरकार की उपलब्धियां

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** विकसित भारत 2047 संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत अवाहदेवी मंदिर परिसर में भाजपा मंडल समीरपुर के द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को दोहराया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांगड़ा कृषि बैंक के पूर्व चेयरमैन कमल नैन शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ में भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता हरबंश लाल शर्मा के निधन पर और हैदराबाद में में विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के शोक में दो मिनट का मौन रखा गया।

## मेडिकल कॉलेज को रैगिंग मुक्त बनाने के लिए विशेष प्रबंध

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**



एंटी रैगिंग कमेटी पे मेडिकल कॉलेज के परिसरों को रैगिंग मुक्त रखने के लिए मंथन किया।

**आरकेजीएमसी की एंटी रैगिंग कमेटी ने की प्रबंधों की समीक्षा**

**हमीरपुर।** डॉ. राधा कृष्णन राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय हमीरपुर की एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक मंगलवार को प्रधानाचार्य डॉ. रमेश भारती की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें महाविद्यालय के अधिकारियों के अलावा प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों, अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों तथा विद्यार्थियों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

इस अवसर पर पिछली बैठक के दौरान लिए गए निर्णयों की अनुपालना और महाविद्यालय के परिसर, इसके आसपास के क्षेत्र, हॉस्टलों एवं पीजी में किसी भी तरह की रैगिंग के मामलों को रोकने के लिए किए गए विभिन्न प्रबंधों पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्रधानाचार्य डॉ. रमेश भारती ने कहा कि संस्थान में रैगिंग का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। इसके बावजूद महाविद्यालय, हॉस्टल एवं पीजी के परिसरों को रैगिंग मुक्त बनाए रखने के लिए सतर्कता बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि इन परिसरों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के दिशा-निर्देशों के अनुसार जागरूकता पोस्टर लगाए गए हैं तथा इनमें सभी प्रमुख अधिकारियों एवं हेल्पलाइन के नंबर प्रदर्शित किए गए हैं, ताकि इन नंबरों पर रैगिंग की शिकायत की जा सके।

प्रधानाचार्य ने शिकायत के लिए ईमेल आईडी भी प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में नए बैच के दाखिले संभवत: सितंबर में शुरू होंगे। उस समय के लिए विशेष प्रबंध करने की आवश्यकता रहेगी। संबंधित अधिकारी इसके लिए अभी से ही प्लानिंग कर लें।

**प्रतिनिधियों से लिया फीडबैक :** बैठक में विद्यार्थियों के प्रतिनिधियों से भी फीडबैक एवं सुझाव लिए गए। प्रधानाचार्य ने छात्रों के प्रतिनिधियों से कहा कि वे किसी भी तरह की समस्या आने पर तुरंत महाविद्यालय प्रशासन से संपर्क करें, ताकि उस समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक अनुपम ठाकुर, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. देसराज शर्मा, डीएसपी नितिन चौहान और कॉलेज के अधिकारी एवं चिकित्सक मौजूद थे।

## नीट 2025 में हिम अकादमी ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशंस के छात्रों ने लहराया परचम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी संस्थान के छात्रों ने नीट 2025 की प्रतियोगी परीक्षा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जैसा कि हम सभी जानते हैं की सफलता एक दिन में नहीं मिलती, पर ठान ली तो एक दिन जरूर मिलती है। इन पंक्तियों पर खरे उतरते हुए बुलंद हौसलों के साथ दिन-रात मेहनत कर संस्थान के 107 छात्रों ने नीट 2025 की परीक्षा को उत्तीर्ण कर अपना तथा अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है।

इनमें श्रेष्ठ उत्तीर्ण छात्रों की सूची में भुवी राणा, राजियाना जसवाल, इनाक्षी कौंडल, आकृति, अभय राजटा, अभिनन्दन, प्रेरणा ठाकुर, कुमकुम, श्रेया कौशल, कनिका, मैमुना, तमन्ना शर्मा, आयुषी, श्रुति लखनपाल, पलक चैधरी, अशमी मंहत, ऋषिका तथा दीया शर्मा हैं।

छात्रों की इस उपलब्धि पर हिम अकादमी संस्थान के चेयरमैन प्रोफेसर आरसी लखनपाल, निदेशक इंजीनियर पंकज लखनपाल, प्रधानाचार्य शशि वाला, उप प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार, कंचन लखनपाल, संजीव ठाकुर, भाग सिंह, मंजू कुमारी, राहुल, विकास, संतोष ठाकुर, आरती, शिवानी, सुजान, विनीता गुप्ता, आरती ठाकुर, पंकज ठाकुर तथा रोहित अग्निहोत्री ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों तथा उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को बहुत-बहुत बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## मोदी के 11 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**



विकसित भारत संकल्प सभा का डटवाल व बड़सर मंडल में भव्य आयोजन किया गया।

**बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत डटवाल मंडल की बल बिहाल पंचायत के कोट गांव तथा बड़सर मंडल की ब्लायह पंचायत के ऐतिहासिक हारमा मंदिर में 'विकसित भारत संकल्प सभा' का आयोजन भाजपा द्वारा भव्यता और गरिमा के साथ किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की विकासपरक उपलब्धियों को गांव-गांव, व्यक्ति-व्यक्ति तक पहुंचाना और जनता को केंद्र की योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भागीदार बनाना है। डटवाल मंडल की सभा में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष वंदना योगी ने बतौर मुख्य वक्ता भाग लिया। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश में महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी गई है।

वहीं, बड़सर मंडल की सभा में भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। इस अवसर पर डटवाल मंडल अध्यक्ष यशवीर पटियाल, महामंत्री रवि कानूनगो, बड़सर मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा, महामंत्री दिनेश शर्मा व अश्वनी बन्याल, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष व अन्य सैकड़ों उपस्थित थे।

### लखनपाल का तीखा संबोधन

इन दोनों संकल्प सभाओं में बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने अपने संबोधन में जहां प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना की, वहीं वर्तमान कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री पर जमकर प्रहार भी किया। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री सुक्खू हर मंच पर झूठ बोलते हैं। उन्होंने जब से मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली है, बड़सर विधानसभा क्षेत्र के साथ लगातार भेदभाव किया है।

## पेंशनरों को नहीं मिले वित्तीय लाभ : संघ

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**





बैठक में 80 वर्ष से ऊपर पेंशनर्स को सम्मानित किया गया।

**अपना इलाज करवाना भी हुआ मुश्किल**

हिमाचल पेंशनर्स संघ खंड इकाई सुजानपुर की बैठक में सरकार से सभी प्रकार के वित्तीय लाभ अविलंब अदा करने का मांग की गई है। प्रधान पृथ्वीराज शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में महंगाई भत्ते की किस्तों को जारी करने तथा जीसीसी का गठन करने की भी मांग की गई।

बैठक में कहा गया कि वित्तीय लाभों के नाम मिलने के कारण पेंशनर वर्ग कठिनाई में है तथा धन के अभाव होने के कारण उनका अपना व परिवार का इलाज करवा पाना कठिन हो गया है। इस अवसर पर खंड इकाई की ओर से 80 वर्ष से ऊपर उम्र के तीन सदस्यों पंडित वेद प्रकाश पाठक, कृष्ण कुमार अग्निहोत्री और सुलोचना सूद को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर देवेंद्र रांगड़ा, देवराज शर्मा, जैसी राम विमल, रमेश धीमान, मेहर सिंह, भुवनेश धीमान, प्रकाश चंद सहित कई पेंशनर मौजूद रहे।

## अपने भविष्य पर ध्यान केंद्रित करें छात्र : डॉ. डोगरा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बीड़ बगेहड़ा में स्वास्थ्य विभाग की टीम, मॉडल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जंगल बेरी के तहत डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा और उनकी टीम ने छात्रों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के संबंध में जानकारी प्रदान की। डॉ. डोगरा ने कहा कि छात्रों को नशीली दवाओं से दूर रहना चाहिए और अपने भविष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए तथा घर और समाज में नशीली दवाओं का सेवन करने वाले व्यक्तियों को नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना आवश्यक है।

## बिजली बोर्ड के कुछ अधिकारी प्रदेश सरकार को दे रहे गलत जानकारी : कुलदीप खरवाड़ा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम जिला हमीरपुर की कार्यकारिणी की बैठक फोरम के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं हमीरपुर के जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में बिजली बोर्ड प्रबंधन से समस्त कार्यकारिणी ने सन् 2022 के बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को उनकी लंबित पड़ी लीव-इनकैशमेंट व ग्रेच्युटी का भुगतान अतिशीघ्र करने की मांग की तथा बोर्ड प्रबंधन से सभी पेंशनर्स को उनकी बकाया राशि के संबंध में सूचित किया जाए कि उनको कितना भुगतान हुआ है और कितनी राशि शेष बची है। इस मौके पर प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने कहा की प्रदेश सरकार को कुछ अधिकारी गलत जानकारियां दे करके विद्युत बोर्ड लिमिटेड के 66 केवी व इसके ऊपर की क्षमता वाली लाइनों व उपकेंद्रों को हिमाचल प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन को हस्तांतरित करने का प्रस्ताव दे रहे हैं जो कि बिजली बोर्ड लिमिटेड को अस्थिर करने व उसके लगभग 30,000 पेंशनर्स की सामाजिक सुरक्षा को खतरे में डालने की साजिश है।

## अधिकारी राजनीतिक दबाव के चलते विधायक निधि के नहीं करवा रहे कार्य : आशीष

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



बरोहा में विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित।

विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर के भाजपा ग्रामीण मंडल ने मंगलवार को बरोहा में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया। इस संकल्प सभा में विधायक सदर हमीरपुर आशीष शर्मा ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की, जबकि सभा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जसवीर सिंह ने की। इस मौके पर विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार देश के विकास के लिए शानदार काम कर रही है। आज तक के इतिहास में ऐसी सरकार न आई है और न ही कभी आएगी।

हमीरपुर विधानसभा चुनाव क्षेत्र में ही प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और नाबार्ड के तहत सड़क निर्माण व विस्तारीकरण के कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ प्रदेश सरकार के पास डंगे लगाने तक का भी बजट नहीं मिलता है। अगर सांसद निधि या विधायक निधि से विकास कार्यों को बजट जारी किया जा रहा है तो उन कार्यों के निष्पादन के लिए ही दस दस महीने लग जा रहे हैं। पहले तो कोष से ही बिल क्लियर नहीं हो रहा है अगर यहां से करवा भी दें तो अधिकारी राजनीतिक दबाव में विधायक निधि के कार्य ही नहीं करवा रहे हैं। इस मौके पर मंडलाध्यक्ष जसवीर सिंह, प्यारे लाल शर्मा, प्रमोद पटियाल, वीना शर्मा, पुरुषोत्तम ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।

**शानदार** 6वीं जिला योगासन चैंपियनशिप में हिम अकादमी के छात्रों ने जीते 14 पदक

## यशोवर्धन ने 3 स्वर्ण पदक जीतकर किया असाधारण प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



पदक जीतने वाले विद्यार्थियों को स्कूल में सम्मानित किया गया।

जिला योगासन खेल संघ हमीरपुर द्वारा ठाकुर विला बडू में 6वीं जिला योगासन चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर से 12 होनहार विद्यार्थियों ने भाग लिया और विद्यालय को गौरवान्वित करते हुए कुल 14 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया।

इन पदकों में 9 स्वर्ण, 4 रजत एवं 1 कांस्य पदक शामिल हैं। इस उपलब्धि में एक और गौरवपूर्ण क्षण तब जुड़ा जब हैप्सवीएन के 7 स्वर्ण पदक विजेता राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए- यह विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। कक्षा 11 के यशोवर्धन अत्री ने तीन विभिन्न योगासन प्रतिस्पर्धाओं में तीन स्वर्ण पदक जीतकर असाधारण प्रदर्शन किया और 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग में सर्वश्रेष्ठ योगासन चैंपियन ट्रॉफी भी प्राप्त की। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों को उनकी लगन, अनुशासन और उत्कृष्ट योग प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई दी तथा योग प्रशिक्षक जिमी ठाकुर को इस शानदार उपलब्धि हेतु विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने और मंच के लिए तैयार करने हेतु विशेष रूप से सराहा।

यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए गर्व की बात है बल्कि योग एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विद्यार्थियों की उत्कृष्टता का परिचायक भी है।

स्वर्ण पदक विजेताओं में आदित्याशिष शौरी (कक्षा 8) ट्रेडिशनल योगासन, अंशुमन गुलेरिया (कक्षा 8) फ्रंट बेंडिंग, देवाशीष शौरी (कक्षा 10) हैंड बैलेंसिंग, अनिका गुप्ता (कक्षा 10) ट्विस्टिंग योगासन, सिया शर्मा (कक्षा 12) फॉरवर्ड बेंडिंग, इनाया अत्री (कक्षा 9) बैक बेंडिंग, यशोवर्धन अत्री (कक्षा 11) ट्रेडिशनल, फ्रंट बेंडिंग एवं ट्विस्टिंग योगासन (तीन स्वर्ण पदक) शामिल हैं।

रजत पदक विजेताओं में त्विषी (कक्षा 10) फॉरवर्ड बेंडिंग, गौरव ठाकुर (कक्षा 12) फॉरवर्ड बेंडिंग, देवांशी (कक्षा 9) फॉरवर्ड बेंडिंग, आराध्या (कक्षा 8) बैक बेंडिंग के अलावा कांस्य पदक दिशांत (कक्षा 6) बैक बेंडिंग में जीता है।

# बागवानों और किसानों की करोड़ों की सब्सिडी अटकी

## कई योजनाओं पर संकट, किसानों-बागवानों में निराशा, सोलर फेंसिंग और एंटी-हेल नेट सब्सिडी बंद

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के किसानों और बागवानों को मिलने वाली करोड़ों रुपये की सब्सिडी पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

विपक्षी दलों और किसान संगठनों का आरोप है कि प्रदेश सरकार ने पूर्व में चली आ रही कई महत्वपूर्ण सब्सिडी योजनाओं को बंद कर दिया है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है और वे अपनी फसलों को प्राकृतिक आपदाओं व जंगली जानवरों से बचाने में असमर्थ महसूस कर रहे हैं।

जानकारी मिली है कि पिछली भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई सोलर फेंसिंग पर 70 फीसदी सब्सिडी योजना को बंद कर दिया गया है। यह योजना किसानों को जंगली जानवरों से अपनी फसलों की रक्षा करने में मदद करती थी। इस योजना के हजारों आवेदन रद्द कर दिए गए हैं, जिससे छोटे और मझोले किसान मायूस हैं।

**फसलों को प्राकृतिक आपदाओं व जंगली जानवरों से बचाने में असमर्थ हो रहे किसान**



इसी तरह, मुख्यमंत्री कृषि उत्पादन संरक्षण योजना के तहत एंटी-हेल नेट पर मिलने वाली 80 फीसदी सब्सिडी को भी बंद करने का आरोप लगाया है।

यह योजना ओलावृष्टि से फसलों को होने वाले नुकसान से बचाने में सहायक थी, और इसके बंद होने से बागवानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। किसानों और बागवानों का यह भी कहना है कि जालियों (नॉर्मल फेंसिंग नेट) पर मिलने वाली सब्सिडी भी पूरी तरह से बंद कर दी गई है, जिससे खेतों की सुरक्षा और भी महंगी हो गई है।

### ग्रेडिंग-पैकिंग मशीनों की सब्सिडी खत्म

इसके अलावा, फलों और सब्जियों की कटाई के बाद उनके सही रखरखाव और बाजार तक पहुंचाने में सहायक होने वाली ग्रेडिंग और पैकिंग मशीनों पर भी सब्सिडी पूरी तरह से समाप्त कर दी गई है। यह कदम बागवानों के लिए दोहरा झटका है, क्योंकि इससे उनकी उत्पादन लागत बढ़ गई है और बाजार में प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो रहा है।

### सब्सिडी बंद करने का मुद्दा बना जटिल

कुल मिलाकर, हिमाचल प्रदेश में किसानों और बागवानों को मिलने वाली सब्सिडी एक जटिल मुद्दा बन गया है। जहाँ विपक्षी दल महत्वपूर्ण योजनाओं को बंद करने का आरोप लगा रहे हैं, वहीं सरकार कुछ अन्य क्षेत्रों में सहायता जारी रखे हुए है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का दावा कर रही है।

## कांग्रेस सरकार कर रही प्रशासनिक दमन : कश्यप

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद सुरेश कश्यप ने सिरमौर जिले के पांवटा साहिब के माजरा गांव में एक अपहरण के विरोध में शांतिपूर्ण धरना दे रहे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, विधायक सुखराम चौधरी सहित 50 लोगों पर धारा 163 के तहत मामला दर्ज करने की कड़ी निंदा की है।



उन्होंने इसे कांग्रेस सरकार के इशारे पर प्रशासन द्वारा लिया गया एक अत्यंत निंदनीय कदम बताया। यह घटना कांग्रेस सरकार के दौरान बढ़ते गुंडाराज और प्रशासनिक दमन का स्पष्ट प्रमाण है।

## राज्यपाल ने छेड़ा नशा विरोधी अभियान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नशे के खिलाफ अपने व्यापक जन-जागरूकता अभियान को दुर्गम शिमला जिले के डोडरा-क्वार क्षेत्र तक पहुंचाया। राज्यपाल ने नशे के खिलाफ गंभीरता, संवेदनशीलता और जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया, और कहा कि यह अभियान अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है। राज्यपाल सड़क मार्ग से डोडरा-क्वार पहुंचे और रास्ते में कई लोगों से मुलाकात की।

स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया और डोडरा में उनके सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। उन्होंने मोटे अनाज का सेवन किया और इसके लिए बाजार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



### नशे के सौदागरों पर प्रहार

**राज्यपाल** ने क्वार में दूर-दराज के क्षेत्रों से आए लोगों से संवाद किया। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि नशे के सौदागर भोले-भाले ग्रामीण लोगों को निशाना बना रहे हैं और पारंपरिक नशे की जगह सिंथेटिक नशा उपलब्ध करा रहे हैं। नशा सौदागर हिमाचल की पवित्रता को खत्म करना चाहते हैं।

### रैली को हरी झंडी

**राज्यपाल** ने स्थानीय स्कूल के विद्यार्थियों की नशे के खिलाफ रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने राज्यपाल का स्वागत किया और उनके संकल्प के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। पहली बार क्षेत्र में भी किसी राज्यपाल ने नशा-विरोधी संदेश देने के लिए दौरा किया है।

## 83 वर्षीय मां को मिली बीएसएफ जवान की पेंशन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में भारत संघ को एक मृतक बीएसएफ जवान की 83 वर्षीय मां को पारिवारिक पेंशन देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने दशकों पुराने उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें पेंशन से इनकार किया गया था।

न्यायमूर्ति संदीप शर्मा की पीठ ने कहा कि यदि मृतक की विधवा पुनर्विवाह करती है, तो आश्रित माता-पिता पारिवारिक पेंशन के हकदार होते हैं। न्यायालय ने याचिका दायर करने में हुई देरी की सरकार की आपत्ति को भी खारिज कर दिया। यह फैसला शंकरी देवी द्वारा दायर याचिका पर आया है, जिन्हें 1999 के एक आदेश के बाद पेंशन से वंचित कर दिया गया था, जब उनकी बहू ने 1990 में दोबारा शादी कर ली थी। शंकरी देवी के बेटे, लेख राम, 1985 में शहीद हो गए थे। उच्च न्यायालय ने बीएसएफ के 1999 के अस्वीकृति आदेश को रद्द करते हुए भारत संघ को छह सप्ताह के भीतर शंकरी देवी के पेंशन दावे पर विचार करने का निर्देश दिया। उन्हें तीन साल की पिछली पेंशन भी मिलेगी।

## बैंक खाते एनपीए होने से ठेकेदारों की वित्तीय स्थिति हो रही खराब

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

मंडी। प्रदेश के वित्त विभाग द्वारा राजकीय कोष पर जबरन नियंत्रण स्थापित कर, पूर्व स्वीकृत एवं अनुमोदित बजट की राशि पर भी रोक लगा दी गई है। कॉन्ट्रैक्टर वेलफेयर एसो. हिमाचल प्रदेश के प्रधान केशव नायक ने कहा कि विभाग ने अपने विशेषाधिकार का अतिक्रमण करते हुए कोषागार की नियमित प्रक्रिया को बाधित किया है, जिससे ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं और विभागीय अधिकारियों के समक्ष भुगतान का संकट गहरा गया है।



यह स्थिति न केवल राजकोषीय अनुशासन का उल्लंघन है, बल्कि संविधान द्वारा स्थापित राजकीय कोष की स्वायत्तता के भी प्रतिकूल है। सरकारी ट्रेजरी की प्रक्रिया के तहत, जब कोई राशि विधानसभा द्वारा बजट में स्वीकृत हो जाती है, तो वित्त विभाग का कार्य केवल उसकी समयबद्ध रिलीज सुनिश्चित करना होता है न कि उस पर अनधिकृत रोक लगाना।

### नियंत्रण व्यवस्था की अवमानना

**कॉन्ट्रैक्टर** वेलफेयर एसो. हिमाचल प्रदेश के प्रधान केशव नायक ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में करोड़ों की राशि ट्रेजरी में होने के बावजूद रोकी गई। कोष नियंत्रकों को मौखिक निर्देश देकर भुगतान न करने को कहा गया है। विभागीय बिल समय से प्रस्तुत किए गए, पर उन्हें पारित नहीं किया जा रहा है। कई परियोजनाओं का भुगतान न होने से बैंक खाते एनपीए बन रहे हैं। सरकार का वित्त विभाग अब कार्यपालक अधिकारी नहीं, नियंत्रक बन बैठा है। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की अवमानना है।

### रोक नहीं हटी तो होगा घेराव

**ठेकेदारों** ने कहा कि क्या सरकार की वित्तीय स्थिति इतनी दयनीय हो चुकी है कि अनुमोदित बजट और कोष को अवैध रूप से नियंत्रित करना पड़ रहा है? प्रदेशभर के ठेकेदार संघों, व्यावसायिक मंडलों और आपूर्तिकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि रोक को तुरंत नहीं हटाया गया और बकाया भुगतान नहीं किया गया, तो मुख्य सचिव कार्यालय का घेराव करेंगे।

## चिंतपूर्णी माता के गर्भगृह में उलझे पुजारी और सुरक्षा कर्मी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** माता चिंतपूर्णी मंदिर में बीते रोज एक अत्यंत निंदनीय घटना सामने आई। किसी बात को लेकर सुरक्षा कर्मी और पुजारी में टकराव हो गया और हाथापाई तक हो गई। माता के दरबार में ऐसी हरकत ने लाखों श्रद्धालुओं की भावना को झकझोर कर रख दिया है। मंदिर के गर्भगृह, जिसे देवी का सर्वाधिक पवित्र स्थल माना जाता है के भीतर पुजारी और मंदिर में तैनात सुरक्षाकर्मी के बीच हाथापाई हो गई।

जानकारी के अनुसार गर्भगृह के भीतर प्रवेश और व्यवस्था को लेकर पुजारी और सुरक्षा कर्मी के बीच बहस छिड़ गई। दोनों पक्षों में कहासुनी इस कदर बढ़ गई कि उन्होंने एक-दूसरे को धक्का देना शुरू कर दिया और बात हाथापाई तक पहुंच गई। इसी हाथापाई के बीच सुरक्षा कर्मी के धक्के से पुजारी माता श्री चिंतपूर्णी की पावन पिंडी के ऊपर लगे छत्र से जा टकराया।

इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेते हुए मंदिर न्यास के आयुक्त एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने एसडीएम अंब को जांच के निर्देश दिए हैं।

**सख्ती** | बिलासपुर में विधिक माप विज्ञान विभाग ने चार नामी कार शोरूमों पर की छापामारी

# शोरूम में मशीनों पर नहीं विभाग की मुहर

शुभम राही, अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** कार खरीदारों की जेब पर सीधे असर डालने वाले एक गंभीर मुद्दे पर विधिक माप विज्ञान विभाग बिलासपुर ने कड़ा रुख अपनाया है। विभाग ने जिले में स्थित चार प्रतिष्ठित कार शोरूमों पर अचानक छापामारी की और इस दौरान एक बड़ा खुलासा हुआ।

विभाग को छापामारी के दौरान यह जानकारी मिली कि इन शोरूमों में इस्तेमाल की जा रही वेट मशीनें, कैपेसिटी मेजर डिवाइसेज और वजन मापन की अन्य मशीनें वैधानिक मानकों के अनुरूप नहीं थीं। जांच में पाया गया कि यह मशीनें न केवल तकनीकी रूप से विभाग की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरीं, बल्कि इन पर विधिक माप विज्ञान विभाग की आवश्यक वैधता मुहर (स्टैम्पिंग) भी मौजूद नहीं थी, जो हर व्यावसायिक मापन यंत्र के लिए अनिवार्य होती है।

**बिना सत्यापन के मापन से गाड़ियों के सामान में हो सकती है हेराफेरी**

**संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर लगेगा जुर्माना और हो सकती है कार्रवाई**

### धोखाधड़ी के कई मामले आ सकते हैं सामने

**विधिक** माप विज्ञान विभाग का कार्य व्यापारिक मापन यंत्रों की जांच करना, उन्हें वैध प्रमाणपत्र देना और उपभोक्ता हितों की रक्षा करना है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि उपभोक्ता को सही मात्रा और वजन मिले और व्यापार में पारदर्शिता बनी रहे। वहीं, इस घटनाक्रम के बाद अन्य राज्यों में भी ऐसे शोरूमों की जांच की संभावनाएं बढ़ गई हैं। यह एक बड़े व्यापारिक नैतिकता और उपभोक्ता विश्वास के प्रश्न को जन्म देता है, अगर इसी तरह बिना प्रमाणन के मशीनों का इस्तेमाल जारी रहा, तो उपभोक्ताओं के साथ आर्थिक धोखाधड़ी के कई मामले सामने आ सकते हैं। अब देखना होगा कि संबंधित शोरूम विभाग को क्या जवाब देते हैं और क्या यह कार्रवाई अन्य जिलों में भी दोहराई जाती है।

> हमने जिन शोरूमों का निरीक्षण किया है, वहां मशीनों की वैधता संदिग्ध पाई गई है। विभाग की स्टैम्पिंग का न होना गंभीर लापरवाही है। यदि निर्धारित समय में जवाब नहीं मिला, तो इन पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा और मशीनों की जब्ती की कार्रवाई भी हो सकती है।
>
> -प्रवीण सिउटा, सहायक नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग बिलासपुर।



अनंत ज्ञान खास खबर

### अधिकारों का उल्लंघन

यह मामला उपभोक्ता अधिकारों के घोर उल्लंघन की ओर इशारा करता है, क्योंकि बिना प्रमाणित मशीनों से वजन और क्षमता की जांच करना पूरी प्रक्रिया को संदेह के घेरे में ला देता है। कार डिलीवरी के समय ग्राहकों को जो पेट्रोल या डीजल की मात्रा दी जाती है, टूल किट या अन्य उपकरणों का वजन बताया जाता है, उसमें भी संभावित हेराफेरी हो सकती है। वहीं, विभाग ने तत्काल प्रभाव से चार बड़े शोरूमों को नोटिस जारी कर उनसे जवाब तलब किया है। विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ तो आर्थिक दंड लगाया जाएगा और संभवतः कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

सीरीज-7 | अनंत ज्ञान ग्राउंड रिपोर्ट

*हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले का लिंडूर गांव भी उत्तराखंड के जोशीमठ जैसी स्थिति का सामना कर रहा है। यहां लगातार पहाड़ दरक रहे हैं और जमीन धंसने से घरों में बड़ी दरारें पड़ गई हैं। इससे गांव के 14 परिवारों की जान जोखिम में है। लोग डरे-सहमे हुए हैं और हर पल खतरे के साये में जी रहे हैं। बावजूद इसके, सरकार और प्रशासन अब तक इन्हें सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित नहीं कर पाया है। ग्रामीण मदद की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन राहत कार्य ठप हैं। पेश है ग्राउंड रिपोर्ट-*

पांच साल से धंस रही पहाड़ी, जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने कूहलों का रिसाव बताई थी वजह

# दरकता पहाड़, दरार और खतरे में लिंडूर गांव

## भयभीत ग्रामीणों की अपील
## आश्वासन नहीं, समाधान करे सरकार




ग्राउंड रिपोर्ट
कमलेश वर्मा
केलांग

**दरकता पहाड़** दरार और खतरे में गांव। जी हां, बात हो रही है हिमाचल प्रदेश के शीत मरुस्थल जनजातीय जिला लाहुल-स्पीति के लिंडूर गांव की। पिछले पांच साल से गांव के ऊपर, सामने की पहाड़ी और नीचे का हिस्सा लगातार धंस रहा है। आलम यह है कि यह गांव दूसरा जोशीमठ बन रहा है। लिंडूर गांव में धंसाव के कारण जमीन के साथ-साथ लोगों के घरों में भी दरारे आ गई हैं और खतरा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। 10,800 फुट की ऊंचाई पर बसे इस गांव में पिछले साल जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जीएसआई) और आईआईटी मंडी की टीम ने स्टडी भी की थी। जीएसआई ने रिपोर्ट सरकार और प्रशासन को सौंपी थी, जिसमें कहा गया था कि इस गांव को तुरंत रीलोकेट करने की जरूरत है, क्योंकि गांव के ठीक ऊपर पांच कूहलों में रिसाव होने से गांव में दरारें आ रही हैं।



*लाहौल-स्पीति के लिंडूर गांव का दृश्य।*



*इस तरह आ रही हैं घरों की दीवारों में दरारें।*

### दहशत में कट रही ग्रामीणों की रातें

**लिंडूर** गांव जो प्राकृतिक आपदा की चपेट में आ रहा है। इस साल उसमें अब और अधिक जमीन, खेत-खलिहान लगातार धंस रहे हैं। घरों में गहरी दरारें आ चुकी हैं। लगातार होते भूस्खलन के कारण धंसते लिंडूर गांव में लोगों की रातें दहशत में कट रही हैं। 14 परिवारों वाला लाहौल घाटी का लिंडूर गांव साल दर साल धीरे-धीरे धंसता जा रहा है। ग्रामीण दिन तो किसी तरह काट रहे हैं, लेकिन रातें दहशत में बीत रही हैं। भूस्खलन का खतरा अब तक टला नहीं है, जिससे स्थानीय लोगों में डर बना हुआ है।

### 500 बीघा भूमि पर मंडरा रहा संकट

**गांव** की 100 बीघा जमीन धंस चुकी है, जबकि 500 बीघा जमीन पर संकट मंडरा रहा है। आजकल फिर से गांव के साथ लगते खेत धंसने लगे हैं। इससे न केवल लाहौल-स्पीति के लोगों की, बल्कि पूरे प्रदेश के लोगों की चिंताएं बढ़ी हैं।

### गांव को जल्द ही शिफ्ट करना अनिवार्य

**एनडीआरएफ** की टीम भी अभी हाल ही में गांव का निरीक्षण कर चुकी है और एक फिर एनडीआरएफ के विशेषज्ञों की टीम गांव का दौरा करने वाली है। इससे पहले आईआईटी मंडी और भूगर्भीय अध्ययन की रिपोर्टों के आधार पर ग्रामीणों को शिफ्ट करना अनिवार्य होगा।

### नहीं किया गया समाधान

**जिला** प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है, मगर राहत और पुनर्वास को लेकर जमीनी काम अब तक अधूरा है। प्रशासन सरकार से बातचीत कर समस्या का समाधान ढूंढने में जुटा हुआ है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो सका हैं।

### ग्रामीणों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है सरकार : अनुराधा

**लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि लिंडूर गांव को धंसने से बचाने के लिए सरकार की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। गांव के ऊपर की पहाड़ी के साथ ही नीचे से भी धंसाव हो रहा है। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के अलावा एनडीआरएफ की टीम की रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीणों को यहां से स्थानांतरित करने की जरूरत है। रिहैबिलिटेशन के अलावा अब कोई समाधान नहीं दिख रहा जिसको लेकर प्रक्रिया चल रही है। साथ ही आपातकालीन स्थिति में ग्रामीणों के अन्य स्थान पर ठहरने की भी व्यवस्था की गई है। सरकार की ओर से जिन जिन घरों को अधिक नुकसान हुआ है उन्हें 7 लाख जबकि उससे कम नुकसान वालों को भी नियमानुसार राहत राशि भी प्रदान की गई है। इस गांव के लोगों की समस्या मेरी समस्या है। सरकार प्रदेश सहित लाहुल स्पीति जिला के लोगों की हर समस्या के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है।**



### जिला प्रशासन बनाए हुए है निगरानी सरकार को भेज दी है रिपोर्ट : डीसी

**लाहौल-स्पीति जिले की उपायुक्त किरण भड़ाना ने कहा कि धंस रहे लिंडूर गांव की स्थिति पर जिला प्रशासन लगातार निगरानी बनाए हुए है। जिला प्रशासन की ओर से गांव को स्थानांतरित करने और लोगों के पुनर्वास को लेकर रिपोर्ट सरकार को भेज दी है। सरकार के आदेश के बाद अगली प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा।**



### कर्नल प्रेम चंद ने गांव को दिलाई पहचान

**लिंडूर गांव हीरो ऑफ कंचनजंगा, स्नो टाइगर के नाम से प्रसिद्ध रहे हिमालयन आउटडोर एडवेंचर अकादमी के संस्थापक दिवंगत कर्नल प्रेम चंद का गांव है। कर्नल प्रेम चंद ने देशभर में इस गांव को अलग पहचान दिलाई है, लेकिन आज उनका यह गांव अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है।**

> लिंडूर गांव की हालत बेहद खराब है। भूमि लगातार धंस रही है। धंसाव गांव के ऊपर की पहाड़ी पर अधिक है जो कि धीरे-धीरे नीचे धंस रहा है। विधायक के अलावा प्रशासन भी यहां पहुंचा, लेकिन आश्वासन ही मिला है। जो भी आता है आश्वासन ही देकर जाता है, हमें आश्वासन नहीं चाहिए। अगर कोई समाधान नहीं है तो हमारे विस्थापन के लिए कार्य किया जाए। सरकार से यही मांग है कि हमारी शिफ्टिंग के प्रबंध किए जाएं। हालांकि, गांव को छोड़ना तो नहीं चाहते, लेकिन इसके अलावा कोई समाधान नहीं है तो मजबूरन इस जगह को छोड़ना ही पड़ेगा।
>
> -कमलेश, प्रधान महिला मंडल, लिंडूर गांव।



> नाले में बाढ़ की रोकथाम के लिए काम किया जाए। भू-स्खलन के बाद जो मलबा जमा हो रहा है, वह हर बार बाढ़ में बह जाता है। नाला और गहरा होता जा रहा है। यदि यह रोकथाम संभव नहीं है तो कम से कम हमें यहां से शिफ्ट करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।
>
> -सावित्री, लिंडूर



> डर के कारण रातभर नींद नहीं आ रही। प्रशासन और सरकार की ओर से टीमें यहां आती हैं, लेकिन धरातल पर कोई कार्य होता नहीं दिख रहा। गांव को छोड़ने के लिए कह रहे, लेकिन बहुत मुश्किल होगा अपने गांव को छोड़ना। सरकार से आग्रह है कि जल्द कुछ समाधान निकाले।
>
> -पालमो, लिंडूर



> सरकार और प्रशासन की ओर से अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं, न तो बाढ़ रोकथाम के कार्य शुरू हुआ है और न ही शिफ्टिंग को लेकर कोई ठोस कदम उठाया गया है। अधिकारी टीमें निरीक्षण करके वापस चले जाते हैं, लेकिन अभी कोई समाधान या हमारे विस्थापन को लेकर कोई बात नहीं हो रही।
>
> - छेतन डोलमा, लिंडूर




> मुश्किल बहुत है, मजबूरी से बैठना पड़ रहा है। जमीन धंस रही है। घर में दरार पड़ गई, खेत चले गए, जमीन नहीं बची। कहां जाएंगे, किसने घर देना। डर लगता है पर मजबूरी से यहीं रहना पड़ रहा है। अपने घरों को छोड़ने का मन तो नहीं है, लेकिन जाना तो पड़ेगा। सरकार से अपील है जल्द कुछ किया जाए।
>
> -पालमो, लिंडूर



> दिन-रात हर समय जान जाने का खतरा सताता रहता है। गांव के ऊपर व नीचे की भूमि लगातार धंस रही है। खासकर बारिश व बर्फबारी के दौरान खतरा और बढ़ जाता है। सरकार और प्रशासन इस गंभीर मामले पर कोई उचित कदम उठाए और अगर यह गांव सुरक्षित नहीं है तो हमारे विस्थापन को लेकर कोई प्रबंध किया जाए।
>
> -छेतन, लिंडूर





# टांडा में लिफाफे खत्म, हाथों में थमाई जा रही रिपोर्टें

## रेडियोलॉजी विभाग में किए जाते एमआरआई व सिटी स्कैन व एक्स-रे टेस्ट, अस्पताल की व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

**रोगी के पूछने पर कहा जाता स्टेशनरी खत्म है**

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**टांडा (कांगड़ा)।** डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में टेस्ट के बाद रिपोर्टों को फिल्मों (लिफाफे) में दिया जाता था, लेकिन आजकल लिफाफे खत्म होने से अब हाथों में ही थमाया जा रहा है। रेडियोलॉजी विभाग में रोगियों के महत्वपूर्ण टेस्ट एमआरआई, सिटी स्कैन व एक्स-रे किए जाते हैं, लेकिन रिपोर्ट को अब सीधे मरीजों के हाथों में ही थमाया जा रहा है।

बता दें कि रिपोर्ट के साथ जो फिल्में दी जाती हैं, उनके साइज काफी बड़े होते हैं। इन फिल्मों के लिए टांडा अस्पताल प्रशासन की ओर से एक बड़े साइज के मोटे कागज के लिफाफे छपवाए जाते हैं, जिन पर डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा रेडियोलॉजी डायग्नोस्टिक लिखा होता है। मरीज का नाम, उम्र, मरीज किस वार्ड में है व किस ओपीडी से संबंधित है, उसका सीरियल नंबर व पता लिखकर दिया जाता था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, टांडा में पिछले काफी समय से स्टेशनरी खत्म है, जिसके चलते मरीज को रेडियोलॉजी विभाग में होने वाले टेस्टों की रिपोर्ट हाथों में थमाई जा रही है। जब कोई रोगी रिपोर्ट को लिफाफे में डालकर देने के बारे में पूछता है तो उसे यह कहा जाता है स्टेशनरी खत्म है। उन्हें ऐसे ही ले जानी पड़ेगी। ऐसे में मरीज को टांडा अस्पताल की लचर व्यवस्था के चलते मजबूरन हाथों में रिपोर्ट ले



टांडा मेडिकल कॉलेज में बिना लिफाफे के सौंपी गई रिपोर्ट।

### हाथ में फिल्म ले जाने से पड़ सकती दरारें डॉक्टर को रिपोर्ट देखने में होती कठिनाई



पहले इस लिफाफे में दी जाती थी रिपोर्ट।

सबसे बड़ी समस्या यह है कि रिपोर्ट के साथ इतनी बड़ी फिल्में हाथों में ले जाना मरीजों को मुश्किल हो रहा है, क्योंकि फिल्मों को अगर फोल्ड कर ले जाया जाता है तो उसमें दरारें पड़ जाती हैं। इस कारण डॉक्टर को रिपोर्ट देखने में काफी कठिनाई होती है। अनंत ज्ञान ने जब टांडा में रेडियोलॉजी विभाग का दौरा किया तो वहां पर एक रोगी, जिसने एक सप्ताह पूर्व एमआरआई करवाई थी, उसकी रिपोर्ट लेने आया था। उसने बताया कि उन्हें रिपोर्ट हाथों में सौंप दी गई, जब रिपोर्ट के लिए लिफाफा मांगा तो कहा गया कि स्टेशनरी खत्म है। इसे ऐसे ही ले जाना पड़ेगा। टांडा अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विवेक बनयाल ने कहा कि अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से यह मामला ध्यान में आया है। इस बारे में पता किया जाएगा।

# माता-पिता की डांट पर नाबालिग युवती ने छोड़ा घर, टांडा से बरामद

**शालनी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**रक्कड़ पुलिस ने 24 घंटे में परिजनों के किया हवाले**

**रक्कड़।** रक्कड़ थाना क्षेत्र की एक पंचायत में एक नाबालिग युवती माता-पिता की डांट से आहत होकर अचानक घर से लापता हो गई। इस घटना के बाद परिजनों की सूचना पर पुलिस हरकत में आई। रक्कड़ पुलिस ने 24 घंटे के भीतर युवती को टांडा से बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार, किसी घरेलू विषय को लेकर युवती को माता-पिता ने डांटा था, जिससे आहत होकर वह घर से बिना बताए निकल गई।

परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। ऐसे में परिजन रक्कड़ थाना पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवती के मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की, जो टांडा क्षेत्र में पाई गई। इसके बाद एएसआई इल्मदीन के नेतृत्व में पुलिस दल और परिजन टांडा पहुंचे, जहां लड़की को सकुशल बरामद कर लिया गया। जिला देहरा एसपी मंयक चौधरी ने बताया कि लड़की को समझाने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। परिवार को भी नाबालिग बच्चों के साथ व्यवहार में संयम और संवाद बनाए रखने की सलाह दी गई है।

पुलिस की तत्परता और तकनीकी मदद से यह मामला तो सुलझ गया, लेकिन यह घटना हर अभिभावक के लिए चेतावनी है कि बच्चों से संवाद बनाए रखना सिर्फ जिम्मेदारी नहीं, एक आवश्यकता है।

# महाकाल मंदिर के जलकुंडों की स्वच्छता का विशेष ध्यान : संकल्प

## उपमंडलाधिकारी बैजनाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**बोले- मंदिर क्षेत्र की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रशासन और न्यास मिलकर निरंतर प्रयासरत**

**महाकाल** मंदिर कार्यालय में मंलगवार को उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम की अध्यक्षता में मंदिर न्यास सदस्यों की बैठक हुई। मंदिर न्यास के सदस्यों ने मंदिर में व्याप्त विभिन्न खामियों, अधूरी व्यवस्थाओं तथा आवश्यक सुधारों से उपमंडलाधिकारी को अवगत करवाया।

उपमंडलाधिकारी ने संबंधित विभागों को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंदिर क्षेत्र की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रशासन और न्यास मिलकर निरंतर प्रयासरत हैं। मंदिर परिसर की साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण, और रंगरोगन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। मंदिर के जलकुंडों की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। संकल्प गौतम ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को मंदिर परिसर में उचित पेयजल व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। बैठक में आगामी भाद्रपद शनिवार को आयोजित होने वाले मेलों की तैयारियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि भाद्रपद मेलों की व्यवस्था बेहतर तरीके से की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सुरक्षा, सफाई, जल व्यवस्था एवं यातायात नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

### महाकाल मंदिर के सौंदर्यीकरण पर चर्चा

**बैठक** में महाकाल मंदिर के सौंदर्यीकरण को लेकर चर्चा की गई। मंदिर परिसर की खाली दीवारों पर वर्टिकल फॉर्मिंग के माध्यम से सौंदर्यीकरण किया जाएगा तथा एक फूल वाटिका का भी निर्माण किया जाएगा, जिससे मंदिर की भव्यता और श्रद्धालुओं का अनुभव और भी बेहतर हो सके। बैठक की कार्यवाही का संचालन तहसीलदार बैजनाथ रमन ठाकुर ने की। इस अवसर पर नायब तहसीलदार बैजनाथ गुरमुख सिंह, अधिशाषी अभियंता जलशक्ति विभाग राहुल धीमान, रेंज वन अधिकारी दीपक सहित न्यास के सदस्य उपस्थित रहे।

# महिला ने चचेरे भाई पर लगाया छेड़खानी करने का आरोप

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**पीड़िता को देहरा कोर्ट में किया पेश**

**रक्कड़ पुलिस ने शुरू की आरोपी की तलाश**

**गरली।** रक्कड़ थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपने चचेरे भाई पर छेड़खानी और जबरदस्ती की कोशिश करने का आरोप लगाया है। महिला अपने वैवाहिक जीवन में अस्थिरता के चलते मायके में रह रही थी, जहां परिजनों की मौजूदगी में उसे मानसिक संबल मिलना चाहिए था, लेकिन भरोसे के इसी माहौल में रिश्तेदारी की आड़ में उत्पीड़न की यह घटना घट गई। महिला ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर अपनी चुप्पी तोड़ी और साहसिक कदम उठाया।

रक्कड़ पुलिस ने पीड़िता को थाने बुलाकर देहरा कोर्ट में पेश किया गया, जबकि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जिला देहरा एसपी मंयक चौधरी ने बताया कि महिला के बयान दर्ज हो चुके हैं और आरोपी को जल्द ही हिरासत में लिया जाएगा।

# धोखाधड़ी करने वालों को मिले कठोर दंड : नैंसी अटल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के दौरान सामने आए ठगी के संगठित गिरोह का कड़ा विरोध करते हुए इस घटना की कड़ी निंदा की है। परीक्षा के दौरान पालमपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति पैसों के बदले उम्मीदवारों को परीक्षा पास करवाने का झांसा दे रहे हैं। तत्परता दिखाते हुए कांगड़ा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो पहले भी पेपर लीक मामलों में संलिप्त रह चुके हैं।



प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने कहा कि यह घटना प्रदेश की निष्पक्ष चयन प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है और युवाओं के भविष्य के साथ घोर अन्याय है। ऐसी घटनाएं न केवल योग्य और परिश्रमी अभ्यर्थियों की मेहनत का अपमान हैं, बल्कि युवाओं के मन में चयन प्रक्रिया के प्रति अविश्वास भी उत्पन्न करती हैं। बार-बार सामने आ रहे पेपर लीक और धोखाधड़ी के मामले यह दर्शाते हैं कि भर्ती परीक्षाओं में भ्रष्ट तत्व सक्रिय हैं, जिन्हें राजनीतिक या तंत्रगत संरक्षण प्राप्त हो सकता है। अभाविप प्रदेश सरकार से मांग करती है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए और दोषियों को कठोर सजा दी जाए। साथ ही, लोक सेवा आयोग को अपनी चयन प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता, तकनीकी निगरानी और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

### शहीद स्मारक की गरिमा के साथ खिलवाड़ सहन नहीं : जितेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला स्थित शहीद स्मारक के समीप ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन बनाए जाने की योजना का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विरोध किया है। विद्यार्थी परिषद कांगड़ा विभाग के विभाग संयोजक जितेंद्र सिंह ने कहा शहीदों की भूमि पर तकनीक नहीं, तपस्या बोलनी चाहिए। जहां माताएं बेटे खोकर श्रद्धांजलि देने आती हैं। वहां मशीनों का नहीं, मौन और नमन का स्थान है। यह केवल ईंट-पत्थर की बात नहीं, बल्कि जनआस्था और राष्ट्रगौरव का विषय है। विद्यार्थी परिषद ने मांग की कि चार्जिंग स्टेशन की योजना को शहीद स्मारक के पास बनने से तुरंत रोका जाए और किसी वैकल्पिक स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। शहीद स्मारक की गरिमा को संरक्षित रखने के लिए स्थायी निर्णय लिए जाएं।

### आईटीआई लगवलियाना में रोजगार मेला 20 को

**अनंत ज्ञान, गरली।** हिमालयन आईटीआई लगवलियाना में 20 जून को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। एमएस गोदरेज (मोहाली), यूएनओ मिंडा और मदरसन सोको कंपनी (गुजरात) युवाओं को रोजगार प्रदान करेगी। प्रधानाचार्य आनंद कुमार ने बताया कि एमएस. गोदरेज कंपनी 15,377 प्रतिमाह वेतन पर 300 छात्रों की भर्ती करेगी। यूएनओ मिंडा 15,458 पर 200 छात्रों को नौकरी देगी। मदरसन सोको गुजरात कंपनी 26,944 प्रतिमाह पर 300 छात्रों को नियुक्त करेगी। रोजगार मेले में 18 से 35 वर्ष की आयु वाले युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं। जिन युवाओं ने दसवीं कक्षा में 40 फीसदी अंक और 50 फीसदी अंकों के साथ आईटीआई उत्तीर्ण की हो, वे भाग ले सकते हैं। सभी ट्रेड के छात्र इस रोजगार मेले में हिस्सा ले सकते हैं। उम्मीदवारों को अपने साथ सभी प्रमाण पत्र लाने होंगे।

## अनंत प्राइड से बढ़ेगा पुलिस कर्मचारियों का मनोबल : अजय

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



नूरपुर के पूर्व विधायक अजय महाजन ने अनंत ज्ञान समूह को बधाई देते हुए खास बातचीत में कहा कि इस समाचार पत्र ने अनंत पुलिस प्राइड समारोह आयोजित कर पुलिस कर्मचारियों के सम्मान में एक सराहनीय पहल की है। यह कार्यक्रम समाज में पुलिस के योगदान को उजागर करता है और उनकी मेहनत को मान्यता देता है।

उन्होंने कहा कि पुलिस जिला नूरपुर की टीम, एसपी अशोक रत्न के नेतृत्व में विशेष रूप से चिट्टा तस्करों के खिलाफ सख्ती से अभियान चला रही है, जो एक साहसिक और प्रशंसनीय प्रयास है। अनंत ज्ञान के इस सम्मान से न केवल पुलिस कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि समाज में पुलिस के प्रति सकारात्मक सोच भी विकसित होगी। अजय महाजन ने कहा कि समाज में शांति और सुरक्षा बनाए रखने में पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। आम नागरिकों की यह अपेक्षा होती है कि वह रात को निश्चिंत होकर सो सकें और यह भरोसा पुलिस के कारण ही संभव हो पाता है।

उन्होंने यह भी कहा कि नशे के बढ़ते प्रचलन पर अंकुश लगाने के साथ-साथ अपराध दर में कमी लाने में पुलिस का योगदान सराहनीय है और ऐसे प्रयासों को सामाजिक मंचों पर पहचान मिलनी चाहिए।

## अनंत पुलिस प्राइड का आयोजन प्रेरणादायक पहल : कर्ण पठानिया

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान**



**नूरपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक के निदेशक कर्ण पठानिया (मालटू) ने अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में कहा कि अनंत पुलिस प्राइड समारोह का आयोजन एक प्रशंसनीय और प्रेरणादायक पहल है। ऐसे आयोजनों से न केवल समाज में जागरूकता आती है, बल्कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को भी नया उत्साह और प्रेरणा मिलती है। उन्होंने अनंत ज्ञान प्रबंधन को इस सार्थक प्रयास के लिए बधाई दी और आग्रह किया कि इस तरह के कार्यक्रम अन्य स्थानों पर भी आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि अधिक से अधिक पुलिसकर्मियों को सम्मान मिल सके। कर्ण पठानिया ने कहा कि नूरपुर जिला पुलिस के एसपी अशोक रत्न ने अपनी टीम के साथ मिलकर नशे के खिलाफ बहुत प्रभावी कार्य किया है। चिट्टा तस्करों पर सख्त कार्रवाई कर नशे के जाल को तोड़ने का साहसिक प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि अगर देश में ऐसे अफसर अधिक संख्या में हों, तो न केवल अपराध कम होंगे, बल्कि देश प्रगति की ओर और तेजी से बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि अनंत ज्ञान जैसी संस्थाएं जब पुलिस का सम्मान करती हैं, तो यह समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला कदम बन जाता है।

### शहीद सोमनाथ शर्मा वन वाटिका स्थल पर मंदिर, खेल मैदान यथावत रहेंगे : आशीष

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** विधायक पालमपुर आशीष बुटेल ने कहा कि डाढ में निर्माणाधीन शहीद मेजर सोमनाथ शर्मा वन वाटिका के स्थल पर स्थित मंदिर और बच्चों के खेलने के वॉलीबाल मैदान से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्थानीय लोगों की आस्था और बच्चों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए संबंधित वन विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि मंदिर तथा वॉलीबाल मैदान को यथावत रखा जाए और निर्माण कार्य इस भावना के अनुरूप ही आगे बढ़ाया जाए। विधायक ने कहा कि यह वन वाटिका क्षेत्र की सामाजिक-सांस्कृतिक धरोहर और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगी, लेकिन इसके निर्माण में स्थानीय लोगों की सहूलियत और भावनाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा।



## डीएवी स्कूल तियारा की अदिति ने पास की जेईई परीक्षा


स्कूल आने पर अदिति का प्रधानाचार्या एकता और अध्यापकों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

**डीएवी** स्कूल तियारा की स्टूडेंट्स अदिति ने जेईई परीक्षा पास पर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

अदिति ने जेईई परीक्षा उत्तीर्ण कर एनआईटी हमीरपुर में कंप्यूटर साइंस में प्रवेश पा लिया है। अदिति ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, प्रधानाचार्या और गुरुजनों को दिया है। स्कूल आने पर प्रधानाचार्या एकता अत्री और अन्य अध्यापकों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और आशीर्वाद दिया। प्रधानाचार्या एकता अत्री ने बताया कि स्कूल हर विद्यार्थी के संपूर्ण विकास के लिए तत्पर है। स्कूल के चेयरमैन प्रीतम पाल, क्षेत्रीय अधिकारी बिक्रम सिंह, मैनेजर डॉ. रश्मि जम्वाल ने हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

### अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए यात्रियों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** टांडा मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए यात्रियों व बीजेएमसी मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के एमबीबीएस डॉक्टर को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दो मिनट का मौन रखा। प्रधानाचार्य डॉ. मिलाप शर्मा ने विमान दुर्घटना में मारे गए सभी यात्रियों डॉक्टरों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्माओं के लिए शांति की प्रार्थना की। इस मौके पर एडिशनल डायरेक्टर मेजर डॉक्टर अवनिंद्र शर्मा, डॉ. प्रदीप अत्री, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. विवेक बनयाल, नर्सिंग सुपरिंटेंडेंट मीरा देवी, निर्मल पंवर, अंजना चड्ढा, एनजीओ प्रेसिडेंट राजीव समकडिया आदि मौजूद रहे।

## डाडासीबा के आरव जस्वाल का आरआईएमसी देहरादून के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा के आरव जस्वाल पुत्र पंकज जसवाल का राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय देहरादून (आरआईएमसी) के लिए चयन हुआ है। आरव ने कक्षा 8वीं के लिए योग्यता प्राप्त की। खास बात यह है कि आरव ने पूरे प्रदेश में प्रथम व अखिल भारतीय स्तर पर 11वां स्थान हासिल किया है। आरव के पिता पंकज जसवाल हिमाचल पुलिस में कार्यरत हैं। आरव की पांचवीं तक की पढ़ाई दिल्ली कान्वेंट स्कूल लोअर सुनहेत से हुई है। इस वक्त धर्मशाला के बढोल स्थित होलीहॉक इंटरनेशनल स्कूल से अपनी पढ़ाई कर रहे थे।



**प्रदेश में पहला व अखिल भारतीय स्तर पर 11वां स्थान किया हासिल**

बता दें कि राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय 11 से 18 वर्ष की आयु के युवा लड़के और लड़कियों को सरकारी स्कूल शिक्षा प्रदान करता है, जिन्हें विशेष रूप से अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से चुना जाता है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) और नौसेना अकादमी को समर्पित यह महाविद्यालय कैडेटों की पूर्ण शिक्षा और उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास पर अत्यधिक जोर देता है। आरव जसवाल की उपलब्धि पर इलाके में खुशी की लहर है। वहीं, दादा सेवानिवृत्ति बैंक मैनेजर प्रमोद जसवाल ने बधाई दी है।

## शहीद स्मारक में चार्जिंग स्टेशन बनाना शहीदों का अपमान : चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**बोले-सुक्खू सरकार लोगों को सुविधाएं कम, दुविधाएं ज्यादा दे रही**

**सरकार फैसला बदले, नहीं तो सड़कों पर होगा विरोध**

**प्रदेश** भाजपा के मीडिया सह प्रभारी विश्व चक्षु ने प्रेस बयान में धर्मशाला शहीद स्मारक की भूमि पर वाहन चार्जिंग स्टेशन बनाने पर निंदा करते हुए इसे शहीदों का अपमान बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जब से सुक्खू सरकार सत्ता में आई है, तब से व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर ऐसे कारनामों को अंजाम देने की कोशिश करने में लगी हुई है, जिससे लोगों को सुविधाएं कम दुविधाएं ज्यादा देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि जहां पर वाहन चार्जिंग स्टेशन बनाने की तैयारी चल रही है, उसे अभी पार्किंग के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है, जहां लगभग 15 से 20 छोटे वाहन की पार्क होते हैं तथा यह स्थान शहीद स्मारक का है। उन्होंने कहा कि अगर इस स्थान पर वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित होता है तो इससे शहीद समारक की सुरंदरता को तो ग्रहण लगेगा ही, साथ में यह स्थान एक वाहन अड्डा बनकर रह जाएगा।



उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार के पास न तो सरकार चलाने का अनुभव है और न ही सरकार नीतिबद्ध तरीके से काम कर रही है। पिछले अढ़ाई वर्षों से जनता सरकार की नीतियों व कारागुजारियों से तंग हो चुकी है। सरकार ऐसी योजनाओं पर काम करना चाहती है, जो न तो धरातल पर सही ढंग से खड़ी होंगी और न ही उनका कोई औचित्य है। चक्षु ने कहा कि धर्मशाला का शहीद स्मारक शहीदों की याद व उनके परिजनों व जनता की भावनाओं से जुड़ा एक स्थल है। ऐसे में सरकार वाहन चार्जिंग स्टेशन के नाम पर शहीदों की गरिमा को भी ठेस पहुंचाने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शहीदों की भूमि से खिलवाड़ करना चाहती है। सरकार को यहां शहीदों की याद में विकास की वो गाथा लिखनी चाहिए, जिसे हर कोई याद करे।

**अव्यवस्था** शौचालय में लगा ताला, रेलवे विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

# रेलवे स्टेशन पपरोला के शौचालय बने सफेद हाथी

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** बैजनाथ-पपरोला रेलवे स्टेशन जिसे हाल ही में अमृत भारत योजना के तहत 7 करोड़ रुपए से आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। पपरोला रेलवे स्टेशन में बने शौचालय सफेद हाथी बने हैं और उनमें 24 घंटे ताले लगे रहते हैं।

हालांकि, इस स्टेशन पर बनाए गए शौचालयों पर ताले लगाए जाने से रेलवे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर रहा है। इसके कारण यात्रियों, विशेष रूप से महिलाओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय यात्रियों और पर्यटकों ने रेलवे अधिकारियों से इस समस्या के समाधान की मांग की है। महिलाओं ने बताया कि उन्हें शौचालय की अनुपलब्धता के कारण अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ता है। यात्रियों और स्थानीय नागरिकों ने रेलवे प्रशासन से शौचालयों को खोलने और उनकी नियमित सफाई सुनिश्चित करने की मांग की है।


बैजनाथ-पपरोला रेलवे स्टेशन पर शौचालय के बाहर लटका ताला।

> **शौचालयों** को बंद रखने के पीछे सफाई और रखरखाव से जुड़ी कुछ व्यवस्थाएं हैं। विभाग की ओर से यहां पर स्थायी कर्मचारी की व्यवस्था की जा रही है, क्योंकि शौचालयों में आधुनिक महंगी फिटिंग नल बगैरा लगे हैं।
>
> **-देशराज, रेलवे स्टेशन अधिकारी, पपरोला।**

### सुरेश पठानकोटिया ने मां की भेंटों से लूटी वाहवाही

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

**शक्ति** युवा क्लब लंबी गली नूरपुर के सौजन्य से 23वां विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया गया। इसमें भजन गायक सुरेश पठानकोटिया ने मां की भेंटों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं, भजन गायक अश्वनी शर्मा ने मां भगवती की अमर कथा तारा रानी की कथा सुनाकर भक्तों को शक्ति की भक्ति से जोड़ा। जागरण में नगर परिषद के अध्यक्ष अशोक शर्मा बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। उन्होंने क्लब के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि युवा क्लब के सदस्यों की कड़ी मेहनत के चलते नगरवासियों को जागरण की रात नसीब होती है उन्होंने क्लब के सदस्यों को भविष्य में भी हरसंभव सहयोग देने के लिए आश्वास्त किया। मुख्यातिथि अशोक शर्मा ने जागरण में भाग लेने वाले दोनों गायकों का मां का सिरोपा देकर सम्मानित किया। सुबह कंजक पूजन के बाद भक्तों को अटूट लंगर भी बरताया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### आईटीआई नूरपुर में कल कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नूरपुर में 19 जून को मोहाली, बद्दी व परवाणू की प्रतिष्ठित कंपनियां जीएमपी लिमिटेड, जेएसके इंडस्ट्रीज और एमटी ऑटो क्राफ्ट कैंपस इंटरव्यू लेंगी। आईटीआई नूरपुर के प्रधानाचार्य इंजीनियर संजीव सहोत्रा ने बताया कि फिटर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक डीजल और वेल्डर व्यवसाय के आईटीआई पास अभ्यर्थियों के साथ वे अभ्यर्थी भी भाग ले सकते हैं, जिन्होंने 10वीं और 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की है। लिखित परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा और पर्सनल इंटरव्यू के बाद कंपनी के अधिकारियों की ओर से अंतिम चयन किया जाएगा। चयनित युवाओं को 21500 रुपए (जीएमपी लिमिटेड), 21000 रुपए (जेएस के इंडस्ट्रीज) तथा 19000 रुपए (एमटी ऑटो क्राफ्ट) सैलरी दी जाएगी। इसके अलावा कैंटीन सुविधा, बोनस, ओवरटाइम का अतिरिक्त पारिश्रमिक, पीएफ, ईएसआई की सुविधा भी मिलेगी।

### युवाओं ने लगाई ठंडे पानी की छबील

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** जिया आदि हिमानी चामुंडा में स्थानीय लोगों ने ठंडे पानी की छबील लगाई। करीब 2000 लोगों ने गर्मी में अपनी प्यास बुझाई। इस मौके पर अक्षय रॉय, अभिषेक, कार्तिक, प्रशांत कपूर, अबू, राहुल, मनी, सचिन, हर्ष, अश्वनी और साहिल आदि मौजूद रहे।



### योल स्कूल के बच्चों ने जाने योग के फायदे

**अनंत ज्ञान, योल।** राजकीय उच्च विद्यालय योल कैंट में आयुष विभाग की ओर से योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें आयुष विभाग की ओर से प्रशिक्षिका मोनिका शर्मा ने प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में विधिवत आसनों एवं प्राणायाम विधियों को प्रस्तुत किया। इसमें विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। मुख्य अध्यापक राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में योग के प्रति रुचि उत्पन्न होगी तथा वे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे।

### इच्छी गांव में चला स्वच्छता का अभियान



**गगल।** स्वच्छता अभियान के तहत इच्छी गांव में कांगड़ा हवाई अड्डा की ओर से सफाई अभियान चलाया गया। इसमें अड्डा निदेशक धीरेंद्र सिंह के साथ अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। इच्छी गांव के प्रधान और सचिव ने इस संयुक्त प्रयास में सभी ने मिलकर न केवल गांव की सफाई की, बल्कि ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के प्रति भी जागरूक किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कूड़े कचरे के कारण पक्षियों के विमान से टकराने की संभावनाओं को कम करना था, क्योंकि जानवरों के अवशेष और खाद्य अपशिष्ट पक्षियों को आकर्षित करते हैं, जो विमान के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। साथ ही इस अभियान का उद्देश्य गांव को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना था और समुदाय में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी था। कांगड़ा हवाई अड्डा भविष्य में भी इस तरह के स्वच्छता अभियान जारी रखेगा, ताकि विमानन सुरक्षा और समुदाय के स्वास्थ्य को बनाए रखा जा सके।

### शाहपुर के वार्ड 3 में अब नहीं होगी पानी की समस्या

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विधानसभा क्षेत्र शाहपुर की नगर पंचायत शाहपुर के वार्ड नंबर 3 में अब लोगों को पानी की समस्याओं से नहीं झूझना पड़ेगा। विधायक केवल सिंह पठानिया के प्रयास से वार्ड-3 में 3 नए बोरवेल लगवाए गए हैं, जिसके चलते अब लोगों को घर द्वार पर ही पानी के कनेक्शन मिलेंगे। इस बोरवेल से करीब दो दर्जन परिवारों के लोगों को पानी की सुविधा मिलेगी। बता दें कि नगर पंचायत शाहपुर के वार्ड तीन में लोग काफी समय से पानी की समस्या को लेकर परेशान चल रहे थे। स्थानीय पार्षद आजाद कुमार ने बताया कि बोरवेल की परमिशन को लेकर विधायक केवल सिंह पठानिया के प्रयास के रंग लाए हैं। इस मौके पर उपाध्यक्ष विजय गुलेरिया, पार्षद आजाद कुमार, मनोनीत पार्षद राजीव पटियाल, निशा शर्मा सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### पिछली योजनाएं भी बंद होने के कगार पर

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर भाजपा नेता कमल शर्मा ने कहा कि सुक्खू सरकार में पिछली योजनाएं बंद होने की कगार पर हैं। भाजपा सरकार में शुरू हुई स्कीम 'अपना गांव, अपना काम' जिसे कांग्रेस सरकार ने बदल कर विकास में जनसहयोग नाम रखा। इसमें आम आदमी 15 फीसदी जमा राशि करवाकर पंचायतों के माध्यम से सरकार से 85 फीसदी के लिए आवेदन करता था, जिसमें पूर्व की सरकारों में सहयोग मिलता था। व्यवस्था परिवर्तन का नारा देकर आई सरकार लगातार व्यवस्थाओं का पतन कर रही है। सरकारी अस्पतालों में जरूरी दवाइयों की किल्लत है। मरीजों को बाहर मेडिकल स्टोर से दवाइयां लाने को लिखा जा रहा है। प्रदेश की जनता हर जगह खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

### वीर योद्धा की गाथा वन विहार में होंगी प्रदर्शित

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक सरोकारों से जुड़ी समाजसेवा में समर्पित इंसाफ संस्था ने अपने लक्ष्य की ओर पग आगे बढ़ाते हुए अब तक अनछुए रहे इस कार्य को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। संस्था के अध्यक्ष एवं पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीण कुमार ने कहा कि देश के प्रथम परमवीर चक्र विजेता अपनी ही जन्मभूमि में एक ऐसे स्मारक से वंचित रहे, जो स्मारक उनके शौर्य, साहस तथा बलिदान की गाथा से युवा पीढ़ी को प्रेरित कर सके। संस्था ने इस कार्य को धरातल पर उतारने के लिए प्रयास आरंभ किए तथा तत्कालीन सांसद किशन कपूर ने इसमें अपना सहयोग 50 लाख रुपए सांसद निधि के रूप में दिया। इसी कड़ी में इंसाफ संस्था के प्रयासों व वन मंडल पालमपुर के सहयोग से शहीद रणबांकुरों के नाम का स्मारक (वन वाटिका) राजसभा सांसद इंदु गोस्वामी के सहयोग से बन रहा है। यह स्मारक भारत वर्ष के पहले परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ के पैतृक डाढ गांव में बनेगा। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में अब इस वीर योद्धा की वीर गाथा इस वन विहार में प्रदर्शित होगी, जिसे यहां हिन्दुस्तान की जनता देखेगी और भावी पीढ़ी यहां से राष्ट्र भक्ति की प्रेरणा लेकर जाएगी।

# नगरोटा सूरियां की 10 पंचायतों को देहरा में ही रहने दिया जाए

## लोगों ने बैठक कर जताई अपनी इच्छा, बोले- देहरा से जुड़ने से बाद मिली थी विकास कार्यों को गति

**लोग बोले- पहले होता था सौतेला व्यवहार**

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**



लुदरेट पंचायत में आयोजित बैठक में भाग लेते देहरा विधानसभा क्षेत्र की 10 पंचायतों के ग्रामीण।

**नगरोटा सूरियां।** नगरोटा सूरियां विकास खंड से देहरा में शिफ्ट की गई देहरा विधानसभा क्षेत्र की 10 पंचायतों के लोगों ने लुदरेट पंचायत में बैठक की। बैठक में पंचायत नंदपुर भटौली, लुदरेट, सकरी, बिलासपुर, गुलेर, गढ़तर, मसरूर, धनगढ़, धार आदि के लोगों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि जब से ये 10 पंचायतें विकास खंड देहरा से जुड़ी हैं, तब से इन पंचायतों में विकास को गति मिलनी शुरू हुई है। लोगों ने बताया कि देहरा में इस समय करीब साढ़े पांच सौ करोड़ की योजनाएं धरातल पर चल रही हैं। इससे पहले यह 10 पंचायतें, दूसरी विधानसभा क्षेत्र में विकास खंड कार्यालय होने की वजह से विकास कार्य प्रभावित होते थे, लेकिन एक छत के नीचे सारे कार्यालय आ जाने के बाद इन पंचायतों में विकास को गति मिली है। गठुतर के प्रधान ठाकुरदास ने कहा कि जब से देहरा में हमारी पंचायत शिफ्ट हुई है तब से हमारी ग्राम पंचायत में विकास को गति मिली है और हम सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हैं।

बीडीसी सकरी मनजीत सिंह ने कहा कि कई वर्षों से हमारी पंचायतों की अनदेखी हुई थी, अब काम सुचरु रूप से शुरू हो गए। भविष्य में जब भी नए ब्लॉकों की नोटिफिकेशन हो, तो हरिपुर को नया ब्लॉक बनाया जाए। गुलेर से बीडीसी सदस्य शेर सिंह ने कहा कि इससे पहले विकास खंड नगरोटा सूरियां में इन दस पंचायतों की अनदेखी होती थी। अब देहरा में मिलने के बाद हमारी इन पंचायतों में विकास की गति मिली है।

## शाहपुर की टीम ने जीता टी-10 क्रिकेट खिताब




**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** बजरंगबली क्रिकेट क्लब गाहलियां की ओर से आयोजित डे-नाइट टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिता शाहपुर की टीम ने जीता। पंद्रह दिनों तक चले इस क्रिकेट टूर्नामेट के समापन समारोह की अध्यक्षता प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष विधायक पवन काजल ने की। काजल ने प्रतिस्पर्धा के इस दौर में युवाओं को नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अपने भविष्य को संबारने की अपील की। काजल ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर बजरंगबली क्रिकेट क्लब को 11000 रुपए की राशि भेंट की और विजेता टीमों को पुरस्कार व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस टूर्नामेंट में जिले की 60 टीमों ने हिस्सा लिया। विजेता टीम को 15000 रुपए नगद राशि और ट्रॉफी व उपविजेता को 10000 रुपए के नकद राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## सत्यम कॉलेज में करवाई भाषण प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के सत्यम कॉलेज ऑफ नर्सिंग लंजोत में पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्मजयंती के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिला कांगड़ा की ओर से सत्यम कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने शासन, न्याय, सामाजिक समरसता, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक विकास और कृषि, विकास मंदिरों का जीर्णोद्धार आदि पर प्रकाश डाला। इस प्रतिस्पर्धा पर पहले तीन स्थानों पर रहने वाली छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर भाजपा जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा ने सम्मानित किया।

## डीएसपी ने किया नशे से दूर रहने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** अंनथ डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा ने मंगवार को माउंट कार्मल स्कूल बैजनाथ के बच्चों नशे से दूर रहने का आह्वान किया। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों पर जानकारी साझा की और उन्हें एक स्वस्थ उद्देश्य पूर्ण जीवन चुनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को साथ मिलकर मजबूत नशा मुक्त समुदाय के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाना है।

## डायग्नोस्टिक टीम ने किया फसलों का निरीक्षण

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** जिला स्तरीय संयुक्त डायग्नोस्टिक टीम ने इंदौरा ब्लॉक के गंगथ क्षेत्र में कद्दू वर्गीय फसलें उगाने वाले किसानों के खेतों का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य खीरा, करेला इत्यादि फसलों में कीट एवं रोगों की स्थिति का आकलन करना और किसानों को समयबद्ध प्रबंधन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि खीरा और करेला विभिन्न बीमारियों व कीड़ों का प्रकोप पाया गया जिससे किसानों की को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। इन बीमारियों व कीड़ों की रोकथाम के लिए किसानों के समूह को टीम की ओर से अवगत करवाया गया और उन्हें इन बीमारियों से अगले वर्ष निदान के लिए कौन कौन सी सावधानियां बरतनी चाहिए

## ज्वालामुखी की बदहाल सड़कों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी उपमंडल के सपड़ी से पनहार और अन्य संपर्क सड़कों की बदहाल स्थिति को लेकर खुंडियां विकास सभा, क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों के प्रधानों और स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग सहायक अभियंता मनी शर्मा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में साफ चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर सड़क निर्माण और टारिंग कार्य शुरू नहीं होता, तो बरसात से पहले ही क्षेत्रीय जनता आंदोलनात्मक कदम उठाने को विवश होगी। जनप्रतिनिधियों और लोगों का कहना है कि ढाई वर्षों से सड़कें जर्जर अवस्था में हैं। डॉ. बलदेव सिंह अध्यक्ष खुंडियां विकास सभा व रिटायर्ड कर्नल महेंद्र सिंह राणा अध्यक्ष सैनिक लीग एक्स सर्विसमैन खुंडियां ने कहा कि सरकारें केवल घोषणाएं करती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर हकीकत यह है कि चंगर क्षेत्र की सड़कें अब चलने लायक भी नहीं रहीं।

## जसवां-परागपुर में ट्रांसफर माफिया सक्रिय : बिक्रम

**अनंत ज्ञान, देहरा।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र में हाल के दिनों में जो घटनाक्रम देखने को मिला है, वह कांग्रेस सरकार की नीयत और नीतियों दोनों पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। प्रदेश सरकार ने जहां एक ओर 1 जून से सभी प्रकार के स्थानांतरणों पर रोक का दावा किया है। वहीं, दूसरी ओर उसी सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए महज 15 रिन में इस क्षेत्र से 25 से अधिक शिक्षकों का तबादला कर दिया गया है। पूर्व उद्योग मंत्री एवं जसवां-परागपुर के विधायक ने इन तबादलों को पूरी तरह पक्षपातपूर्ण और सुनियोजित बताया है। यह स्पष्ट रूप से ट्रांसफर माफिया का खेल है, जो कांग्रेस की मिलीभगत से संचालित हो रहा है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि इन तबादलों में मानवीय पक्ष की पूरी तरह अनदेखी की गई है।



**कहा- तबादलों पर रोक के बावजूद खाली हो रहे स्कूल**

# भारतीय ज्ञान परंपरा से पूरा होगा विकसित भारत का सपना : प्रो. बंसल

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय तथा इंडिया नॉलेज कंसोर्टियम के संयुक्त तत्वावधान में आधुनिक विश्व में भारतीय दर्शन, संस्कृति एवं परंपराओं की समकालीन प्रासंगिकता विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन राजकीय कालेज के सभागार में हुआ। इस संगोष्ठी में 300 से अधिक विद्वानों और छात्रों ने भाग लिया। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा ने इस अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी की रूपरेखा को सभी के समक्ष रखा।

मुख्य संरक्षक केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा वैश्विक संकटों का स्थायी समाधान प्रस्तुत करती है। इस सम्मेलन में हुए पांचों सत्रों को लेकर जो लेख आए हैं, उनको लेकर एक किताब प्रकाशित की जाएगी। भारतीय ज्ञान परंपरा का अनूठा चित्रण देश के लिए होगा। उन्होंने कहा कि हमने यह देखा भी जिस तरह से यूएसए, यूके और कई विकसित देश भारतवर्ष के ज्ञान की तरफ देख रहे हैं और ज्ञान परंपरा के द्वारा पूरे विश्व को हमने सिद्ध भी कर दिया है कि भारत हर रूप में अग्रणी है, चाहे एजुकेशन सेक्टर लें, हेल्थ सेक्टर लें या एनर्जी सेक्टर लें। इस दौरान सत्य शोधक पत्रिका, राही, अनुचिंतन, धौलाधार संदेश और क्रोनिकल मैनेजमेंट का लोकार्पण किया। वहीं, चांसलर पद्मश्री प्रो. हरमोहिंदर सिंह बेदी ने कहा कि प्रो. बंसल का यह विजन भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। हमारा कर्तव्य है कि इस ज्ञान को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाएं। वहीं, अन्य गणमान्यों ने भी शिक्षा प्रणाली में भारतीय परंपरा को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसी के माध्यम से हम 2047 में विकसित भारत का सपना पूरा कर सकेंगे।



समकालीन प्रासंगिकता विषय पर सम्मेलन आयोजित।

# भंगवार में 8 करोड़ की वाटर स्कीम जल्द होगी चालू : मोंगरा



लोगों की समस्याओं को सुनते निशु मोंगरा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कांगड़ा**

**एपीएमसी** के जिला व कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष निशु मोंगरा ने मंगलवार को रानीताल, भंगवार, समेला, रजियाणा बांध आदि इलाकों का दौरा किया। निशु मोंगरा ने कहा कि भंगवार-रजियाणा बांध स्कीम की प्रोसेस हर हाल में एक माह के भीतर शुरू हो जाएगी।

मोंगरा ने बताया कि यह स्कीम आठ करोड़ रुपए की है, लंबे समय से इस पर गौर नहीं किया गया था। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों पर इस स्कीम को शुरू किया जा रहा है। रानीताल में ही में एक अन्य योजना के तहत चार हजार मीटर नई पाइपलाइन बिछाई जा रही है। इससे सैकड़ों लोगों को फायदा होगा। मोंगरा ने सैकड़ों लोगों के बीच जलाड़ी-दौलतपुर स्कीम पर भी जनता को अपडेट किया। उन्होंने कहा कि इस स्कीम के लिए ट्रांसफार्मर लगाने का काम शुरू हो गया है। आठ पंचायतों को शुद्ध पेयजल का रास्ता साफ हो गया है। इस दौरान मोंगरा ने समस्याएं सुनी व अधिकतर का मौके पर निपटारा किया गया। अन्य को विभागों को भेजा गया। उन्होंने कहा कि फोरलेन का कार्य भी तेजी से चल रहा है। इसके बाद कांगड़ा में कनेक्टिविटी आसान हो जाएगी। उन्होंने कहा कि फोरलेन से कांगड़ा शहर को जोड़ने के लिए आठ लिंक रोड का प्रावधान हैं। कांगड़ा शहर और विधानसभा क्षेत्र विकास की नई बुलंदियों को छुएगा। उन्होंने कहा कि रानीताल में महीने के एक दिन मैं स्वयं बैठूंगा। इस इलाके में कोई भी काम रुकने नहीं दिया जाएगा। अभी पानी, बिजली, खेती और सड़क पर खास फोकस किया जा रहा है

## नौ दिन बाद मिला इसराइली नागरिक टांडा में उपचाराधीन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मैक्लोडगंज के त्रियुंड से छह जून से लापता इसराइली सैमुअल वेंगरिनोविच अब टांडा मेडिकल कॉलेज में उपचाराधीन है और रिकवर कर रहा है। इसराइली पर्यटक को इंद्रहारा पास के आसपास लापता होने के बाद नौंवे दिन रविवार को थातरी की पहाड़ियों में स्थित बन का फाट नामक स्थान में मिला था। इसराइली ट्रेकर अपने ट्रैक के दौरान रास्ता भटककर लाका ग्लेशियर के पास नाले में 10 से 15 फुट गिरने से एंकल, घुटने व बाजू टूटने से घायल हो गया था। लाका से नीचे की तरफ थातरी के रास्ते मुशिकल हालातों में खिसकते हुए उतर आया थे, जिसके बाद गहरी पहाड़ियों में आठ दिन तक फंसा रहा। थातरी की पहाड़ियों पर पहुंचने पर पर्यटक मदद के लिए चिल्ला रहा था। स्थानीय लोगों ने आवाज सुनकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और थातरी में स्थित मतड़ा नाग मंदिर में पहुंचाया।



# मानसून सीजन की तैयारियों को समय पर पूरा करें अधिकारी : एसडीएम



मानसून सीजन की तैयारियों को लेकर बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम संकल्प गौतम।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** मानसून सीजन की तैयारियों को लेकर एसडीएम बैजनाथ कार्यालय के सभागार कक्ष ने बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी संकल्प गौतम ने की।

बैठक के दौरान एसडीएम संकल्प गौतम ने कहा कि मानसून के समय में किसी भी आपदा से निपटने के लिए के त्वरित प्रतिक्रिया दल सभी आवश्यक उपकरणों सहित तैयार रहे तथा संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित रखें। इस दौरान उपमंडल के संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर मानसून के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने पर विस्तृत चर्चा की गई। एसडीएम ने उपमंडल के सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे भू-स्खलन व बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर नजर रखें, ताकि मानसून के दौरान आपदा का त्वरित निपटान सुनिश्चित हो सके व जानमाल के नुकसान को रोका जा सके। जल शक्ति विभाग को निर्देश दिए कि वे जिले के सभी पेयजल भंडारण टैंकों की सफाई, सभी कूहलों की सफाई व सभी स्कूलों के टैंकों की सफाई सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त सही प्रकार से क्लोरोनेशन भी सुनिश्चित बनाएं, ताकि जल जनित रोगों से बचाव हो सके और पानी की नियमित रूप से टेस्टिंग करने के भी विभाग को निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए कि वे जलजनित रोगों से बचाव के लिए दवाइयों को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखें।

## सिद्धिविनायक गोशाला को नहीं मिल रही सरकारी सहायता

# तहसीलदार पर लगाया अनुदान रोकने का आरोप

**अनंत ज्ञान, देहरा**

**देहरा** की सिद्धिविनायक गोशाला मुहल प्रशासनिक उपेक्षा और आर्थिक संकट के दौर से गुजर रही है। गोशाला का संचालन कर रही सिद्धिविनायक वेलफेयर सोसायटी ने तहसीलदार कर्मचंद के खिलाफ देहरा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में आरोप लगाया कि तहसीलदार पिछले तीन हफ्तों से गोशाला को दी जाने वाली नियमित सरकारी सहायता राशि रोककर बैठे हैं। इतना ही नहीं, संस्था का कहना है कि बीते एक वर्ष से गोशाला को मिलने वाले अनुदान में लगातार टालमटोल की जा रही है। गोशाला की सचिव कंचन शर्मा ने पुलिस अधीक्षक को सौंपी शिकायत में कहा कि बार-बार निवेदन और दस्तावेज जमा करवाने के बावजूद तहसीलदार की ओर से गोशाला के प्रति असंवेदनशील रवैया अपनाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि गोशाला में प्रतिदिन 180 से 200 गायों की सेवा की जाती है। इन गायों के चारे, दवा, देखरेख और सफाई आदि पर प्रतिमाह लगभग साढ़े पांच लाख रुपए का खर्च आता है। सरकार की ओर से प्रति गाय 700 रुपए के हिसाब से 20 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाता है, जबकि शेष राशि संस्था डोनेशन, स्वयंसेवकों की सहायता और जैविक खाद जैसे अन्य साधनों से जुटाती है। संस्था के अनुसार, गायों के लिए केंचुआ खाद भी स्वयं तैयार की जाती है, ताकि चारे की लागत को कम किया जा सके। गोशाला के मुख्य संचालक सुनील शर्मा ने बताया कि यह पहला मौका नहीं है जब सरकारी सहायता मिलने में इतनी देर हो रही हो। अब इस विषय को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर के समक्ष उठाया जाएगा, ताकि भविष्य में गोशाला जैसे संस्थानों के साथ ऐसा व्यवहार न हो। शिकायत की एक प्रति एसडीएम देहरा कुलवंत सिंह पोटन को भी सौंपी गई है। एसडीएम ने कहा कि वह स्वयं मुहल स्थित गोशाला का दौरा करेंगे और मौके की स्थिति का आकलन करेंगे। यदि कोई देरी हुई है, तो उसे दूर कर जल्द अनुदान राशि जारी कर दी जाएगी।



सिद्धिविनायक सोसायटी ने दर्ज करवाई शिकायत।

# टांडा में बहन ने भाई को किडनी डोनेट कर दिया नया जीवन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

**टांडा** मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को डॉक्टरों की टीम ने सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट कर एक नई इबादत लिखी है। किडनी की समस्या से पीड़ित स्वरूप चंद (40) निवासी हौरी देवी तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा को नई जिंदगी मिली है। स्वरूप चंद की बहन अंजू बाला (38), हटली ने किडनी डोनेट की। डॉक्टरों के मुताबिक, दोनों भाई-बहन की सेहत अब स्थिर है और वे जल्द ही पूरी तरह स्वस्थ हो जाएंगे। टांडा अस्पताल के डॉक्टर अभिनव राणा ने बताया कि सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट किया गया। जल्द स्वास्थ्य होकर घर वापस जाएंगे।

# इंदौरा में 10.75 किलोग्राम पॉलीथिन को किया जब्त, 29,000 का जुर्माना

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** एसडीएम इंदौरा डॉ. सुरेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में मंगलवार को इंदौरा बाजार में निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 29,000 के चालान किए गए। एक दुकान से 10.75 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त किया गया।

एसडीएम ने सभी दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए कि वे तत्काल प्रभाव से सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथिन बैग्स का प्रयोग बंद करें, क्योंकि ये पर्यावरण के लिए अत्यंत हानिकारक हैं और प्रदेश सरकार की ओर से पूर्णतः प्रतिबंधित हैं। दुकानदारों को चेतावनी दी कि वे घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का व्यावसायिक कार्यों में उपयोग न करें, क्योंकि यह न केवल सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है, बल्कि एक कानूनी अपराध भी है। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि दुकानदार अपने सामान को दुकानों के बाहर न रखें और न ही दुकानों के सामने सड़क पर दोपहिया वाहन पार्क करें, क्योंकि इससे आमजन की आवाजाही में बाधा उत्पन्न होती है और दुर्घटनाओं की आशंका रहती है। एसडीएम ने सभी दुकानदारों को अपनी दुकानों के बाहर एक कूड़ादान रखने, कचरा न जलाने और आसपास सफाई रखने के निर्देश दिए।

# फोरलेन निर्माण कंपनी के खिलाफ भडवार के लोगों ने खोला मोर्चा

## कहा- भडवार चौक पर हर समय बना रहता हादसों का खतरा

**रमन राणा, अनंत ज्ञान**

**भडवार।** विधानसभा नूरपुर के तहत भडवार पंचायत के लोगों ने फोरलेन निर्माण कंपनी द्वारा बरती जा रही लापरवाही के खिलाफ मोर्चा खोला है। लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब से फोरलेन का निर्माण कार्य चल रहा है, तबसे आसपास के लोगों के स्वास्थ्य के साथ-साथ जिंदगियों से भी खिलवाड़ किया जा रहा है। भडवार चौक काफी व्यस्त रहता है और कई हादसे हो चुके हैं।

लदोड़ी नगरोटा लिंक रोड भी सीधा खड़ा जोड़ा गया, जहां सामने गाड़ी आने पर ब्रेक नहीं लगती। लोगों ने प्रशासन तथा एनएचआई से मांग की है कि यदि प्रशासन और एनएचएआई ने दस दिन के भीतर समस्या की तरफ ध्यान नहीं दिया तो लोग चक्का जाम करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी सरकार तथा प्रशासन की होगी। लोगों का कहना है कि निर्माणाधीन कंपनी नियमों को ताक पर रखकर आम जनता के साथ खिलवाड़ कर रही है। चौक पर फोरलेन के साथ जो लिंक रोड जोड़ा गया है, वह एकदम सीधा बना हुआ है। साथ में सीनियर सेकेंडरी स्कूल है और छुट्टी के समय तो यह चौक बहुत ही ज्यादा व्यस्त रहता है। ऐसे में हर समय हादसे का डर लगा रहता है। भडवार पंचायत उपप्रधान शिव देव सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा उठाया गया यह मुद्दा बिलकुल सही है और मैं स्थानीय जनता के साथ हूं। निर्माणाधीन फोरलेन कंपनी की ओर से नियमों को ताक पर रखना जनता के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने सरकार तथा प्रशासन से अपील की कि इस समस्या का हल निकाला जाए।



फोरलेन निर्माण कंपनी के खिलाफ विरोध जताते भडवार के लोग।

## न्यूज ब्रीफ

### वैज्ञानिक मानसिकता पैदा करने पर दिया बल

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के दक्षिण क्षेत्र के जिलों शिमला, सोलन व सिरमौर के कार्यकर्ताओं के लिए में संगठनात्मक शिविर मंगलवार को संपन्न हुआ। इसमें लगभग 50 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। शिविर का उद्देश्य समिति की कार्ययोजना को सुदृढ़ करना, कार्यकर्ताओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करना व सामाजिक सरोकार के मुद्दों पर सांझा समझ विकसित करना था। मुख्य स्रोत पर्सन डॉ. प्रमोद गौरी ने बताया कि हिमाचल का आंदोलन जमीनी स्तर का आंदोलन रहा है। उन्होंने कहा कि जनता से संपर्क करने का संगठन का तरीका बहुत ही रचनात्मक और व्यावहारिक रहा है। उत्तराखंड राज्य के अतिरिक्त निदेशक, शिक्षा एसपी सेमवाल ने कार्यकर्ताओं में वैज्ञानिक मानसिकता पैदा करने पर बल दिया। महिला स्रोत पर्सन मनीषा हंस ने कहा कि भारतीय समाज में महिलाएं सामंती रूढ़ियों के साथ पूंजीवादी शोषण की भी शिकार हो रही हैं। उन्होंने कहा कि संगठन में महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ाने की आवश्यकता है। सत्र में समता की राष्ट्रीय संयोजिका सुमित्रा चंदेल ने महिलाओं के कानूनी अधिकारों पर जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं को पारंपरिक सामाजिक भूमिकाओं से हटकर बाहर निकलने की आवश्यकता है।

### सुन्नी कॉलेज की मुस्कान को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** अटल बिहारी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी की छात्रा मुस्कान द्वारा बीएससी तृतीय वर्ष के परिणामों में विश्वविद्यालय में चौथा स्थान प्राप्त करने



पर कॉलेज प्रबंधन और अभिभावक अध्यापक संघ द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप इनाम भेंट किया गया। मंगलवार को सुन्नी कॉलेज की आम बैठक के दौरान कॉलेज की प्राचार्य अंजलि चौहान और पीटीए की अध्यक्षा सीमा सोनी द्वारा मुस्कान को 11,000 का चेक इनाम स्वरूप दिया गया। इस दौरान मुस्कान ने अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि इस सफलता का श्रेय माता पिता और गुरुजनों को जाता है। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य ने भी मुस्कान को उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

### अग्निवीर परीक्षा 30 जून से 10 जुलाई तक

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** सेना भर्ती कार्यालय, शिमला के भर्ती निदेशक कर्नल पुष्विंदर कौर ने बताया कि अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा ओंन लाइन का आयोजन 30 जून से 10 जुलाई 2025 तक किया जाएगा। जिला शिमला, सोलन, सिरमौर और किन्नौर के लिए हि. प्र कॉलेज एजुकेशन (शिमला), ग्रीन हिल्स इंजीनियरिंग कॉलेज (सोलन) और महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी (बद्दी) परीक्षा केंद्रों में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा केंद्र का नाम, स्थान, रिपोर्टिंग दिनांक तथा समय एडमिट कार्ड में स्पष्ट रूप से अंकित होगा। पंजीकर्त अभ्यार्थी अपने एडमिट पत्र ज्वाइन इंडियन आर्मी वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। अग्निवीर जी. डी के एडमिट कार्ड दिनांक 16 जून से उपलब्ध हो गया है और बाकि ट्रेड का एडमिट कार्ड 18 जून से उपलब्ध होगा। अतः सभी पात्र अभ्यर्थी को सूचित किया जाते है कि निर्धारित तिथि को अपने परीक्षा केंद्र पर अपने एडमिट कार्ड के साथ अपने परीक्षा केन्द्रों पर समय से पहुंचना सुनिश्चित करें।

### अपराधी का कोई धर्म नहीं: बिलाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बिलाल अहमद ने समाज में नफरत फैलाने वाली ताकतों को बेनकाब करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि 18 साल की एक मासूम बच्ची के साथ हुए अपराध को सांप्रदायिक रंग देना गलत है। बिलाल ने जोर देकर कहा कि अपराधी का कोई धर्म नहीं होता और इस घटना में भी दोषी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, चाहे वह किसी भी समुदाय से हो। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि वह अल्पसंख्यकों को केवल वोटबैंक के रूप में इस्तेमाल करती है और भाजपा सरकार सभी समुदायों के समान विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बिलाल ने जनता से अपील की कि वे ऐसी घटनाओं को सांप्रदायिक रंग देने के बजाय, अपराध के खिलाफ एकजुट होकर लड़ें।

# स्कूलों के खराब नतीजों के लिए करें सख्त कार्रवाई : रोहित ठाकुर

## शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश, हिमाचल में शिक्षा गुणवत्ता पर मंथन

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा निदेशालय शिमला में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने की। इस बैठक का मुख्य एजेंडा स्कूलों के खराब परीक्षा परिणामों पर गहन चिंतन और भविष्य की रणनीति तय करना रहा।

बैठक में उन स्कूलों के प्रधानाचार्यों पर सख्त कार्रवाई करने पर विस्तृत चर्चा हुई, जिनके स्कूलों का रिजल्ट संतोषजनक नहीं रहा है। शिक्षा मंत्री ने शिक्षा के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गुणवत्ता में सुधार के लिए कड़े कदम उठाना आवश्यक है। इस बात पर जोर दिया गया कि जवाबदेही तय की जानी चाहिए और खराब प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार लोगों पर उचित कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने इस संदर्भ में संबंधित आला अधिकारियों को स्पष्ट और कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। यह बैठक हिमाचल प्रदेश में शिक्षा के स्तर को सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



प्रदेश शिक्षा निदेशालय शिमला में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

### छात्रों ने साझा किए 'एक्सपोजर विजिट' के अनुभव

**बैठक** के दौरान एक सुखद पल भी आया, जब 'एक्सपोज़र विज़िट' पर गए हुए छात्रों ने शिक्षा मंत्री और अन्य अधिकारियों के साथ अपने अनुभव साझा किए। इन छात्रों ने बताया कि कैसे इन यात्राओं ने उनके ज्ञान और दृष्टिकोण को विस्तृत किया है। शिक्षा मंत्री ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम उनके सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

अब देखना यह होगा कि खराब नतीजों वाले स्कूलों के प्रधानाचार्यों पर क्या कार्रवाई की जाती है और भविष्य में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए कौन सी नई पहल की जाती है।

### शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का पांच दिवसीय दौरा

## जुब्बल-कोटखाई व रोहडू में कई परियोजनाओं के करेंगे उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 19 जून से 23 जून तक जुब्बल-कोटखाई और रोहड़ू विधानसभा क्षेत्रों के पांच दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व जनता की शिकायतें सुनेंगे। इसके साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे। जिसमें 19 जून को शिक्षा मंत्री ग्राम पंचायत सरी के मघारा में सामुदायिक केंद्र का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे व जनसुनवाई करेंगे। इसके बाद सरी में पंचायत भवन का उद्घाटन करेंगे और इसी तरह की गतिविधियां जारी रहेंगी।

इसी तरह 20 को रोहित ठाकुर टिक्कर में पुलिस चौकी भवन के साथ-साथ बैरक-पुलिस पोस्ट का उद्घाटन करेंगे। इसके उपरांत वे पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और जनता की शिकायतें सुनेंगे। 21 को शिक्षा मंत्री रोहड़ू के शीलघाट में 49वें बुशहर क्रिकेट कप शीलघाट, 2025 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और जनता की शिकायतें सुनेंगे।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 22 जून को ग्राम पंचायत गरावग के चेवड़ नाला में कुरी-मोहली संपर्क सड़क का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और जनता की शिकायतें सुनेंगे।

#### 23 को अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की बैठक में लेंगे भाग

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर 23 जून को सुबह 10:30 बजे जुब्बल में ब्लॉक कांग्रेस जुब्बल-नावर-कोटखाई अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की बैठक में भाग लेंगे। इस दौरे के दौरान शिक्षा मंत्री का मुख्य उद्देश्य स्थानीय विकास कार्यों को गति देना और जनता की समस्याओं को सुनना रहेगा।

## एचआरटीसी के रामपुर डिपो में बसों का 'टोटा'

### 105 बसों से कवर किए जा रहे 170 रूट, 22 बसें 15 साल पुरानी

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** हिमाचल परिवहन निगम का रामपुर डिपो आजकल बसों की भारी कमी से जूझ रहा है। इसका इतना ही उदाहरण काफी है कि रामपुर डिपो के तहत कुल 170 रूट हैं। इनमें 105 बसे ही चलाई जा रही है। इसमें 60 रूट आनी सब डिपो के हैं।

एचआरटीसी रामपुर डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक अतुल गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्कशॉप में भी मैकेनिक की भारी कमी चल रही है। मौजूदा समय तक 30 मैकेनिकों के पद खाली पड़े हैं। खराब बसों के लिए पर्याप्त कल पुर्जो की भी कमी है। इससे डिपो में बसों का संचालन करने में भारी दिक्कत पेश आ रही है।

गौर हो कि रामपुर के दुर्गम ग्रामीण रूटों पर एचआरटीसी की बसें हांफ रही हैं। कई बार आधे रास्ते में बसें खराब हो जाती हैं। यात्रियों को गंतव्य तक पैदल पहुंचना पड़ता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 बसें ऐसी



रामपुर अड्डा।

हैं जो 15 साल से ज्यादा पुरानी हैं। ऐसे में बसों के अभाव में ग्रामीण रूटों पर खटारा बसें भेजी जा रही हैं। दुर्गम और जगह-जगह गहरी खाई वाले क्षेत्रों में खटारा बसें लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकती हैं।

कई बार ये खटारा बसें आधे रास्ते में खराब हो चुकी हैं। लंबे समय से ग्रामीण दिक्कतें झेल रहे हैं। प्रदेश सरकार रामपुर डिपो में बसों की कमी को पूरा नहीं कर पा रही है।

रोजाना पांच बसें कार्यशाला में मरम्मत के लिए खड़ी रहती हैं। लंबे समय से लोग बसों की कमी को पूरा करने की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। निगम प्रबंधन पुरानी खटारा बसों के सहारे ही बस सेवाएं चला रहा है। नई बसें न होने के कारण अकसर ग्रामीण रूटों पर पुरानी बसें भेजी जा रही हैं, जो आए दिन बीच रास्ते में हांफ जाती हैं, जिससे यात्रियों को परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। गौर हो कि किसी समय परिवहन निगम का रामपुर डिपो कमाऊ पूत माना जाता था, लेकिन समय के साथ साथ डिपो की हालत खस्ता होती गई।

रामपुर डिपो को सुचारु रूप से परिवहन सेवाएं देने के लिए कम से कम 25 बसों की आवश्यकता है। क्षेत्र के हृदयाल सिंह, अनिल कुमार, मंगल पाण्ड्य, जॉनी, रोहित, ज्योति सहित अन्य ने कहा कि निगम ग्रामीण रूटों पर पुरानी और खटारा बसों को भेज रहा है, जो आधे रास्ते ही खड़ी हो जाती हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार और परिवहन निगम प्रबंधन से रामपुर डिपो को जल्द से जल्द नई बसें मुहैया करवाने की मांग की है।

## तत्तापानी में आपदा जोखिम न्यूनीकरण व निपटने के लिए प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यशाला शुरू

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान**

**सुन्नी।** आपदा जोखिम न्यूनीकरण व आपदा जोखिम से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी के सौजन्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी से जिला सर्व समन्वयक अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत तत्तापानी के सामुदायिक भवन में किया गया।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में ग्राम पंचायत सांविधार, साहज, तत्तापानी व थली के लगभग 60 स्वयंसेवी प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। जिला प्रशासन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से जिला की विभिन्न पंचायतों में प्रशिक्षण व जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है ताकि समय रहते लोगों को जागरूक किया जाए और आपदा जोखिम को कम किया जा सके।।

प्रशिक्षण शिविर के दौरान जिला सर्व समन्वयक अमरजीत सिंह ने आपदा से जुड़े विभिन्न पहलुओं के ऊपर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा इस कार्याशाला का आयोजन आपदा प्रबंधन को लेकर लोगों को संवेदनशील बनाने और उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित स्वयंसेवियों को भूस्खलन, बादल फटना, जंगल की आग, सड़क सुरक्षा, बाढ़ के समय बरती जाने वाली विभिन्न सावधानियों व घटना स्थल से प्रभावितों को सुरक्षित बाहर निकालने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने स्वयंसेवी प्रशिक्षुओं को भूकंप के दौरान क्या करें क्या ना करें और भूकंप के दौरान पानी कैसे पिए, कैसे पानी का इस्तेमाल करें इसकी विस्तृत जानकारी दी ।

उन्होंने कहा कि समस्त सर्व टास्क फोर्स यूथ वॉलिंटियर व आपदा मित्र किसी भी प्रकार की आपदा के दौरान सहयोग के लिए तत्पर रहे और उस स्थिति में ग्रुप के माध्यम से ही अपने क्षेत्र की जानकारी जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को टोल फ्री नंबर 1077 पर तुरंत सूचना दें।



तत्तापानी में प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान आपदा से निपटने के गुर सीखते स्वयंसेवी।

## पनोह के पास युवाओं की खतरनाक स्टंटबाजी

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, पुलिस सख्त



किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर पनोह कस्बे के समीप स्टंटबाजी करते युवक।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**हिमाचल** की शांत एंव खूबसूरत पहाड़ियों की ओर देश-विदेश से हर साल लाखों सैलानी रुख करते हैं, लेकिन कुछ लापरवाह पर्यटक और स्थानीय युवा इन स्थलों को खतरनाक स्टंट की जगह में तब्दील कर रहे हैं। ताजा मामला किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर पनोह कस्बे के समीप सामने आया है, जहां कुछ युवकों ने चलती कार से बाहर लटककर जानलेवा स्टंट कर डाला। इस घटना का वीडियो एक जागरूक नागरिक ने फेसबुक पर शेयर किया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि सफेद रंग की गाड़ी में सवार युवक खिड़कियों और सनरूफ से बाहर निकलकर स्टंट कर रहे हैं। इस दौरान गाड़ी तेज रफ्तार से फोरलेन पर दौड़ रही है, और ऐसा प्रतीत होता है कि युवकों को अपनी जान की कोई परवाह नहीं। तेज रफ्तार, तीखे मोड़ और भारी वाहनों की आवाजाही वाली इस सड़क पर इस तरह की हरकतें न केवल इन युवाओं के लिए बल्कि अन्य यात्रियों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकती हैं।

#### लोगों ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

**स्थानीय** लोगों ने इस गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार की कड़ी आलोचना करते हुए प्रशासन से मांग की है कि ऐसे युवाओं पर तुरंत प्रभाव से कानूनी कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि इस तरह की हरकतें न केवल सड़क सुरक्षा के नियमों का मजाक उड़ाती हैं, बल्कि हिमाचल की छवि को भी धूमिल करती हैं।

#### यातायात नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं : शिव चौधरी

**अतिरिक्त** पुलिस अधीक्षक बिलासपुर शिव चौधरी ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चलती गाड़ी में स्टंट करना कानूनन अपराध है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सभी से अपील है कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और दूसरों की जान को खतरे में न डालें। वीडियो की जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही वाहन मालिक व स्टंट करने वाले युवकों की पहचान कर उनके खिलाफ आईपीसी की धाराओं और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## झंडूता बाजार में वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था होगी लागू

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल प्रशासन ने बाजार में गंदगी, अव्यवस्थित पार्किंग और ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। उपमंडलीय अधिकारी (एसडीएम) अर्शिया शर्मा, विकास खंड अधिकारी संजीव पुरी और पुलिस थाना प्रभारी जगदीश कुमार ने बाजार का दौरा कर समस्याओं का जायजा लिया और समाधान के लिए निर्देश जारी किए। प्रशासन ने बाजार में वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने, गाड़ियों के लिए चिन्हित स्थानों पर पार्किंग और नो पार्किंग जोन निर्धारित करने का निर्णय लिया है। यह कदम दुकानदारों, ग्राहकों, बस और टैक्सी चालकों को हो रही असुविधा को कम करने के लिए उठाया गया है। खासकर स्कूल के समय में बच्चों को होने वाली परेशानी को ध्यान में रखा गया है। एसडीएम ने बताया कि कई गाड़ियां दो-तीन दिन तक बाजार में खड़ी रहती हैं, जिससे दुकानें प्रभावित होती हैं। इसे रोकने के लिए पार्किंग की समयसीमा निर्धारित की गई है। अगले दो-तीन दिनों में इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिए जाएंगे। तीनों विभागों ने मिलकर बाजार में गंदगी और अव्यवस्थित पार्किंग पर नियंत्रण के लिए यह कार्रवाई शुरू की है, ताकि स्थानीय लोगों और दुकानदारों को राहत मिल सके। वहीं बाजार आने वाले लोगों को भी वाहन पार्क करने में सुविधा मिलेगी।

# मतवाना गांव में भीषण पेयजल संकट एक माह से बूंद-बूंद को तरस रहे लोग

### लोग बोले- शिकायत के बाद भी नहीं किया गया समाधान, ब्लॉकेज का लगाते बहाना

**नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं की लुहारवीं पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांव मतवाना में पिछले एक महीने से ग्रामीणों को भीषण पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। गांव के कई परिवार पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे हैं। इससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार जलशक्ति विभाग और वाटर गार्ड से संपर्क किया, लेकिन समस्या का अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। वाटर गार्ड की ओर से बार-बार यही कहा जा रहा है कि पाइपलाइन में ब्लॉकेज की समस्या है, जिसे जल्द ही ठीक किया जाएगा, लेकिन पिछले एक महीने से यही बहाना दोहराया जा रहा है। इससे ग्रामीणों में गहरा रोष है।



संदीप, राजेंद्र पाल, ज्योति कुमारी, माया देवी, ब्रह्मानंद ,नीरज आदि ग्रामीणों का कहना है कि गांव के बाहर लगे सरकारी हैंडपंप से कुछ लोग तो किसी तरह पानी की व्यवस्था कर लेते हैं, लेकिन जिनके पास पशु हैं, उन्हें विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय जलस्रोत या तो सूख चुके हैं या काफी दूर हैं, जिससे पशुओं और लोगों दोनों के लिए पानी की भारी किल्लत हो रही है। कुछ परिवारों के पास निजी हैंडपंप हैं, लेकिन जिन्हें यह सुविधा नहीं है, वे पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। गर्मी और बरसात के बीच पानी की कमी ने हालात को और बदतर बना दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत प्रतिनिधियों को भी इस गंभीर समस्या से अवगत करवाया गया है, लेकिन इसके बावजूद कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो वे धरने पर बैठने को मजबूर हो जाएंगे। इसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और प्रशासन की होगी। ग्रामीण प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर पेयजल व्यवस्था बहाल करने की मांग कर रहे हैं।

> **मामला** ध्यान में नहीं था। ऐसी कोई भी शिकायत है उनके पास नहीं आई है। पता किया जाएगा की पानी की समस्या गांव में क्यों आ रही है, अगर पानी की पाइपों में किसी तरह की ब्लॉकेज है, तो जल्द ठीक करवाई जाएगी, ताकि ग्रामीणों को जल्द से जल्द पानी उपलब्ध हो सके।
> **-मस्त राम चौहान सहायक अभियंता, जलशक्ति विभाग घुमारवीं।**

## कोटधार-बाघछाल से चंडीगढ़ बस सेवा शुरू करने की मांग

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल झंडूता के पिछड़ा क्षेत्र कोटधार से बिलासपुर व स्वारघाट चंडीगढ़, नालागढ़, बद्दी, परमाणु वाया बाघछाल पुल से होते हुए एचआरटीसी की बस सेवा शुरू करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सुबह 8 से 10 बजे के बीच चंडीगढ़ व बिलासपुर के लिए इस क्षेत्र से कोई बस सेवा उपलब्ध नहीं है। इस कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अमरनाथ धीमान ने बताया कि उनको अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचने के लिए कई बसों मे सफर करना पड़ता है। नौकरी करने वाले कर्मचारियों को काफी परेशानी हो रही है। इससे पहले पुल न बनने के कारण उनको भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब पुल बनने के बाद भी ग्रामीणों को इन सुविधाओं से वंचित रखा गया है।

शाहतलाई से लेकर अमृतसर तक के यात्रियों को भारी परेशानी

## खेलो इंडिया के धावकों ने जीते 15 पदक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**एथलेटिक्स** संघ की ओर से प्रथम राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता बिलासपुर जिले के कैहलूर संथैटिक स्टेडियम में 7 और 8 जून को अयोजित की गई। इसमें प्रदेशभर के 700 धावक एवं धाविकाओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में आयु वर्ग -10,-12,-14,-16,-18,-20, पुरुष व महिला वर्ग, वेटरन वर्ग के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ठाकुर रामलाल रहे। इस प्रतिभोगिता में खेलो इंडिया के खिलाड़ियों ने 15 मेडल हासिल किए हैं। 8 गोल्ड 4 सिल्वर व 3 ब्रॉन्ज मेडल जीते।



बिलासपुर जिले में आयोजित प्रतियोगिता में 700 धावक एवं धाविकाओं ने भाग लिया।

| स्वर्ण पदक | | रजत | कास्य |
|---|---|---|---|
| गुनगुन-1 | अरुषी-2 | तनिष्का-2 | गुनगुन-1 |
| शरद्धा-1 | दिव्या-2 | अनन्या-2 | श्रद्धा-1 |
| सविता-1 | अनन्या-1 | वंशिका-1 | तनिष्का-1 |

रोहित- कास्य
गुरुवानी - रजत
अंशुल - 2 रजत

प्रशिक्षक गोपाल ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष हम राष्ट्र स्तर के मेडल जीत कर हिमाचल व खेलो इंडिया केंद्र का नाम रोशन करेंगे।

## वरिष्ठ नागरिक सभा की मासिक बैठक 21 को

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** वरिष्ठ नागरिक सभा बिलासपुर की मासिक बैठक 21 जून को वरिष्ठ नागरिक सभागार रौड़ा सेक्टर समीप नगर परिषद विश्रामगृह बिलासपुर में प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता डॉ. जेएन मिश्रा करेंगे। महासचिव मस्तराम वर्मा ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा व महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। वर्मा ने समस्त सदस्यों से निर्धारित स्थान व समय पर बैठक में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

## कार्यकर्ताओं से संवाद करेगी आम आदमी पार्टी : बलदेव

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बलदेव राज ने कहा कि (आप) हिमाचल इकाई ने जुलाई माह के पहले सप्ताह से प्रदेशभर में 'जिला संवाद सम्मेलन' आयोजित करेगी। इन सम्मेलनों में 'आप' के प्रदेश प्रभारी रितुराज गोविंद झा, सह प्रभारी विजय फुलारा, प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर समेत प्रदेश टीम पूरे प्रदेश का दौरा करेगी। इसका मुख्य उद्देश्य जमीनी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करना और बूथ स्तर तक पार्टी संगठन को मजबूत करना है। बलदेव राज ने बताया कि इन सम्मेलनों के माध्यम से हम अपने आम कार्यकर्ताओं का मन टटोलेंगे और उनकी आकांक्षाओं तथा सुझावों को समझेंगे। हमारा लक्ष्य 'आप' की विचारधारा से जुड़े उन जमीनी कार्यकर्ताओं से संवाद करना है, जिन्होंने निःस्वार्थ भाव से पार्टी के लिए काम किया है। इन संवाद सम्मेलनों के दौरान कार्यकर्ताओं के सुझावों के आधार पर ही प्रदेश संगठन का पुनर्गठन किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि काम के आधार पर आगे की जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। हर एक अच्छे कार्यकर्ता को आगे लाया जाएगा और उन्हें पार्टी की मुख्यधारा में जोड़ा जाएगा।

### नोग गांव में भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीणों से मिले उपायुक्त

## प्रभावित परिवारों को मिलेगा न्याय : राहुल

**भानुपल्ली बिलासपुर बैरी रेलवे टनल का विरोध जारी**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**भानुपल्ली**-बिलासपुर बैरी रेलवे टनल को लेकर नोग गांव में चल रही भूख हड़ताल करने वाले ग्रामीणों से मिलने के लिए मंगलवार को उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार नोग गांव पहुंचे। उन्होंने टनल निर्माण से प्रभावित हुए परिवारों से बातचीत की।

निरीक्षण के बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन इस मामले को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है और कोई भी प्रभावित परिवार न्याय से वंचित नहीं रहेगा। ग्रामीणों की ओर से लगाए गए हैं कि रेलवे प्राधिकरण और निर्माण कंपनी जबरन टनल का कार्य करने का प्रयास कर रही है और प्रशासन की ओर से भी उन्हें न्याय नहीं दिलाया जा रहा है। इस पर प्रशासन ने तय किया है कि मंगलवार को बिलासपुर में रेलवे, जिला प्रशासन और प्रभावित ग्रामीणों की संयुक्त बैठक बुलाई जाएगी। इस बैठक में सभी मुद्दों पर खुलकर चर्चा होगी और स्थायी समाधान पर विचार किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि हर परिवार की समस्या को व्यक्तिगत रूप से सुना जाएगा।



नोग गांव में भूख हड़ताल करने वाले ग्रामीणों से मिलते डीसी राहुल।

#### ग्रामीण बोले- स्थायी समाधान तक आंदोलन जारी रहेगा

**ग्रामीणों** ने प्रशासन की सक्रियता पर आंशिक संतोष जताया, लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि जब तक स्थायी समाधान नहीं निकलेगा, उनका आंदोलन जारी रहेगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि बीते कुछ महीनों में रेलवे टनल के निर्माण से भूमि धंसाव, कंपन और दीवारों में दरारें बढ़ती जा रही हैं, जिससे जानमाल को खतरा उत्पन्न हो गया है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक संदीप धवल, अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मणिमहेश झील तक होगी साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भगवान शिव के पावन धाम मणिमहेश यात्रा मार्ग को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से एक विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 15 से 30 जुलाई तक हड़सर से मणिमहेश झील तक चलाया जाएगा। प्रत्येक वर्ष लाखों शिव भक्त श्रद्धा और आस्था से ओतप्रोत होकर इस पवित्र यात्रा पर निकलते हैं। लेकिन बीते कुछ वर्षों में यात्रा मार्ग पर प्लास्टिक, बोतलें, रैपर और अन्य कचरा बड़ी मात्रा में जमा हो रहा है, जिससे न केवल प्राकृतिक सौंदर्य को क्षति पहुंची है बल्कि पर्यावरण और वन्यजीवों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है। आयोजकों का कहना है कि भगवान शिव स्वयं प्रकृति के रक्षक हैं, ऐसे में मणिमहेश यात्रा को स्वच्छ बनाए रखना प्रत्येक शिव भक्त का धर्म है। इस अभियान को एक सेवा और सच्ची भक्ति के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें सहभागिता करके श्रद्धालु न केवल अपनी आस्था को साकार कर सकते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए इस आध्यात्मिक स्थल को संरक्षित भी कर सकते हैं।

### शिक्षक के तबादले का एसएमसी ने किया विरोध

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला तराला, शिक्षा खंड मैहला-1, जिला चंबा की विद्यालय प्रबंधन समिति की एक बैठक समिति के अध्यक्ष संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें स्कूल में कार्यरत शिक्षक अशोक कुमार का राजकीय प्राथमिक पाठशाला लुडेरा में हाल ही में किया गया तबादला रद्द करने की मांग की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में पाठशाला में 40 छात्रों का नामांकन है और यहां 2 जेबीटी तथा 1 सीएचटी पद स्वीकृत हैं। 23 मई को सीएचटी पद भरा गया था, लेकिन इसके बाद एक जेबीटी शिक्षक का तबादला कर दिया गया, जिससे विद्यालय में शिक्षकों की भारी कमी हो गई है। विद्यालय में कुल आठ कक्षाएं संचालित हो रही हैं, जिसे दो शिक्षकों के लिए संभालना अत्यंत कठिन हो जाएगा। समिति ने बताया कि वर्तमान शिक्षकगण छात्रों के नामांकन और उनके सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत रहे हैं, जिसके चलते निजी विद्यालयों से भी विद्यार्थी यहां स्थानांतरित हुए हैं। समिति ने कहा कि अशोक कुमार का तबादला उनकी अनुमति के बिना किया गया है, जो कि सरासर अनुचित है।

### गुर्जर समुदाय के लिए लगाया विशेष कैंप



**अनंत ज्ञान, साहू।** साहू वन विश्रामगृह में वन विभाग द्वारा गुर्जर समुदाय के लिए एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य ग्रेजिंग परमिट के नवीनीकरण की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाना था। गुर्जर समुदाय की आवश्यकताओं को देखते हुए यह आदेश जारी किया था। इस शिविर का आयोजन सदर चंबा के विधायक नीरज नैयर के निर्देशानुसार किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अधिकारी सुशील कुमार सहित वन विभाग की टीम व अन्य अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कैंप के दौरान गुर्जर समुदाय के लोगों को उनके पशुओं के लिए चरागाह संबंधी आवश्यक दस्तावेजों का नवीनीकरण किया गया और उन्हें नियमों की जानकारी भी दी गई।

### पंडोह में कबड्डी खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** अंडर-18 यूथ गेम्स 2025 के लिए कबड्डी खिलाड़ियों के जिला स्तरीय ट्रायल मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पंडोह में संपन्न हुए। जिसमें दोनों वर्गों लड़के-लड़कियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जानकारी देते हुए जिला कबड्डी संगठन के सचिव नेत्र सिंह ठाकुर ने बताया कि अंडर-18 के राष्ट्रीय स्तर पर पहली 18 यूथ गेम्स 2025 के नाम पर शुरू किया जा रहा है। जिसके लिए हिमाचल प्रदेश की टीम का भी चयन किया जाएगा। जो नाहन के पांवटा साहिब में 21 व 22 जून को होने जा रहा है। जिसके लिए पंडोह में ट्रायल लिया गया। ट्रायल में 45 लड़के व 21 लड़कियों ने भाग लिया इनमें से 14 लड़के व 14 लड़कियां सलेक्ट की गई हैं। जो सिरमौर के नाहन में अपना दमखम दिखाएंगे। इस मौके पर कबड्डी एसोसिएशन के प्रधान टेक चंद शर्मा उप प्रधान महेंद्र पाल शर्मा कबड्डी कोच धूम राज ने विशेष रोल अदा किया।

### खड़िहार व तरेबली सड़कों का किया भूमि-पूजन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जीवन ठाकुर ने सोमवार को क्षेत्र की दो प्रमुख सड़कों के निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत त्रैम्बली के बही, कुण्ड, नड़याली तथा छम्ब से खड़िहार सड़क और लडभड़ोल क्षेत्र की खदर पंचायत के राहड़ से रांगड़ा, सरहूण, गदयाड़ा, कड़कुही, जहल व तरेबली तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास कर विकास की दिशा में एक और कदम बढ़ाया। इन कार्यक्रमों के दौरान स्थानीय लोगों ने जीवन ठाकुर का फूल-मालाओं के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें क्षेत्र के लिए किए जा रहे विकास कार्यों के लिए धन्यवाद दिया। जीवन ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होने से लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों में नई सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि वह क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।इस मौके पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, बुजुर्ग, युवा व महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। लोगों में सड़क निर्माण को लेकर खासा उत्साह देखा गया।

### एचपीयू के पास जंगल में मिला युवक का शव पुलिस जांच में जुटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में आत्महत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले एक सप्ताह के भीतर यह दूसरी घटना है, जब एक नेपाली युवक ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। ताजा मामले में, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) के समीपवर्ती जंगल में एक युवक का शव फंदे से लटका हुआ बरामद हुआ है।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों ने एचपीयू के पास जंगल में एक पेड़ से शव लटके होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है, लेकिन पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। पुलिस शव को इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (आईजीएमसी) ले गई है, जहां पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

# एचआरटीसी बस में यात्रियों ने छाता खोलकर किया सफर

## तरेला-ओरा सड़क मार्ग पर चलने वाली बस का वीडियो वायरल

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** उपमंडल के तरेला-ओरा सड़क मार्ग पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की एक बस में यात्रियों को छाता लगाकर सफर करते देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि बस की छत से लगातार पानी टपकने के कारण लोग मजबूरी में छाता लेकर बैठे हैं।

यह दृश्य न केवल निगम की बदहाल बसों की हालत बयां कर रहा है, बल्कि इससे निगम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस रूट पर लगातार खस्ताहाल और पुरानी बसें भेजी जा रही हैं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है। स्थानीय निवासी महेंद्र ऋषि, उत्तम कुमार और मदनलाल ने बताया कि इस तरह की बसें किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकती हैं। ग्रामीणों के अनुसार, उन्होंने पहले भी कई बार इस संबंध में एचआरटीसी अधिकारियों को मौखिक रूप से और सोशल मीडिया के माध्यम से शिकायतें दी हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

ग्रामीणों की मांग है कि या तो इस रूट पर चल रही जर्जर बसों को तुरंत बंद किया जाए या फिर सुरक्षित और अच्छी स्थिति में बसें भेजी जाएं, ताकि यात्रियों की जान जोखिम में न पड़े।



एचआरटीसी बस में छाता खोलकर सफर करता यात्री।

# नगर चुवाड़ी और बनीखेत के वार्डों का अंतिम परिसीमन आदेश जारी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश ने जारी किए आदेश**

**उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने नगर पंचायत चुवाड़ी और नगर पंचायत बनीखेत के तहत वार्डों के अंतिम परिसीमन के आदेश जारी किए हैं।



जारी आदेश में कहा है कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना की अनुपालना को लेकर नगर पंचायत चुवाड़ी और बनीखेत के वार्डों को विभाजित करने और प्रत्येक वार्ड की सीमाओं को परिभाषित करने का प्रस्ताव 2 जून को जारी किया गया था। इस संबंध में 9 जून तक कोई भी प्रस्ताव, आक्षेप एवं सुझाव प्राप्त नहीं हुए थे।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश नगर पालिका चुनाव नियम 2015 के अंतर्गत नगर पंचायत चुवाड़ी और बनीखेत के संबंध में अंतिम परिसीमन आदेश जारी किए हैं। इस संबंध में वार्ड की सीमाओं की जानकारी के लिए संबंधित उपमंडल दंडाधिकारी नागरिक (एसडीएम) या सचिव नगर पंचायत के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

**नगर पंचायत चुवाड़ी के तहत विभिन्न वार्ड**

**कुठेहड** (विकासनगर), भलाड़ा वार्ड, त्रिमथ वार्ड, सुदली वार्ड, मेडिकल कलोनी, कस्बा चुवाड़ी व कस्बा चुवाड़ी-2।

**बनीखेत के तहत वार्ड**

**बैकुंठ** नगर, पुखरी, बनीखेत बस स्टैंड, बनीखेत जरेई-1, बनीखेत जरेई-II, बनीखेत गांव व 07 पघर।

# चंबा की ऐतिहासिक धरोहर गुगल स्तंभ को शरारती तत्वों ने तोड़ा, लोगों में भारी रोष

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

चंबा। शहर की ऐतिहासिक व धार्मिक पहचान माने जाने वाले 'गुगल स्तंभ' को शरारती तत्वों द्वारा तोड़ दिए जाने की घटना से पूरे शहर में आक्रोश फैल गया है। यह स्तंभ श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर के पास स्थित है, जिसे राजाओं ने सैकड़ों वर्ष पूर्व स्थापित किया था।

जानकारी के अनुसार, 11 जून की रात लगभग 3 बजे हथौड़े से इस प्राचीन स्तंभ को क्षतिग्रस्त करने वाले व्यक्ति को मोहल्लावासियों व पूर्व पार्षद ने मौके पर ही पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि दो वर्ष पूर्व भी ऐसी कोशिश की गई थी, लेकिन तब सजग नागरिकों की सतर्कता से इसे बचा लिया गया था।

गुगल स्तंभ चम्बा की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। इसे प्राचीन समय में नगर की सुरक्षा और नकारात्मक शक्तियों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से बनारस के विद्वानों द्वारा विशेष मंत्रोच्चार के साथ स्थापित किया गया था। ऐसे में इस तरह की तोड़फोड़ को स्थानीय लोगों ने न सिर्फ सांस्कृतिक धरोहर के अपमान के रूप में देखा है, बल्कि धार्मिक आस्था पर चोट माना है।

सनातन धर्म सभा, चम्बा के प्रधान सुरेश कुमार कश्मीरी ने एडीएम चंबा अमित मेहरा को ज्ञापन सौंपकर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने साथ ही मंदिर व अन्य ऐतिहासिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ाने, रात्रि गश्त को मजबूत करने तथा क्षतिग्रस्त स्तंभ की पुनः स्थापना की मांग की है। यह घटना न केवल सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहरों की संवेदनशीलता को भी उजागर करती है।



एडीएम अमित मेहरा को ज्ञापन सौंपकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# सभी विभागों के साथ साझा करें मसौदा योजना

## डीसी की अध्यक्षता में भरमौर विशेष क्षेत्र 2021-41 के संदर्भ में बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**उपायुक्त** मुकेश रेपस्वाल की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में मंगलवार को शहरी एवं नगर नियोजन विभाग द्वारा मसौदा विकास योजना भरमौर विशेष क्षेत्र 2021-41 के संदर्भ में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में भरमौर स्पेशल एरिया के लिए तैयार किए गए विकास योजना के मसौदे पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

इस दौरान बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों, शहरी नियोजन विशेषज्ञों एवं आम नागरिकों ने भाग लिया। विभागीय प्रतिनिधियों ने सभी हितधारकों को योजना की विभिन्न धाराओं, जमीन उपयोग, बुनियादी ढांचे के विकास, परिवहन व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण, पार्किंग, पर्यटन अवसंरचना और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण पर प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर उपायुक्त चंबा मुकेश रेपस्वाल ने कहा कि विकास योजना का उद्देश्य भरमौर क्षेत्र में सुनियोजित और सतत विकास सुनिश्चित करना है, जिसमें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाओं का समावेश किया गया है।

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने निर्देश दिए कि मसौदा योजना तैयार की गई है वह सभी विभागों के साथ साझा की जाए ताकि विभाग मसौदा योजना के तहत अपने विभाग से संबंधित प्रावधानों का अध्ययन कर सके और इस बारे अपने सुझाव दें ताकि मसौदा योजना व्यावहारिक और गुणवत्तापूर्ण तैयार हो सके जिस पर भविष्य में अमल किया जा सके। बैठक के दौरान सुझावों और आपत्तियों को भी आमंत्रित किया गया, जिससे अंतिम मसौदे को और अधिक प्रभावशाली तथा जनहितैषी बनाया जा सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, एडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा, अधिशासी अभियंता जल शक्ति विभाग हरमिंदर चौणा, लोक निर्माण विभाग संजय शर्मा, वन मंडल अधिकारी नवनाथ माने, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से धर्मेंद्र कुमार, खंड विकास अधिकारी रमनवीर चौहान पंचायत प्रधान भरमौर अनिल कुमार, संचुई संजीव कुमार व स्थानीय लोगों सहित कई मौजूद रहे।



भरमौर विशेष क्षेत्र 2021-41 के संदर्भ में बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त।

# एचपीयू में छात्रा पर हुए जानलेवा हमले का एबीवीपी ने किया विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**एचपीयू** में एक जनजातीय छात्रा पर हुए कथित जानलेवा हमले के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदर्शन किया। एबीवीपी ने इस घटना की निंदा करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन और पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाए हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। एबीवीपी के अनुसार, सोमवार शाम किन्नौर जिले की एक जनजातीय छात्रा पर एसएफआई (स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) के कथित तौर पर 14 सदस्यों (5 लड़कियां और 9 लड़के) ने पुस्तकालय से छात्रावास लौटते समय समर हिल चौक के पास तेजधार हथियार से हमला किया। हमले में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई।

एबीवीपी का आरोप है कि हमलावरों ने छात्रा की जनजातीय पहचान और शारीरिक बनावट का उपहास उड़ाते हुए अभद्र टिप्पणियां भी कीं।


एबीवीपी इकाई उपाध्यक्ष इंश ढटवालिया ने एस एसएफआई पर विश्वविद्यालय का माहौल खराब करने का आरोप लगाते हुए उनके दोहरे चरित्र की आलोचना की। उन्होंने कहा कि एस एसएफआई एक ओर महिला अधिकारों की बात करती है, वहीं दूसरी ओर उनके सदस्य छात्राओं को डराते-धमकाते हैं।

एबीवीपी ने यह भी दावा किया कि जनजातीय छात्रों पर यह पहला हमला नहीं है, पिछले साल भी एक जनजातीय छात्र पर एसएफआई द्वारा हमला किया गया था।

# केंद्र की चलाई गई योजनाओं को लेकर ठीक नहीं सुक्खू सरकार की मंशा: जयराम ठाकुर

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** मंडी से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार की मंशा केंद्र द्वारा चलाई गई योजनाओं को लेकर ठीक नहीं है। इसलिए केंद्र सरकार द्वारा बार-बार पत्र लिखकर आग्रह किए जाने के बाद भी विभिन्न योजनाओं के लिए सरकार केंद्र द्वारा प्रायोजित अलग-अलग खाता नहीं खोल रही है। जिसकी वजह से केंद्र की योजनाओं का क्रियान्वयन ढंग से नहीं हो पा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं को बिना किसी रोक-टोक चलाने के उद्देश्य से हर विभाग के लिए एसएनए-स्पर्श से जोड़ने की योजना बनाई है। इसके लिए केंद्र सरकार हर योजना के लिए पचास करोड़ का आर्थिक सहयोग भी दे रही है। दिसंबर में लिखे गए पत्र के बाद भी 28



योजनाओं में से 16 योजनाओं के लिए न तो सरकार द्वारा अलग से खाता खोला गया और नहीं उन्हें एसएनए-स्पर्श योजना से जोड़ा गया। प्रदेशवासियों के समग्र विकास के लिए केंद्र सरकार भरपूर सहयोग दे रही है लेकिन सुक्खू सरकार एक भी कदम बढ़ाने को तैयार नहीं है। सरकार के इस रवैए की वजह से न सिर्फ प्रदेश में हजारों करोड़ों की योजनाएं प्रभावित हो रही हैं बल्कि आधारभूत ढांचे का विकास और प्रदेशवासियों को मिलने वाले रोजगार पर भी संकट खड़ा हो रहा है। इसी के साथ ही स्पर्श योजना से जुड़ने पर प्रति योजना मिलने वाले 50 करोड़ रुपए का नुकसान भी हो रहा है। स्वयं को बहुत बड़ा अर्थशास्त्री मानने वाले मुख्यमंत्री बताए कि बार-बार सदन में बजट के लिए संघीय ढांचे का उदाहरण देकर हक की बात करते हैं और केंद्र सरकार के निर्देशों की अवेहलना करके प्रदेश को कैसे आत्मनिर्भर बनाएंगे।

# धरेच की वादियों में गूंजी तबला की मधुर तालें

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** कुसुम्पटी निर्वाचन के गांव धरेच में स्थित गुरुकुल में बीते एक सप्ताह से चल रहे समर तबला कार्निवाल का समापन हो गया। इस वार्षिक तबला कैंप में देशभर से आए 45 तबला साधकों और संगीत प्रेमियों ने भाग लिया। इस शिविर का संचालन जाने-माने तबला वादक विक्रम गंधर्व द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि बीते रोज से गिटार सिखाने के लिए एक अन्य कैंप लगाया गया है जोकि 18 जून को संपन्न होगा। जिसमे चंडीगढ़ के पुनीत जनोत रिसोर्स पर्सन की भूमिका निभाएंगे। विक्रम गंधर्व ने बताया कि उनका उद्देश्य इस कैंप के जरिए तबले की परंपरा को जीवित रखना और आने वाली पीढ़ियों को शास्त्रीय संगीत से जोड़ना है। इस शिविर में प्रतिभागी न सिर्फ तबला सीखते हैं।

### सूडोकू नवताल- 7464

★✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7463 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

**बुधवार, 18 जून 2025**

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत ज्येष्ठ, **तिथि** सप्तमी (01:37) : **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपद (00:23), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** प्रीति (07:39), अभीजित (कोई नहीं)। **राहुकाल** (12:22-02:06)।

**विशेष दिन**

- 18 जून 2025: मासिक कालाष्टमी आज।
- 18 जून 2025: 8विश्व पिकनिक दिवस आज।

**मेषः** आपके रहन-सहन से लोग प्रभावित होंगे। खान-पान अनुकूल मिलेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा तथा मन में प्रसन्नता होगी। कार्यस्थल पर रुचि बढ़ेगी। साहस में वृद्धि होगी।

**वृषः** समय रहते जरूरी दस्तावेज संभाल लें। मनोवांछित सफलता प्राप्त करेंगे। पारिवारिक सुख व सहयोग बढ़ेगा। पिता या किसी बड़े किसी व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुनः** अनचाहे काम करना होंगे। दांपत्य संबंध में सुधार होगा। व्यवसायिक स्थिति में पहले से राहत मिलेगी। नई योजना बनेगी। घर-परिवार का सुख बढ़ेगा। पिता से अनबन हो सकती है।

**कर्कः** कमजोर रणनीति के कारण मनचाही सफलता नहीं मिल पाएगी। नए कार्यक्षेत्र में प्रवेश की संभावना है। आर्थिक मामलों में किसी अनुभवी की राय लेना बेहतर रहेगा।

**सिंहः** परिवार के मांगलिक आयोजनों की रूपरेखा बनेगी। ज्ञान-चित्रकारी में रुचि बढ़ेगी। कानूनी झंझटों से राहत मिल सकती है। मुकदमें आदि में आपकी विजय होगी।

**कन्याः** दिन अनुकूल है, स्वास्थ्य में सुधार होगा। मन में निराशा व उदासी का भाव खत्म होगा। किसी को भी अपने राज न बताये। अपकीर्ति हो सकती है, सतर्क रहें। मनोबल में वृद्धि होगी।

**तुलाः** दोस्तों की चिंता रहेगी। सूझ-बूझ द्वारा कार्यो में सफलता मिलेगी। अपनी क्षमता, योग्यता का भरपूर इस्तेमाल करेंगे और सफल होंगे। रुका पैसा प्राप्त करने के प्रयास सफल होंगे।

**वृश्चिकः** निर्माण कार्य में हो रहे विलंभ से चिंता बढ़ेगी। दाम्पत्य सुख मिलेगा। व्यापारिक तथा कार्यक्षेत्र में उन्नति के लिए दिन अनुकूल रहेगा। किसी व्यक्ति से मतभेद हो सकता है।

**धनुः** रुके निर्माण कार्यों में गती आयेगी। साझेदारी के कार्यों में विशेष लाभ होगा। व्यवसायिक समय शुभ रहेगा। साहस व पराक्रम के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे।

**मकरः** नई ऊर्जा के साथ दिन की शुरुआत होगी। घरेलू कामकाज के चलते व्यस्त रहेंगे। कार्यस्थल पर नौकरों की समस्या बनी रहेगी। भूमि भवन में निवेश कर सकते है।

**कुंभः** आपकी बातों को महत्व मिलेगा। परिजनों के साथ यात्रा होगी। विवाह में आ रही अड़चन दूर होगी। राजनीति से जुड़े लोग विश्वासघात का शिकार हो सकते हैं।

**मीनः** आपकी मेहनत और सूझ-बूझ से उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। समय शुभ व अनुकूल फलों को देने में समर्थ होगा। भाई व मित्रों का सहयोग मिलने से कार्य पूरे होंगे।

# 'आप' जुलाई से शुरू करेगी जिला संवाद सम्मेलन: शशिकांत

## प्रदेशभर के कार्यकर्ताओं से करेगी सीधा संवाद और संगठन के पुनर्गठन की प्रक्रिया को देगी नई दिशा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**प्रदेश** में आम आदमी पार्टी अब संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। पार्टी ने घोषणा की है कि जुलाई के पहले सप्ताह से प्रदेश के सभी जिलों में 'जिला संवाद सम्मेलन' आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान के जरिए पार्टी की प्रदेश टीम सीधे जमीनी कार्यकर्ताओं से संवाद करेगी और संगठन के पुनर्गठन की प्रक्रिया को नई दिशा देगी। चंबा जिले के आम आदमी पार्टी के जिला सचिव शशिकांत ने जारी बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन सम्मेलनों में प्रदेश प्रभारी रितुराज गोविंद झा, सह प्रभारी विजय फुलारा, प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर समेत समूची प्रदेश टीम हिस्सा लेगी।



शशिकांत ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य उन कार्यकर्ताओं की आवाज़ सुनना है, जिन्होंने निःस्वार्थ भाव से पार्टी के लिए काम किया है। संवाद सम्मेलनों में कार्यकर्ताओं के विचार, सुझाव और आकांक्षाओं के आधार पर संगठन का पुनर्गठन किया जाएगा। **पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए 5 प्रमुख रणनीतियां- सीधा संवादः** पार्टी की प्रदेश टीम बूथ स्तर तक जाकर कार्यकर्ताओं से संवाद करेगी। **कार्यकर्ता मूल्यांकन एवं प्रोत्साहनः** कार्यकर्ताओं के कार्यों का निष्पक्ष मूल्यांकन कर समर्पित कार्यकर्ताओं को संगठन में प्रमुख जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। **प्रशिक्षण और क्षमता निर्माणः** कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों व विचारधारा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। **बूथ स्तर पर सक्रिय इकाइयांः** प्रत्येक बूथ पर मज़बूत इकाइयां बनाकर संगठनात्मक ढांचा सुदृढ़ किया जाएगा। **पारदर्शिता और जवाबदेहीः** पार्टी संगठन में पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाएगी। निर्णय प्रक्रिया में सभी कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# बारिश से ठंडी हुई पर्यटक नगरी डलहौजी, किसान व पर्यटक खुश

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान**

**डलहौजी।** पर्यटक नगरी डलहौजी लगातार हो रही बारिश से एकदम ठंडी हो गई है। मौसम विभाग की माने तो 20 जून से हिमाचल में मानसून उतर रही है, लेकिन डलहौजी में एक सप्ताह पहले ही बरसात का सिलसिला शुरू हो गया है। इस साल डलहौजी में पर्यटकों की संख्या बहुत कम हुई है जबकि पड़ोसी राज्य पंजाब में पहली जून से स्कूलों में छुट्टियां पड़ गई हैं। लेकिन फिर भी डलहौजी में पर्यटक बहुत कम दिखाई दिए।

डलहौजी में दो-तीन दिन काफी गर्मी का एहसास हुआ लेकिन चिलचिलाती गर्मी में बारिश ने आकर पर्यटकों के साथ किसान और बागवान के चेहरों पर भी खुशी की लहर दौड़ आई है। किसान और बागवान इस बारिश को किसी वरदान से कम नहीं मान रहे हैं। किसानों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से बारिश न होने से सूखे की स्थिति बनी हुई थी। जिससे कि टमाटर और मक्की के फैसले सूखने की कगार पर थी। लेकिन इस बारिश से खेतों में फसल को जान पड़ गई है। किसानों का कहना है कि अगर बारिश और आ जाए तो इस बार फसल अच्छी हो जाएगी। वहीं डलहौजी होटल व्यवसाई और टैक्सी मालिकों और चालकों का कहना है बारिश होने से पर्यटकों को गर्मी सथो ड़ी राहत मिली है । लगता है कि बाकी बची छुट्टियों में पर्यटक मौसम को देखते हुए डलहौजी की और रुख करेंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भनबाड़**
**विकास खंड सुंदरनगर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचयात भनवाड़ में वर्ष 2025-26 के विकास कार्यो को लेकर निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अधिकृत फर्म/व्यक्ति से मुहर बंद निविदा दिनांक 21-06-2025 को शाम 3 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। जो 23-06-2025 को अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यलय में खोली जायेगी।

**सामग्री का विवरण निम्न है।**
रेत खड्ड प्रतिघन मीटर, 2. रेत क्रशर प्रतिघन मीटर, 3. बजरी खड्ड 20 एमएम, 40एमएम, प्रतिघन मीटर, 4. बजरी क्रशर 20एमएम, 40एमएम, प्रतिघन मीटर. 5. पत्थर बोल्डर प्रति घन मीटर.6. पक्की ईट प्रति हजार. 7. कटिंग जेसीबी मशीन /ब्रेकर प्रति घंटा. 8 कैरिज सीमेंट सुंदरनगर से कार्य स्थल तक. / प्रति बैग 9. शटरिंग प्रति घन मीटर.10. सरिया/एंगल प्रति कविन्ल.11. जीआई सीट 40एमएम 45एमएम प्रति एमएम, 12. साईन बोर्ड 2 × 3, 3 × 4 फुट सामग्री व पेंटिंग सहित प्रति बोर्ड के रेट आमंत्रित किए गए है।

**शर्तेः-** 1. निविदादाता के पास अपना जीएसटी पंजीकरण प्रति जमा करनी होगी। 2. ठेकेदार/ सप्लायर को सामग्री के हर बील के साथ एमफार्म जमा करवाने होंगे। 3. सप्लायर को 50000 राशि बतौर धरोहर जमा करनी होगी। 4. सप्लायर को समय पर और गुणवता पूर्ण सामग्री की आपूर्ति नहीं करने पर निविदा रदद की जाएगी। को बिना कारण स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 5. निविदा पास होने पर पंचायत के साथ करार करना होगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत भनबाड़।**

**अनंत Classifieds**

**नाम परिवर्तन**

**मैं, सुरेन्द्र यादव**, पुत्र श्री रामानंद यादव, निवासी गांव व डाकघर-राम चौक, नजदीक नरयाल जनरल स्टोर, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176061, मैं घोषणा करता हूँ कि मेरा नाम वर्तमान में 'सुरिंदर यादव' के रूप में गलत लिखा गया है, जो कि गलत है। मेरा नाम 'सुरेन्द्र यादव' में सुधार करना चाहता हूँ, जो कि सही वर्तनी है। यह सभी को सूचित किया जाता है।

**NAME CHANGE**

**I, Ganga Devi** aged 36 years W/O SH. Gagan Thakur RO VPO Jagatsukh, Tehsil Manali, Distt Kullu HP 175143. Solemnly declare that my son namely "RUDRA THAKUR" has born on (30-04-2011) Manali, District Kullu H.P. My son name has been written wrongly as "RUDRA KUMAR" in place of "RUDRA THAKUR" in the birth Certificate of my son. I wants to correct my son name as "RUDRA THAKUR" in place of "RUDRA KUMAR" in the birth Certificate. All Concerned note it.

सामाजिक न्याय तब प्राप्त होता है जब सबसे अधिक हाशिए पर पड़े लोगों की बात सुनी जाती है और उनका उत्थान किया जाता है। -सावित्रीबाई फुले

## संपादकीय

# पाक से नाराज एफएटीएफ

पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने न केवल भारत को झकझोर कर रख दिया, बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजरों को भी पाकिस्तान की ओर घुमा दिया है। इस हमले में कई निर्दोष लोगों की जान गई, जिसमें तीर्थयात्री और सुरक्षाकर्मी शामिल थे। इस हमले के बाद पाकिस्तान एक बार फिर वैश्विक स्तर पर घिरता नजर आ रहा है और उस पर आतंकवाद को बढ़ावा देने के गंभीर आरोप लगे हैं। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) जो कि आतंकवाद के लिए धन की आपूर्ति को रोकने वाली वैश्विक संस्था है, ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे एक सुनियोजित आतंकवादी घटना करार दिया है। एफएटीएफ ने यह स्पष्ट कहा कि ऐसा हमला आतंकी फंडिंग के बिना संभव नहीं हो सकता। इससे यह संकेत मिलता है कि पहली बार एफएटीएफ ने सीधे पाकिस्तान को इस प्रकार के हमले से जोड़ने का प्रयास किया है। पाकिस्तान पहले भी कई वर्षों तक एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में रह चुका है, जिससे उसे भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। ग्रे लिस्ट में डाले जाने से किसी देश की आर्थिक गतिविधियों की वैश्विक निगरानी बढ़ जाती है।

ऐसे देश को अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से कर्ज, निवेश और अन्य वित्तीय सहायता मिलने में कठिनाई होती है। विदेशी कंपनियां ऐसे देशों में निवेश करने से कतराती हैं और देश की मुद्रा पर भी विपरीत असर पड़ता है। अगर पाकिस्तान एक बार फिर ग्रे लिस्ट में डाला जाता है, तो उसकी पहले से ही संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था पर और भारी असर पड़ेगा। पहले ही पाकिस्तान विदेशी मुद्रा भंडार, महंगाई, बेरोजगारी और राजनीतिक अस्थिरता जैसे मुद्दों से जूझ रहा है। एफएटीएफ की कार्रवाई के बाद विश्व बैंक, आईएमएफ और अन्य आर्थिक संस्थाएं भी पाकिस्तान को मदद देने से परहेज करेंगी। भारत लंबे समय से यह आरोप लगाता रहा है कि पाकिस्तान की धरती पर पलने वाले आतंकी संगठन भारत में हमलों को अंजाम देते हैं। चाहे वो 26/11 का मुंबई हमला हो, उड़ी, पुलवामा या अब पहलगाम-इन घटनाओं की जांच से एक ही धागा निकलता है और वह है पाकिस्तान स्थित आतंकी समूहों की भूमिका। हालांकि, पाकिस्तान बार-बार इन आरोपों को नकारता आया है, परंतु अंतरराष्ट्रीय समुदाय अब इन दावों को गंभीरता से लेने लगा है। अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन और अन्य देशों ने भी भारत के साथ एकजुटता दिखाते हुए इस हमले की आलोचना की है।

इससे पाकिस्तान की वैश्विक छवि को गहरा आघात पहुंचा है। वर्तमान परिस्थितियों में पाकिस्तान के पास बहुत सीमित विकल्प बचे हैं। यदि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी साख बचाना चाहता है, तो उसे आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी होगी। इसके लिए उसे आतंकी संगठनों पर प्रतिबंध और कार्रवाई होगी। पाकिस्तान को लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों पर सख्ती से प्रतिबंध लगाना होगा और उनके सरगनाओं को गिरफ्तार कर भारत या अंतरराष्ट्रीय न्यायालय को सौंपना होगा। धार्मिक कट्टरता पर नियंत्रण करना होगा। पाकिस्तान में चल रहे कट्टरपंथी संगठनों पर अंकुश लगाना जरूरी है जो युवाओं को गुमराह कर आतंकवाद की ओर धकेलते हैं। वहीं, पारदर्शी नीति भी बेहद लाजिमी भी है। पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने अपने कदमों की पारदर्शी जानकारी देनी चाहिए और यह दिखाना चाहिए कि वह आतंकवाद को लेकर गंभीर है। भारत से संवाद की पहल उसे करनी ही होगी। पाकिस्तान को भारत के साथ विश्वास बहाली के उपाय शुरू कर देने चाहिए। इसका पहला कदम होगा-अपनी गलतियों को स्वीकार करना और दोबारा ऐसे हमलों की पुनरावृत्ति न होने का लिखित और सार्वजनिक आश्वासन देना।

भारत सरकार ने अब तक इन मुद्दों पर स्पष्ट और कठोर रुख अपनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की विदेश नीति आतंकवाद के खिलाफ 'कठोर प्रतिकार' की नीति को बढ़ावा देती रही है। हालांकि, भारत यह मानता है कि किसी भी जटिल मुद्दे का हल संवाद से ही निकल सकता है, लेकिन जब तक पाकिस्तान वास्तविक और ठोस कार्रवाई नहीं करता, तब तक भारत के लिए उस पर भरोसा करना मुश्किल होगा। भारत को चाहिए कि वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान की भूमिका को उजागर करता रहे और एफएटीएफ, संयुक्त राष्ट्र, जी20 जैसे समूहों में लगातार इस मसले को उठाए। इसके अलावा, भारत को क्षेत्रीय सहयोग को भी मजबूत करना चाहिए, ताकि दक्षिण एशिया में आतंकवाद के खिलाफ साझा रणनीति विकसित की जा सके। भारत और पाकिस्तान के रिश्ते ऐतिहासिक रूप से तनावपूर्ण रहे हैं। हर बार जब कोई आतंकी हमला होता है, तब दोनों देशों के बीच की दूरी और बढ़ जाती है, लेकिन यदि पाकिस्तान सच्चे मन से आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगाता है और भारत के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद की पहल करता है, तो संबंधों में सुधार की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। भारत को भी अपनी कूटनीति में संतुलन बनाए रखना होगा। एक ओर आतंकी घटनाओं के प्रति कठोरता और दूसरी ओर सामान्य पाकिस्तानियों के प्रति संवेदनशीलता, जो स्वयं भी आतंकवाद के शिकार हैं। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### सबसे कम उम्र की सांसद

**गोड्डेति** माधवी भारतीय राज्य आंध्र प्रदेश की महिला राजनीतिज्ञों में से एक हैं। वह अराकु, जो कि आंध्र प्रदेश का अनुसूचित जनजाति क्षेत्र हैं, से सत्रहवीं लोकसभा की सांसद हैं। गोड्डेति माधवी राजनीतिक दल वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की सदस्य हैं। भारत की संसद में वह आंध्र प्रदेश राज्य से सबसे कम उम्र की सांसद हैं। वह शारीरिक शिक्षा की शिक्षिका भी हैं। गोड्डेति माधवी के पिता स्वर्गीय गोडदेती डेमुडु एक कम्युनिस्ट नेता और पूर्व विधायक थे। मई, 2019-सत्रहवीं लोकसभा के लिए निर्वाचित। 24 जुलाई 2019 से-सदस्य, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति। 13 सितंबर 2019 से 12 सितंबर 2020-सदस्य, परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी स्थायी समिति। 13 सितंबर 2020 से -सदस्य, विदशी मामलों संबंधी स्थायी समिति। 13 सितंबर 2020 से-सदस्य, परामर्शदात्री समिति, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय। ■



गोड्डेति माधवी
जन्म : 18 जून, 1992

## कविता: पर्यावरण संरक्षण



हीरा सिंह कौशल, गांव व डा. महादेव, सुंदरनगर जिला मंडी

*बरसात के मौसम में धरा का हर जरा-जरा प्रफुल्लित।*
*प्रकृति का हर कोना इसकी सुहावनी गंध से सुगंधित।।*
*पेड़-पौधे लगाकर करें धरा को पर्यावरण से संरक्षित।*
*धरती हो हरदम नव दुल्हन सी श्रृंगार से हो सुसज्जित।।*
*घनघोर घटाएं जब बरसे धरती लगे निर्मल सुरक्षित।*
*प्रलय काल का रौद्र रूप दिखा प्रकृति करे हरेक को सचेत।।*
*पावस में बरखा की बूंदे गिरे बंजर धरा पे धरा हो हरित।*
*मानव निर्मित कंक्रीट जंगल देख धरा डूबे गमें अतीत।।*
*पहाड़ों का अवैज्ञानिक खनन होता देख क्रंदन करती धरत।*
*मानव क्रिया से हिमखंड गलित हिमालय की होत कम परत।।*
*विकास की दौड़ में कटते जंगल होत धरा पादप रहित।*
*पर्यावरण नुकसान होत तापमान उच्च वाली होती धरत।।*
*पेड़ पौधों से लादों धरा को वातावरण बने सारा सुगंधित।*
*मानव करे कुदरत के पक्ष में क्रिया बने धरा सुखातित।।*
*प्रकृति हर पल निहारती दे संदेश करो धरा पर्यावरण सुरक्षित।*
*फैलाती संदेश समय पर संभलो नहीं तो पहुंचेगें गर्दे अतीत।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# सड़कें, जिन्होंने भारत के विकास की दिशा बदल दी

साल 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की, उसी क्षण से भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार बुनियादी ढांचे के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती आई है।

इस दिशा में, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय बुनियादी ढांचे के विकास का केंद्र बिंदु बन गया। मोदी के नेतृत्व में इस मंत्रालय ने न केवल देश के आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि वर्ष 2014 से लेकर इन 11 वर्षों के दौरान इसे एक नया आयाम भी दिया है। पूर्ण हो चुके और बनने वाले दोनों प्रकार के राजमार्गों के निर्माण-ने देश के विकास की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कुशल राजमार्ग, जलमार्ग और रेलवे, लॉजिस्टिक्स की लागत में कमी ला सकते हैं और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को 'विश्वगुरु' बनाने का सपना देखते हैं। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। इस सपने को साकार करने के लिए, हमें निर्यात बढ़ाने की जरूरत है, जिसकी बदौलत कृषि, सेवाओं और औद्योगिक क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देगा। पिछले 11 वर्षों में निर्मित सड़कों ने हमारी लॉजिस्टिक्स की लागत को 16 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है, और अगले वर्ष, हमारा लक्ष्य इसे और कम करके 9 प्रतिशत पर लाना है। इससे हमारे निर्यात में वृद्धि होगी, हम अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे और भारत को 'विश्वगुरु' बनने की दिशा में और अधिक प्रबल रूप से आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।



लेखक : नितिन गडकरी
केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय देशभर में 25 नए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे बना रहा है। बंदरगाहों को जोड़ने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 3,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्ग भी बनाए जा रहे हैं।

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार के प्रयास भी आकार ले रहे हैं। 22,000 करोड़ रुपए की लागत से पूरी हुई बौद्ध सर्किट परियोजना ने दक्षिण एशिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, चीन, सिंगापुर और जापान से भगवान बुद्ध की जन्मस्थली आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की है। इसके साथ ही, चार धाम स्थलों-बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री-पर जाने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या तीन गुनी हो गई है।



केदारनाथ को जोड़ने के लिए 12,000 करोड़ रुपए की लागत से रोपवे का निर्माण किया जा रहा है। कैलाश मानसरोवर को उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से जोड़ने वाली सड़क का लगभग 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। भारत में, खास तौर पर राष्ट्रीय राजधानी में, 'उड़ने वाली बसों' का सपना साकार होने की कगार पर है। इसमें हवा में उड़ने वाली बसें, फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बसें और पहाड़ी क्षेत्रों के लिए उड़ने वाली डबल-डेकर बसें शामिल हैं। दिल्ली के धौला कुआं से मानेसर तक स्काईवे सिस्टम पर आधारित उड़ने वाली बस सेवा लगभग अपने अंतिम चरण में है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह प्रयोग इस विशेष मार्ग पर यातायात जाम की स्थायी समस्या को हल करने में महत्वपूर्ण होगा।

नागपुर में जल्द ही पहली फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बस लॉन्च की जाएगी। इसमें 135 सीटें, एग्जीक्यूटिव क्लास, सामने टीवी स्क्रीन और एयर होस्टेस जैसी बस होस्टेस होंगी। इस बस की अधिकतम गति 120 किमी/घंटा होगी और यह अपनी यात्रा को दोबारा शुरू करने से पहले पूरी तरह चार्ज होने के लिए हर 40 किमी पर सिर्फ 30 सेकंड के लिए रुकेगी। ऐसा काम केवल दफ्तर में बैठकर डीपीआर तैयार करने से नहीं हो सकता-इसके लिए जी-जान से प्रयास करने की जरूरत होती है! सड़क निर्माण पर आईआईएम-बैंगलोर द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) निर्माण पर खर्च किए गए प्रत्येक 1 रुपए से भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 3.21 रुपए की वृद्धि हुई है, जो 3.2 गुना का गुणक प्रभाव है।

नतीजतन, घरेलू उत्पादन में 9 प्रतिशत और कार की बिक्री में 10.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा किए गए काम ने न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया है, बल्कि रोजगार के कई अवसरों का भी सृजन किया है। कुछ ध्यान देने योग्य आंकड़े 2014 में, भारत में केवल 91,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग थे। 2024 तक, यह नेटवर्क लगभग 60 प्रतिशत बढ़कर 1.46 लाख किलोमीटर हो गया है। सड़क निर्माण की दैनिक गति 12 किलोमीटर/दिन से बढ़कर 28-30 किलोमीटर/दिन हो गई है। 5.35 लाख करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के तहत, आर्थिक गलियारों, अंतरराष्ट्रीय सीमा सड़कों और सीमा क्षेत्र कनेक्टिविटी सहित 65,000 किलोमीटर सड़कें बनाने का लक्ष्य है। यह योजना भारत की लॉजिस्टिक्स की लागत में और कमी लाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। 'गति शक्ति' और मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी पहल सड़क, रेलवे, वायु, जलमार्ग और बंदरगाहों को एकल डिजिटल प्लेटफॉर्म में एकीकृत करती है, जिससे समय पर परियोजना पूर्ण होना सुनिश्चित होने में मदद मिली है। हमारे मंत्रालय ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से भी सड़क विकास परियोजनाओं को लागू करना शुरू कर दिया है, जिसने महत्वपूर्ण निजी निवेश आकर्षित किया है। इस मॉडल के तहत, 12 लाख करोड़ रुपए से अधिक की सड़क परियोजनाएं शुरू की गई हैं। हम भविष्य में इस काम को और भी तेजी से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आने वाले वर्षों में, भारत का सड़क से संबंधित बुनियादी ढांचा अमेरिका से भी बेहतर होगा-यह कोई सपना नहीं, बल्कि हकीकत है, जो आकार ले रही है। गुणवत्ता, गति, पारदर्शिता और पर्यावरण के अनुकूल नीतियों का संतुलन बनाए रखते हुए भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिलेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# हम सब एक होकर विमान हादसे के पीड़ितों के दुख साझा करें

हादसा-12 जून 2025 दोपहर 1:38 गुजरात के अहमदाबाद से उड़ान भरने बस कुछ सेकंट्स के साथ ही एयर इंडिया का बोइंग विमान क्रैश होकर रनवे के साथ हॉस्टल के साथ टकराकर धू धू जल उठता है। चारों ओर चीत्कार और बस धुंआ ही धुंआ। देखते ही देखते 242 में से 241 जिंदा आदमी बस लाशें बनकर रह गए। लेकिन फिर भी इसी विमान में ब्रिटेन के नागरिक रमेश विश्वास कुमार के जिंदा रहने के समाचार ने हैरत में डाल दिया। कमाल की बात है कि पायलट और सह पायलट के साथ ही 10 क्रू मेंबर भी इस हादसे की जद में आए हैं, लेकिन यात्री रमेश विश्वास कुमार बिल्कुल सकुशल बचे हैं। जिसे गनीमत ही कहा जा सकता है।



लेखक : राजेंद्र पालमपुरी
वरिष्ठ साहित्यकार (हि.प्र.)

टेलीविजन की खबरों से ज्ञात होता है कि सिर्फ 425 फुट रनवे छोड़ने और टेक ओवर करने के बस कुछ पलों के बाद ही यह हादसा पेश आया। हैरान करती बात है कि क्या इस सीधी उड़ान को टेक ओवर करने से पहले विमान संचालन की वे सभी निरीक्षण औपचारिकताएं पूरी कर ली गईं थीं या फिर उन्हें ताक पर रखकर विमान को उड़ाने की स्वीकृति दे दी गई थी? यह जीवंत प्रश्न है। इस बेवक्त और विनाशकारी हादसे में किसी ने अपना पति अपने मां-बाप तो किसी ने कोई अपना नेता, बल्कि अपना पूरा परिवार ही खो दिया है।

राजस्थान की एक डॉक्टर कोमी ब्यास ने भारत में अपने पद से इस्तीफा बस दो दिन पहले ही देकर विदेश में बसने की उम्मीद से यह फ्लाइट ली, किंतु दुर्भाग्यवश वह अपने तीन मासूम बच्चों और अपने जीवन साथी के साथ इस हादसे का शिकार हो गई। खेद और असंतोष का विषय रहेगा। उस बाप को जो अपनी बेटी को उसके पति के पास विदेश जाने के लिए छोड़ने आया था। उस बेटी को जिसकी शादी अभी हाल ही में हुई थी और जिसकी यह उड़ान हवाई जहाज से पहली उड़ान उसके जीवन की अंतिम उड़ान बनकर रह गई। पायलट और सह पायलट की बात पर दोनों ही पायलट अपने अनुभव में बेहतर थे। एक के पास उड़ान भरने का यदि 11000 घंटों का अनुभव था, तो दूसरा लगभग 8000 घंटों से अधिक की उड़ानें भर चुका था। हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री के हताहत होने की सूचना भी रही है समाचारों में जो दुखद है। विमान की बात पर यह बात भी उजागर होकर सामने आई कि विमान को अभी नभ में उतारे हुए केवल 11 साल ही हुए थे, जबकि बोइंग के इस विमान की वारंटी कम से कम 50 वर्ष बताई जा रही है, तो फिर यह हादसा क्यों? सवाल बार-बार खटकता है। विमान हादसे में सुरक्षित रहे यात्री रमेश विश्वास कुमार स्वयं भी आश्चर्यचकित न होगा कहना मुश्किल है।



गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी की सभी गाड़ियों का नंबर था 1206 चाहे पुराना स्कूटर हो या नई गाड़ी।

विजय रुपाणी ऐसे नंबर को बेहद लक्की नंबर मानते थे और देखिए इस विमान दुर्घटना की तारीख भी 12/06 ही थी। किस्मत या फिर बदकिस्मती ही कही जा सकती है आज विमान में पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी की सीट नंबर भी 12 ही था, जबकि वह इस भयंकर हादसे का शिकार हो गए । जबकि 11 ए का यात्री रमेश विश्वास कुमार बिलकुल सुरक्षित रहा है। अहमदाबाद से लंदन गैटविक जाने वाली फ्लाइट 171 आज उड़ान भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई। अहमदाबाद से 13:38 बजे रवाना हुई इस फ्लाइट में बोइंग 787-8 विमान में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। इनमें से 169 भारतीय नागरिक 53 ब्रिटिश नागरिक 1 कनाडाई नागरिक और 7 पुर्तगाली नागरिक हैं। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया जा रहा है। शवों की पहचान डीएनए परीक्षण द्वारा करवाकर करना किसी हद तक सरल विधि हो सकती है, जबकि ताबूत बनवाकर शव संबंधित सगे संबंधियों को सुपुर्द किए जा रहे हैं। यह समय इन सभी प्रभावितों से सहानुभूति ही नहीं, बल्कि हर संभव सहयोग और सहायता करने का है न कि किसी भी तरह की आलोचना करने का नहीं है। आइए इस बुरे और कठिन समय में हम सब एक होकर सबके दुख साझा करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**प्रत्येक** वर्ष बड़े जोर-शोर से विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है, लेकिन इस दिवस को मनाने का उद्देश्य तभी फलीभूत होगा जब हम सब बच्चों को शिक्षित और समर्थ बनाने का संकल्प लेंगे और उनसे बाल मजदूरी नहीं करवाएंगे। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य बाल मजदूरी की समस्या की ओर समाज, सरकारों और विश्व समुदाय का ध्यान आकर्षित करना होता है। यह दिन सिर्फ एक प्रतीक नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा अवसर है जब हमें यह सोचने की जरूरत है कि हमने अब तक जो कदम उठाए हैं वाकई बच्चों को बाल मजदूरी से मुक्त करने की दिशा में प्रभावी हैं या नहीं? बच्चों से उनकी उम्र के अनुरूप शारीरिक, मानसिक या सामाजिक रूप से हानिकारक कार्य नहीं करवाने चाहिए, क्योंकि इससे उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह काम अक्सर ऐसे होते हैं जो बच्चों को स्कूल से दूर कर देते हैं।

**जसविंद्र सिंह, हरिपुर**

# क्या समाज और सरकार से नैतिकता समाप्त हो रही है?

राज को राज रहने दो बस जांच मत होने दो यह भारत के लोकतांत्रिक व्यवस्था से धीरे-धीरे गायब हो रहा है। पहले तो जांच हर घटना पर होती थी और जवाब देही तय सरकार में होती थी। पर विगत ग्यारह साल जो सरकार सत्ता में है। वह हर दुर्घटना की जांच और जिम्मेदारियां से भाग रही है, न जवाब देती है जनता को नहीं विपक्ष हां सरकार के साथ एक समूह मीडिया का है। जो हर झूठ को सच बताकर व डांस करके जनता का मन मोह लेती है और भ्रम की भट्टी में झोंक रही है।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक

जहां जनमानस के साथ युवाओं और बुद्धजीवी वर्ग का विवेक ज्ञान सोच सब जलकर समाप्त हो रहा है। बस एक हाड मांस रूपी मानव बन गया है और वही बोलता है जो उसे बोलने को कहा जाता है। वहीं सुनता है जो सुनाया जा रहा है। मीडिया से अखबार में वही पढ़ता है। जो लिखवाया जा रहा है लिखने वाला भी सरकारी ही है। न जाने क्यों हर घटना से सरकार भागने लगी है। क्या सत्ता से हटाने का डर है या कुछ और है जो भारत के लोकतंत्र को अधिनायकवादी तंत्र में बदलने लगी है।

इस अधिनायकवादी सरकार में सब कुछ सब सुख सुविधा हर मंत्री अधिकारी को चाहिए पर जिम्मेदारी नहीं लेना। न ही किसी को जिम्मेदार बनाना बस यह कह देना कि ऐसी घटनाएं होती रहेगी और इन घटनाओं को टाला नहीं जा सकता है। यहां सवाल नहीं पूछ रहे, यहां यह बात बहुत महत्वपूर्ण है। क्या समाज और सरकार से नैतिकता समाप्त हो रही है। समाज सरकार से नैतिकता का पाठ पढ़ता है और सरकार समाज से सीखती है। लगता है दोनों जगह समाज और सरकार से नैतिकता नामक शब्द ही गायब है। एक उदाहरण आज भी लालबहादुर शास्त्री का चलता हैं छोटी सी रेल दुर्घटना होने पर मंत्री पद त्याग दिया था, नैतिकता तब थी, आज हजारों दुर्घटना होने पर भी यही कहा दिया जा रहा हैं यह होता रहेगा। टाला नहीं जा सकता है। यही नैतिकता आज की बची है और इस तरह की घटना से सरकार का सारोकार नहीं होता है। न ही जिम्मेदारी होती, न ही किसी प्रकार की जांच होगी। यह भारत का नया लोकतंत्र है इसको जनता अधिनायकवाद समझे, तो समझें। सरकार का काम कुछ और है। सत्ता सदैव मिले इस पर काम हो रहा हैं। मैं बचपन से पढ़ता आया कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है।



यहां जनता सरकार चुनती जो जनता के लिए जनता के प्रतिनिधि द्वारा संचालित होती है।

वह सरकार जवाब देह और जिम्मेदार होती है जनता के प्रति। पर नौकरी में आकर पता चला कहने को हम लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा है वोट दे सकते हैं पर सरकारी नौकर होने पर न कहीं सरकार के विरोध में बोल सकते हैं न सरकार की किसी नीति का सार्वजनिक तौर पर विरोध कर सकते हैं। वह लोकतंत्र में है पर है न ही वह एक अधिनायकवाद के शासन में नौकरी करता है। जहां वह मात्र गुलाम, तो न ही अघोषित गुलाम की तरह नौकर है। बस काम करना आदेश का पालन करना और नियम के दायरे में रहना है नहीं तो नौकरी गई। यही भारत का दोहरा लोकतंत्र है जनता के लिए अलग सरकारी अर्थ सरकारी के लिए तथा निजी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अलग तरह का लोकतंत्र है जिसे मैं अब अधिनायकवाद कहता हूं। नौकरी में अपने बांस से उच्च अधिकारी से सवाल नहीं पूछ सकता है वहां आदेश का पालन करने का बस नियम है क्या यही लोकतंत्र है या अधिनायकवाद व्यवस्था है यही समझ पाया। नौकरी में सरकारी कार्यालय में लोकतंत्र नहीं होता है। यह अब समझ में आया है।

लोकतंत्र की जगह अधिनायकवाद है। वह पहले भी था आज भी है। देश की सभी पार्टियों में भी लोकतंत्र नहीं अधिनायकवाद ही चल रहा है बस यह कहा जाता है। लोकतंत्र में यदि नियम अनुशासन नहीं तो पार्टी नहीं होती है। पर वहां भी हर सदस्य अधिनायकवाद का शिकार है। वह अगर पार्टी में रहेगा तो नियम में रहेगा। सत्ता दल में भी यही हो रहा है मंत्री हैं पर स्वतंत्र नहीं। निर्णय कहीं और से लिया जाता है। उसके मंत्रालय का वह बस जनता में वही बोलता है जो शब्द उसे लिख कर दिया जाता है। वह बस चेहरा होता है लोकतंत्र में दिखाने को पर असल में उसके पीछे अधिनायकवाद काम करता है। कब देश में सही लोकतंत्र स्थापित होगा या नहीं, यह सवाल यूं ही मन की चार दीवारी से टकराकर चूर- चूर हो जाएगा। हम लहू के सागर में हिलोरे लेकर नए लोकतंत्र में बस जयकारा करने वाला समाज का आदमी बनकर रह जाएंगे या जन के सावल का जवाब सरकार जन को लोकतांत्रिक तरीके से देकर सरकार होने का एहसास कराएगी या अधिनायकवादी लोकतंत्र का एहसास दिलाकर मौन करा देगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पर्यटन व जिम्मेदारी, हिमाचल को बचाना है तो मानसिकता बदलनी होगी

इन दिनों हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी रास्ते, घाटियां और नगर पर्यटकों से गुलजार हैं। खास करके मनाली, शिमला, धर्मशाला, लाहौल-स्पीति जैसे पर्यटन स्थल मई-जून की छुट्टियों में भीड़ से भर जाते हैं। देश के अनेक मैदानी राज्यों में जब तापमान 45 डिग्री तक पहुंचता है, तब हिमाचल की वादियां सुकून देने वाली लगती हैं। यही कारण है कि हर साल गर्मियों में पर्यटक भारी तादाद में हिमाचल प्रदेश के हर कोने में पहुंचते हैं, लेकिन इस सुकून और शांति की तलाश में आ रहे पर्यटक जिस प्रकार का व्यवहार हिमाचल की जमीन और संस्कृति के साथ कर रहे हैं, वह न केवल चिंता का विषय है, बल्कि हिमाचल की आत्मा पर चोट जैसा है। इस प्रश्न को बड़ी गंभीरता से हल करने की जरूरत है।



लेखक : मनोज चंदेल
योल कैंट

**आखिर क्या सोच कर आते हैं पर्यटक? :** पर्यटक यहां प्राकृतिक सौंदर्य देखने, ठंडी हवा में सुकून पाने और कुछ दिनों के लिए शहर की आपाधापी से दूर एक शांत जीवन जीने आते हैं, लेकिन वही पर्यटक अपने लिए तो इन चीजों को पाने का हक मानते हैं, क्योंकि उन्होंने पैसे खर्च किए होते हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या वे स्थानीय लोगों की शांति और स्वच्छता को बनाए रखने के लिए भी उतने ही सजग हैं? नहीं, ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है। अधिकांश पर्यटक केवल एक उपभोक्ता मानसिकता के साथ आते हैं—'पैसा दिया है तो हर चीज का हक है।' परिणामस्वरूप, कई लोग प्लास्टिक की बोतलें, खाने के रैपर, शराब की खाली बोतलें और सिगरेट के टुकड़े वहीं छोड़ कर चले जाते हैं। ट्रैफिक जाम, अनियंत्रित पार्किंग, खुले में शौच और अशोभनीय व्यवहार आम हो गया है।



**स्थानीयता बनाम पर्यटक मानसिकता-संघर्ष क्यों? :** हाल के वर्षों में मनाली, मैक्लोडगंज और कुल्लू जैसे क्षेत्रों में स्थानीय लोगों और पर्यटकों के बीच कई बार टकराव देखने को मिला। कई बार यह सांस्कृतिक असहमति होती है, तो कभी सार्वजनिक आचरण को लेकर। उदाहरण के लिए, कुल्लू में झंडा विवाद या मैक्लोडगंज में सड़क पर हुड़दंग! पिछले वर्ष भागसूनाग में एक पर्यटक की जान चली जाना। स्थानीय निवासियों को लगता है कि पर्यटक केवल उनके संसाधनों का दोहन कर रहे हैं, परंतु बदले में स्वच्छता, सम्मान और संवेदना नहीं दे रहे। यह असंतुलन लंबे समय में सामाजिक तनाव को जन्म देता है। इसको भी प्रदेश सरकार और विभाग को गंभीरता से लेना पड़ेगा।

**आखिर प्रदेश सरकार क्या कर सकती है? :** हर होटल, होम-स्टे और टैक्सी में एक स्पष्ट आचार संहिता दी जानी चाहिए, जिसमें साफ-सफाई, सार्वजनिक व्यवहार और पर्यावरण संरक्षण की बात हो।

**भारी जुर्माना और निगरानी :** सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा फेंकने वालों पर कड़ी निगरानी और जुर्माना होना चाहिए। सीसीटीवी और स्थानीय स्वयंसेवकों की मदद से यह संभव है।

**स्थानीय युवाओं की भागीदारी :** स्वच्छता और सांस्कृतिक चेतना फैलाने के लिए स्थानीय युवाओं को 'ग्रीन वॉलंटियर्स' बनाया जाए, जिन्हें राज्य समर्थन दे।

**प्रवेश सीमा और ईको-टूरिज्म :** संवेदनशील पर्यावरणीय क्षेत्रों (जैसे स्पीति, त्रियुंड) में पर्यटकों की संख्या सीमित हो और केवल पंजीकृत गाइड या होम-स्टे के जरिए ही ठहरने की अनुमति हो। इसके अलावा ईको टूरिज्म पॉलिसी में बदलाव लाया जाए और स्थानीय नौजवानों और नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर ईको साइट्स आवंटित की जाए।

**पर्यटकों को भी करना होगा आत्मचिंतन :** भारत के हर राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने की कोशिश की जा रही है, लेकिन सिर्फ घूमने से कोई जगह आपकी नहीं होती, जब तक आप उस जगह की गरिमा को न समझें। हिमाचल केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि हजारों साल पुरानी संस्कृति, रीति-रिवाज और प्रकृति की एक जीवित प्रयोगशाला है। यदि हम इसे उसी भाव से नहीं देखेंगे, तो हम हिमाचल को धीरे-धीरे खोते जाएंगे।

**बहरहाल,** हिमाचल प्रदेश की सुंदरता को बनाए रखने के लिए पर्यटकों और स्थानीय लोगों के बीच संतुलन आवश्यक है। यह संतुलन तभी संभव है जब पर्यटक इसे केवल छुट्टियों की जगह नहीं, बल्कि दूसरे घर की तरह मानें। प्रदेश सरकार को नीतिगत कठोरता और सामाजिक संवाद—दोनों को साथ लेकर चलना होगा और हम सब को समझना होगा कि 'हिमाचल हमारा है, तो उसकी जिम्मेदारी भी हमारी है।'

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# एनएच प्रभावितों ने बारिश में किया प्रदर्शन

## बनाल में एनएच निर्माण कंपनी ने बेतरतीब ढंग से की कटिंग, दोनों मुख्य रास्ते भी तोड़े व नालियां बंद

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान


बनाल में एनएच निर्माण कंपनी के खिलाफ प्रभावित लोग बारिश में विरोध-प्रदर्शन करते हुए।

**सरकाघाट।** धर्मपुर खंड की ग्राम पंचायत बनाल में मंगलवार को बारिश के बावजूद एनएच निर्माण कंपनी बीआरएन के खिलाफ प्रदर्शन किया। बनाल से धर्मपुर के लिए दोनों मुख्य रास्ते तोड़ दिए हैं और कटिंग से ल्हासे गिर रहे हैं व नालियां भी नहीं बनी हैं।

अवैध डंपिंग हर कहीं पर की गई है। रियूर गांव में अन्य पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति की बस्ती के 20 परिवार इस बरसात में अपने घरों में नहीं रह पाएंगे। क्योंकि एनएच निर्माण कंपनी द्वारा इनके घरों के पास की गई कटिंग से बचाव के लिए सुरक्षा दीवारें नहीं लगाई गई हैं और अब प्री-मानसून की बारिस शुरू हो गई है। हालांकि प्रभावितों और हिमाचल किसान सभा पिछले तीन महीने से इस गांव के घरों के पास सुरक्षा दीवारें लगाने की मांग कर रही थी। कंपनी और स्थानीय प्रशासन पिछले तीन महीने से आश्वाशन दे रहा है लेकिन किया कुछ भी नहीं। इसलिए ग्रामीणों ने हिमाचल किसान सभा के झंडे तले बनाल में प्रदर्शन किया जिसका नेतृत्व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह और संतोष कुमार, किसान सभा के खंड अध्यक्ष रणताज़ राणा सचिव सुरेश शर्मा,जय गोपाल कटवाल, सुख राम, त्रहडू राम,कृष्ण देव, मीरा सकलानी, आशा, देश राज, कश्मीर सिंह आदि ने किया। मौके पर आए तहसीलदार को 15 सूत्रीय मांगपत्र सौंपे।

एसडीएम ने अपने कार्यालय में कंपनी प्रबधन और ग्रामीणों तथा किसान सभा के पदाधिकारियों से बैठक की और कंपनी को अगले एक सप्ताह में कार्य करने के निर्देश दिये। जिसमें कंपनी को घरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, रास्तों और लिंक रोड को बहाल, नालियां व कल्वर्ट बरसात से पहले डालने तथा अवैध डंपिंग के मलवे को बरसात में बहने से रोकने का इंतजाम करने के लिए कहा गया।

किसान सभा के सचिव एवं अधिवक्ता सुरेश शर्मा ने बताया कि वे इस कंपनी द्वारा की गई कटिंग के कारण जिन घरों को खतरा पैदा हुआ है और 28 स्थानों पर सरकारी व निजी भूमि पर अवैध डंपिंग की है उसके खिलाफ राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, पर्यावरण मंत्रालय, प्रदूषण बोर्ड तथा माननीय हाई कोर्ट में याचिका दायर की जाएगी और उसमें स्थानीय प्रशासन को भी पार्टी बनाया जाएगा जो नियमानुसार इस कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई अभी तक नहीं की है। जबकि अब तक दर्जनों प्रभावितों ने उनके पास शिकायतें दर्ज कराई हैं।

# पिता की अस्थियां विसर्जित कर लौट रहे परिवार की गाड़ी खाई में गिरी, 4 घायल

कविता, अनंत ज्ञान

**पधर।** उपमंडल पधर की द्रंग घाटी में एक दर्दनाक हादसे में एक वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। यह हादसा सोमवार देर रात करीब 3 बजे हुआ, जब हरिद्वार से अपने पिता की अस्थियां विसर्जित कर लौट रहे चार लोग दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हादसे में सभी लोग घायल हो गए, जिन्हें एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया।

**द्रंग के पास हुआ हादसा, एक घंटे के रेस्क्यू अभियान के बाद निकाले सभी**

जानकारी के अनुसार, सभी श्रद्धालु चौंक-जोगिंद्रनगर क्षेत्र के रहने वाले हैं। वे हरिद्वार में अपने दिवंगत पिता की अस्थियां विसर्जित करने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान द्रंग क्षेत्र में वाहन चालक का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। घटना की सूचना मिलते ही पधर से एंबुलेंस कर्मी मौके पर पहुंचे। एंबुलेंस चालक ऋषि और ईएमटी मुकेश ने त्वरित स्थानीय लोगों के सहयोग से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सभी घायलों को खाई से बाहर निकाला। घायलों को मौके पर प्राथमिक उपचार देने के बाद मंडी के जोनल अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। हादसे के पीछे वाहन की तेज रफ्तार या नींद लगने की आशंका जताई जा रही है।


एंबुलेंस से घायल को ले जाते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### भविष्य की चिंता स्वयं करें युवा: एनआर ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला बाल संरक्षण इकाई की ओर से खंड द्रंग के गुम्मा स्कूल में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर करीब तीन सौ छात्रों और अध्यापकों को संबोधित करते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर ने कहा कि आज स्कूली छात्र नशे की गर्त में फंसते जा रहे हैं जो सबके लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अपने भविष्य की स्वयं चिंता स्वयं करें और अपने आप को बुरी आदतों से बचा कर रखें। ठाकुर ने बच्चों से कहा कि किसी संकटकालीन और असुरक्षित परिस्थितियों में फंसे होने पर वे चाइल्ड हेल्पलाइन की मदद ले सकते हैं। उन्होंने मिशन वात्सल्य तथा मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत बाल कल्याणकारी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। स्कूल प्रधानाचार्य ललित धरवाल ने बच्चों को तमाम गंदी आदतों से दूर रहने का आह्वान किया।

### सीएंडवी अध्यापक संघ मंडी ने सौंपा मांग पत्र

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** राजकीय सी एंड वी अध्यापक संघ जिला मंडी ने शिक्षकों से जुड़ी दस प्रमुख मांगों को लेकर उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा को ज्ञापन सौंपा है। संघ के अध्यक्ष दया राम ठाकुर ने 1 से 7 जुलाई के बीच बैठक आयोजित करने की मांग करते हुए शिक्षकों की वर्षों से लंबित समस्याओं पर निर्णय लेने का आग्रह किया है। मुख्य मांगों में 20 वर्ष की सेवा पूरी करने पर मिलने वाली दो अतिरिक्त वेतन वृद्धियों की बहाली, कला व शारीरिक शिक्षा अध्यापकों के लंबित स्थानांतरण आदेशों का शीघ्र जारी होना और पोस्ट कोड 980 के अंतर्गत नियुक्त कला अध्यापकों की माध्यमिक स्कूलों में भी तैनाती शामिल हैं। संघ ने वरिष्ठ सीएंडवी अध्यापकों को विद्यालय व क्लस्टर प्रभारी बनाने, तीन साल की सेवा पूर्ण करने वाले अध्यापकों को पुष्ट घोषित करने तथा वरिष्ठता सूची अपडेट करने की भी मांग रखी है। उप निदेशक ने मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए आश्वासन दिया कि जो विषय उनके अधिकार क्षेत्र में आते हैं, उन पर प्रस्तावित बैठक में गंभीरता से निर्णय लिया जाएगा और शेष को निदेशालय को भेजा जाएगा। इस मौके पर संघ के शाखा प्रभारी विनय शर्मा व महेश भी मौजूद रहे।

### लॉर्ड्स स्कूल का तनिष्क बना असिस्टेंट कमांडेंट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** लॉर्ड्स कान्वेंट स्कूल सरकाघाट के होनहार छात्र तनिष्क ठाकुर ने यूपीएससी सीआपीएफ परीक्षा को निकाल कर अस्सिटेंट कमांडेंट का रैंक हासिल किया है। तनिष्क ठाकुर ने अपनी शिक्षा लॉर्ड्स कान्वेंट स्कूल सरकाघाट से ग्रहण की है। स्कूल प्रधानाचार्य सपना ठाकुर ने बताया तनिष्क ठाकुर पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी अव्वल रहता था। स्कूल प्रबंधक कर्नल सिंह बलवंत सिंह बराड़ी ने तनिष्क ठाकुर की इस महान उपलब्धि पर उनके परिवार व सभी अध्यापकगण को बधाई दी व सबके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### आपदा से निपटने के लिए प्रशिक्षण शुरू

**लक्की, अनंत ज्ञान, करसोग।** करसोग में आपदा जोखिम न्यूनीकरण व आपदा जोखिम से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी के सौजन्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी से जिला सर्व समन्वयक अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत तत्तापानी के सामुदायिक भवन में किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में ग्राम पंचायत सांविधार, साहज, तत्तापानी व थली के लगभग 60 स्वयंसेवी प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। जिला प्रशासन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से जिला की विभिन्न पंचायतों में प्रशिक्षण व जागरूकता शिवरों का आयोजन किया जा रहा है ताकि समय रहते लोगों को जागरूक किया जाए और आपदा जोखिम को कम किया जा सके। प्रशिक्षण शिविर के दौरान जिला सर्व समन्वयक अमरजीत सिंह ने आपदा से जुड़े विभिन्न पहलुओं के ऊपर विस्तार से चर्चा की।

### 17 आईटीआई प्रशिक्षुओं को मिला रोजगार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जोगिंद्रनगर में आज माइल स्टोन गियर्स प्राइवेट लिमिटेड, बरोटीवाला (बद्दी) द्वारा आईटीआई उत्तीर्ण अंतिम वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए रोजगार साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इस साक्षात्कार में फिटर, मोटर वाहन यांत्रिकी, विद्युतकार तथा नलसाज़ी व्यवसाय के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। साक्षात्कार के माध्यम से कुल 17 प्रशिक्षुओं का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया में मानव संसाधन प्रमुख कुलदीप सिंह, मानव संसाधन प्रबंधक आरके मेहता तथा उत्पादन प्रभारी प्रविण ठाकुर कंपनी की ओर से उपस्थित रहे। मानव संसाधन प्रमुख ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को जुलाई के प्रथम सप्ताह में कंपनी में नियुक्त किया जाएगा। उन्हें प्रति माह 13,750 रुपये मानदेय के अतिरिक्त कंपनी की ओर से सुरक्षा जूते और अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी। इस अवसर पर संस्थान की प्रधानाचार्य नवीन कुमारी, प्लेसमेंट अधिकारी लव कुमार और महेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

### पेंशनरों को जल्द दी जाए रिवाइज पेंशन

**पधर, अनंत ज्ञान।** हिम आंचल पेंशनर्स कल्याण संघ द्रंग खंड की मासिक बैठक सामुदायिक भवन पधर में संघ के प्रधान एमसी चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पेंशनरों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याओं व मांगों पर चर्चा की गई। प्रधान एमसी चौहान ने कहा कि सरकार द्वारा अभी तक जनवरी 2016 से 31 दिसंबर 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों को संशोधित पेंशन का लाभ नहीं दिया गया है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मांग की कि इन पेंशनरों को शीघ्र रिवाइज पेंशन प्रदान की जाए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने 13 प्रतिशत मंहगाई भत्ता जल्द देने की मांग उठाई। चौहान ने कहा कि पेंशनरों के चिकित्सा से जुड़े लाखों रुपये के बिल अभी तक लंबित पड़े हैं, जिनका शीघ्र भुगतान किया जाना आवश्यक है। बैठक में महा सचिव केसी नेगी, भूप सिंह, मनोज, खेम सिंह, टेक चंद, गोकुल, शिव राम, निर्मल चौहान, हरदेव, खेम चंद सहित कई पेंशनर उपस्थित रहे।

### धर्म संघ भूतनाथ मंदिर मनाएगा स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** धर्म संघ भूतनाथ मंदिर मंडी की बैठक प्रधान भीम चंद सरोच की अध्यक्षता में श्री भूतनाथ मंदिर परिसर कार्यालय में हुई। बैठक 16 जुलाई श्रावण संक्रांति को धर्म संघ भूत नाथ मंदिर स्थापना दिवस को मनाने के बारे में चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि इस दिन सुबह बाबा भूत नाथ की पूजा अर्चना की जाएगी। सत्संग भवन में विश्व शांति एवं जन कल्याण हेतु हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा 11 बजे पूर्णाहुति की जाएगी, मंगल आरती की जाएगी। मंगल आरती के पश्चात आम सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें धर्म संघ भूत नाथ मंदिर के किए गए कार्यक्रम की समीक्षा की जाएगी।

### राम-हनुमान मंदिर में राम कथा 26 से

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** गांव लोअर धनोटू के निकट बग्गी मार्ग पर नवनिर्मित राम-हनुमान मंदिर प्रांगण में राम कथा को लेकर उत्साहित रामभक्त मंदिर प्रधान पदम सिंह सहित प्रताप सिंह परमार, विरेन्द्र ठाकुर,चमन ठाकुर व दौलत चंदेल की अगुवाई में इस धार्मिक आयोजन के लिए मंदिर परिसर को बेहतर ढंग से संवारने के लिए दिन- रात जुटे हैं। प्रधान पदम सिंह तथा भक्त एवं उभरते गायक महेंद्र सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर में 26 जून से 5 जुलाई तक आयोजित की जाने वाली भक्तिरस की राम कथा का वाचन आचार्य तेजस्वी दत्त शर्मा अपने मुखारबिंद से करेंगे।

# पाडछु ढांक के पास एनएच बंद

अनंत ज्ञान, धर्मपुर

**जालंधर-मंडी** एनएच पर सरकाघाट से धर्मपुर के बीच पहाडी दरकने से पाडछु ढांक के पास बीती रात से हो रही लगातार बारिश के चलते मलबा गिरने से मार्ग अवरुद्ध हो गया है। हाईवे पर निर्माण कार्य पहले से ही जारी था, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई है। मार्ग बंद होने के कारण भारी वाहनों से लेकर आम यात्रियों तक को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौके का जायजा लेने के बाद एसडीएम धर्मपुर जोगेंद्र पटियाल ने निर्माण कार्य कर रही कंपनी को आज शाम तक मार्ग खोलने के सख्त निर्देश दिए हैं।

फिलहाल, प्रशासन ने वैकल्पिक मार्गों से वाया सज्याओ,भेडी यातायात को संचालित करने की व्यवस्था की है और आमजन से अपील की है कि वे खराब मौसम के चलते अनावश्यक यात्रा न करें और मार्ग की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सावधानी पूर्वक यात्रा करें।

## भू-स्खलन से धर्मपुर-सिद्धपुर सड़क चकयाणा मोड़ पर बाधित

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** बारिश होने के कारण धर्मपुर सिद्धपुर सड़क मार्ग चकयाणा मोड़ के पास भू-स्खलन होने के कारण बाधित हो गया है। सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग उपमंडल धर्मपुर नरेंद्र कुमार ने बताया कि बारिश के कारण चकयाणा मोड पर भूस्खलन हुआ है और धर्मपुर सिद्धपुर मार्ग बाधित हो गया है उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवाओं के लिए पोकलेन वहीं पर खडी की गई है, और आम जनता से अनुरोध किया है कि इस जोखिम से बचें और सिद्धपुर जाने वाले म्योह से जंगेल कोट बहरी वैकल्पिक मार्ग पर सफर करें। सहायक अभियंता ने बताया कि अगर पोकलेन से इस स्थान से मलबे को हटा दिया जाता है तो खराब मौसम के कारण ऊपर से और मलबा आने की संभावना है। मौसम खुलने पर इस सड़क मार्ग को आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा।

## गोरत गांव में मकान में आग लगने से लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** उपमंडल धर्मपुर के तहत खनौड पंचायत के गोरत गांव में सोमवार रात को सुनील कुमार पुत्र जगदीश चंद के कच्चे मकान में आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। आग लगते ही गांव वालों ने आग को बुझाने के लिए प्रयास किए, लेकिन तब तक मकान पूरी तरह जल गया था, जिससे सुनील कुमार का बहुत नुकसान हुआ है। धर्मपुर पुलिस व पटवारी हल्का मौके पर पहुंचे और उन्होंने आग लगने बारे रिपोर्ट दर्ज की तथा नुकसान का जायजा लिया।

सुनील ने इस बारे अपने बयान में आरोप लगाया है कि जब सुबह अचानक मेरे मकान में आग लगी तो मैने जल शक्ति विभाग के वाटर गार्ड से आग बुझाने के लिए पानी छोड़ने की मांग की, तो उन्होंने कहा कि यह पानी आग बुझाने के लिए नहीं पीने के लिए है सुनील कुमार ने ही अपनी बात में कहा कि जब मैंने विभाग के कनिष्ठ अभियंता से इस बारे शिकायत की, तो उन्होंने कहा कि जिसकी शिकायत आप कर रहे हैं उसकी ड्यूटी तो वहां है ही नहीं टैंक पर दूसरे आदमी की ड्यूटी है लेकिन वो वहां पर मौजूद नहीं है। जब जल शक्ति विभाग के एसडीओ अविनाश परासर से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि जब हमें सूचना मिली तो पानी छोड़ दिया था, ताकि आग पर काबू पाया जा सके।

# जोगिंद्रनगर में अधिशाषी अभियंता की तानाशाही के खिलाफ जन आक्रोश

अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** लोक निर्माण विभाग जोगिंद्रनगर मंडल के अधीन आने वाली गड्हूी-भौरा-कस सड़क के लंबे समय से बंद होने और विभाग द्वारा इस ओर कोई कार्रवाई न करने को लेकर आज जनता का गुस्सा फूट पड़ा। भराड़ू वार्ड से जिप सदस्य व हिमाचल किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष कुशाल भारद्वाज के नेतृत्व में गड्हूी और भौरा पंचायतों के लोगों का प्रतिनिधिमंडल जब अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन सौंपने कार्यालय पहुंचा, तो वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें गेट पर यह कहकर रोक दिया कि अधिशाषी अभियंता से मिलने के लिए एसडीएम से लिखित अनुमति लानी होगी।

कुशाल भारद्वाज ने इस तुगलकी फरमान का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि यह कोई निजी कार्यालय नहीं, बल्कि जनता का दफ्तर है और एक

**जिप सदस्य भारद्वाज की अगुवाई में विरोध-प्रदर्शन**

चुने हुए जनप्रतिनिधि को अपने क्षेत्र की समस्या लेकर मिलने से रोकना लोकतांत्रिक मर्यादाओं का सीधा उल्लंघन है। इसके बाद उन्होंने घोषणा की कि केवल 3-4 नहीं, बल्कि सभी ग्रामीण अंदर जाकर ज्ञापन देंगे।

गेट से प्रवेश करने के बाद सभी लोग कार्यालय के बाहर कॉरिडोर में शांतिपूर्वक बैठ गए। उस समय कार्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने बताया कि अधिशाषी अभियंता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में व्यस्त हैं। प्रदर्शनकारियों ने भी संयमित व्यवहार दिखाते हुए किसी तरह की नारेबाजी नहीं की। बावजूद इसके, अधिशाषी अभियंता ने अतिरिक्त पुलिस बल बुला लिया और पुनः लोगों को बाहर निकालने की कोशिश शुरू कर दी।

# आईटीआई सुंदरनगर के 164 अभ्यर्थियों को मिली नौकरी



उमेश, अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** आईटीआई सुंदरनगर में दो दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में माइक्रोटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बद्दी द्वारा विभिन्न ट्रेडों के प्रशिक्षणार्थियों का लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया।

कंपनी प्रतिनिधियों न अभ्यार्थियों की तकनीकी योग्यता, कौशल तथा व्यावसायिक दक्षता का मूल्यांकन कर कुल 164 जिसमें एमएमवी के 43, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक के 15, वेल्डर के 10, इलेक्ट्रीशियन के 53, कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा) के 27, फिटर के 16 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव के अंत में कंपनी के एचआर हेड जतिन शर्मा द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए। संस्थान के प्रधानाचार्य विजय कुमार ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में आसपास के अन्य राजकीय एवं निजी आईटीआई के अभ्यर्थियों ने भी भाग लिया।

## अभिलाषी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरिंद्र चौधरी ने यूएनडीपी टीम का किया स्वागत

# जलवायु परिवर्तन व जैविक विविधता संरक्षण को मिला नया आयाम

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

**मंडी।** जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और हिमालयी कृषि जैव विविधता के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, अभिलाषी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरिंद्र चौधरी ने संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की प्रतिष्ठित टीम का हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर यूएनडीपी की कॉर्डिनेटर मोनिका शर्मा, पर्यावरण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, प्रदेश सरकार के मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. सुरेश चंद अत्री व नाचन वन रेंज के डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर भी उपस्थित रहे।

वहीं इस कार्यक्रम में यूएनडीपी की कॉर्डिनेटर मोनिका ने जलवायु परिवर्तन से लोगों की आजीविका पर पड़ रहे प्रभाव संबधित जानकारी मुहैया करवाई। प्रो. चौधरी ने प्रदेश सरकार के पर्यावरण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की विवि को जैविक विविधता संरक्षण में सहयोग के लिए धन्यवाद किया।


अभिलाषी विश्वविद्यालय में स्वागत करने के बाद यूएनडीपी की टीम।

इस भ्रमण का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन पर चल रहे कार्यक्रमों के प्रभाव और भविष्य की रणनीति की समीक्षा करना था। इस दौरान यूएनडीपी अधिकारियों, स्थानीय कृषकों व विवि के विशेषज्ञों के बीच विचारों का समृद्ध आदान-प्रदान हुआ। डॉ. अत्री ने हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए पर्यावरणीय स्थिरता, जलवायु सहनशीलता व पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन के लिए यूएनडीपी और डीइएसटी द्वारा चलाई जा रही प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी।

कुलपति प्रो. चौधरी ने अपने उद्बोधन में जलवायु परिवर्तन से निपटने में स्थानीय पौधों व पशुओं की पारंपरिक नस्लों (जर्मप्लाज्म) की अहम भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने विवि द्वारा हिमालयी फसलों की परंपरागत किस्मों के संरक्षण, संवर्धन और किसान भागीदारी के साथ जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की।

यूएनडीपी टीम ने कृषि संकायाध्यक्ष डॉ. पीसी शर्मा, कृषि संकाय के अन्य सदस्यों और प्रगतिशील पहाड़ी किसानों के साथ संवाद किया। इस बैठक में लगभग 85 महिला किसान और स्व-सहायता समूहों की महिलाएं, प्रमुखता स्नेहा, रक्षा और 9 विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया। इन सभी ने पारंपरिक बीजों के संरक्षण, प्रचार और संवर्धन में अपने सामूहिक प्रयासों को प्रस्तुत किया।

# धीरज शर्मा के नाम रही दूसरी सांस्कृतिक संध्या

## नबाही मेले में कांग्रेस के महासचिव पवन ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**माता** नबाही देवी मेला की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश के प्रसिद्ध लोक गायक धीरज शर्मा की सुरीली आवाज पर दर्शक जमकर नाचे। वहीं मेला में मशहूर हिमाचली गायक अरविंद राजपूत, रिषभ सलहोतरा, जॉनी ठाकुर और अक्षय शर्मा, दीपिका ने भी अपनी प्रस्तुतियों ने धमाल मचाया। उन्होंने हिंदी, पहाड़ी और पंजाबी गीतों से खूब समां बांधा।

दूसरी सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव पवन ठाकुर बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। पंचायत प्रधान सुनीता देवी ने उनका सम्मानित किया। सांस्कृतिक संध्या का के स्टार कलाकार के रूप में गायक अरविंद ने फिरता रहूं दर बदर, सारा लंदन ठुमकदा, दिल का दरिया, खाई के पान बनारस वाला सहित अन्य गीत गाए। सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकार तुषार, हर्ष, रामपाल, अमन, माही, मोनू लाडला, अनीशा भारद्वाज, सिमरन, नव्या शर्मा, कनिष्का शर्मा, मानवी, शान्वी और यशिका ने भी शानदार प्रस्तुतियां दी।


नबाही मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते स्कूली बच्चो।

इस दौरान महिला मंडल खेतरी नबाही ने पहाड़ी नाटी और समूह गान जबकि हिम ज्योति स्कूल नबाही की छात्राओं ने पहाड़ी नाटी व निशा निवारण और रोकथाम पर तैयार नाटक का मंचन भी किया।

इस अवसर पर एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा, डीएसपी संजीव गौतम, तहसीलदार मुनीश कुमार, प्रधान ग्रांम पंचायत नबाही सुनीता शर्मा, उप प्रधान नबाही सतीश कुमार, वार्ड मैंबर व अन्य पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## बरोट की सुंदर वादियों को निहार रहे पर्यटक

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटा भंगाल व चौहार घाटी में गत दिन से रूक रुककर हो रही बारिश से लोगों को काफी राहत मिली है, वहीं रमणीक स्थल बरोट की सुंदर वादियां तथा राजगुन्धा की मनमोहक फिजाओं को निहारने के लिए यहां आने वाली सभी पर्यटक ऐसे खुशनुमा मौसम का भरपूर आनन्द उठा रहे हैं।

गौरतलब है कि जून माह के दूसरे सप्ताह यहां पर होने वाली बारिश सब्जी उत्पादकों के लिए लाभदायक मानी जा रही है। घाटियों के रागी राम, सोमनाथ, नरपत सिंह, सुनील, जसवंत, दुर्गा दास, शंकर देव, बलदेव सिंह, प्रेम सिंह होशियार व श्याम पाल आदि का कहना है कि बारिश होने से कुछ दिन तक उन्हें बंदगोभी की पनीरियों को खेतों में लगाने के बाद अब पानी डालने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस बार देव सब्जी उत्पादकों के लिए काफी मेहरवान है।

# अफवाह फैलाने पर नबाही स्कूल के अध्यापक के खिलाफ जांच शुरू

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**उपमंडल** सरकाघाट के तहत नबाही स्कूल के एक शिक्षक के खिलाफ मामला अब शिक्षा निदेशालय शिमला तक पहुंच गया है। स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद विभाग ने जांच के आदेश दे दिए हैं। एसएमसी ने 26 अप्रैल को एक प्रस्ताव पारित कर शिक्षक की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए उच्च शिक्षा निदेशक को शिकायत भेजी थी। शिकायत में आरोप था कि शिक्षक स्कूल के विरुद्ध गलत अफवाह फैलाकर समाज में भ्रम फैला रहा है, जिससे छात्रों और अभिभावकों के बीच विद्यालय की छवि धूमिल हो रही है। शिकायत के आधार पर शिक्षा निदेशक ने एक जांच कमेटी गठित की, जिसने सोमवार को विद्यालय का दौरा किया और प्रबंधन समिति के सदस्यों के बयान

**स्कूल प्रबंधन समिति ने उठाई हटाने की मांग**

दर्ज किए। समिति ने स्पष्ट कहा कि शिक्षक का व्यवहार विद्यालय हित में नहीं है और उसे तत्काल हटाया जाए। यदि शिक्षक को स्थानांतरित नहीं किया गया, तो एसएमसी ने चेतावनी दी है कि वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे और मामला सड़क तक ले जाएंगे। फिलहाल जांच प्रक्रिया जारी है और विभागीय कार्रवाई की प्रतीक्षा की जा रही है।

उधर, स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेश पठानिया ने एसएमसी की शिकायत पर यह जांच हुई है। गोपालपुर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. बलवंत सिंह ने जांच पूरी कर ली है। वहीं जांच अधिकारी डॉ. बलवंत सिंह ने बताया कि जांच पूरी हो गई है जिसकी रिपोर्ट शिक्षा निदेशालय को सौंप दी है।

## वन अधिकार अधिनियम को लेकर हों विशेष ग्राम सभाएं

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** बालीचौकी उपमंडल में वन अधिकार अधिनियम 2006 को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए विशेष ग्राम सभाएं आयोजित करने की मांग की गई है। मंगलवार को इस विषय पर पूर्व डीएलसी सदस्य संत राम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपमंडल अधिकारी बालीचौकी को एक ज्ञापन सौंप कर शीघ्र ही उपमंडल की सभी एफआरसी की विशेष ग्राम सभाएं आयोजित करने के निर्देश दिए जाने की मांग की। इस अवसर पर संत राम ने कहा कि उपमंडल में पिछले मास ही सभी वन अधिकार समितियों को अधिनियम की प्राथमिक जानकारी दी जा चुकी है वाबजूद इसके, अभी भी जमीन स्तर पर व्यक्तिगत दावों को लेकर कोई भी कदम नहीं उठाया जा रहा है।

**लक्ष्य** डिडणु में 5 क्विंटल अमचूर और सकोह में 2 क्विंटल लसूडों का आचार किया जाएगा तैयार: डॉ. हरदयाल

# एफपीओ धर्मपुर ने दोगुना व्यवसाय करने की बनाई योजना

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**एफपीओ** धर्मपुर ने वर्तमान वित्त वर्ष में पिछले साल से दोगुना व्यवसाय करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसकी योजना कोर ग्रुप और प्रोसेसिंग सेंटर प्रभारियों की बैठक भराड़ी-सजाओपीपलु में बनाई गई। बैठक में व्रकिंग कमेटी के अध्यक्ष सत्तपाल सिंह चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ हरदयाल सिंह गुलेरिया, उपाध्यक्ष डॉ कुलदीप गुलेरिया, सचिव सुरेश ठाकुर, ओमचंद प्रोसेसिंग सेंटरों की प्रभारी रजनी सकलानी, निर्मला पठानिया, कमला ठाकुर, सरोजनी बीस्ट, विना विष्ट और प्रबंधन कमेटी के सचिव भूपेंद्र सिंह आदि ने भाग लिया।

बैठक में सज्जाओ निवासी रिलायंस कंपनी के निदेशक अश्वनी राठौर ने भाग लिया व वे एफपीओ के उत्पादों की मार्केटिंग व ब्रांडिंग में मार्गदर्शन और सहयोग करेंगे।


बैठक के उपरांत एफपीओ धर्मपुर के कोर ग्रुप और प्रोसेसिंग सेंटर प्रभारी।

एफपीओ प्रोसेसिंग सेंटरों की इस साल की व्यावसायिक प्लान भी तैयार की गई। जिसमें सकोह-सिद्धपुर के लीला मेमोरियल ऐग्रो प्रोसेसिंग सेंटर ने आचार और मीलेट्स कि मिठाई इत्यादि उत्पादों का दस लाख रुपए व्यवसाय, धाड़ता महिला ऐग्रो प्रोसेसिंग सेंटर तनियार व श्री अन्न महिला एग्रो प्रोसेसिंग सेंटर घरवासड़ा ने 5-5 लाख, जोढन और बरोटी में दो-दो लाख व संधोल के सेंटर ने एक लाख का व्यवसाय करने का लक्ष्य निर्धरित किया गया। वहीं एफपीओ ने कुल 50 लाख रुपये का व्यवसाय करने का लक्ष्य

**रिलायंस इंडस्ट्रीज के निदेशक अश्वनी राठौर करेंगे मार्गदर्शन**

निर्धारित किया। एफपीओ वर्तमान में तैयार हुए लोकल आमों का अमचूर पाउडर बनाने की शुरुआत रियूर ग्राम पंचायत के डिडणु गांव से की जा रही है और इस माह के अंत तक पांच क्विंटल आम की मुकड़ियां तैयार की जाएंगी और फिर एफपीओ उसका अमचूर पाउडर तैयार करके मार्केट में बिक्री करेगा। इस बारे खड्य उत्पादों के विशेषज्ञ डॉ हरदयाल गुलेरिया ने तीस महिलाओं और पुरुषों को डिडणु गांव में प्राशिक्षण प्रदान किया है। इसके अलावा सकोह सेंटर में डेढ़ क्विंटल लोकल लसूडों का आचार और तड्डून में आम की चटनी तैयार की गई है। तनियार-टिहरा में बेकरी उत्पादों को बनाने का कार्य जल्दी ही शुरू किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### उपमुख्यमंत्री ने स्वर्ण मंदिर में टेका माथा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अमृतसर स्थित पवित्र स्वर्ण मंदिर (हरमंदिर साहिब) में शीश नवाया। उन्होंने इस अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों के कल्याण, उत्तम स्वास्थ्य, सौहार्द और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। अग्निहोत्री ने कहा कि गुरुओं की शिक्षाएं आज भी सामाजिक समरसता, भाईचारे और त्याग का मार्ग दिखाती हैं। उन्होंने दोहराया कि प्रदेश सरकार जनहित के कार्यों को न्याय, समानता और सेवा भावना के मूल सिद्धांतों पर आगे बढ़ा रही है। इस दौरान उनके साथ नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरदीप सिंह बावा भी उपस्थित थे।

### चिंतपूर्णी प्रवेश द्वार पर लगा वाटर कूलर



**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी मुख्य द्वार मंदिर मार्ग भरवाई चौक में नया वाटर कूलर लगने से दुकानदारों, स्थानीय ग्राम वासियों और श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रशासन का धन्यवाद किया है। बीते दो दिन पहले स्थानीय लोगों द्वारा पत्राचार के माध्यम से मंदिर अधिकारी को इस समस्या के बारे में अवगत करवाया गया था। मंदिर अधिकारी अजय मड़ियाल ने तत्काल संबंधित कर्मचारियों को कार्य सुनिश्चित करने को कहा गया। सोमवार को बिजली कर्मचारी और मंदिर प्लंबर कर्मचारियों द्वारा इस कार्य को पूरा किया गया। नया वाटर कूलर लगने से चिंतपूर्णी माता की पावन पिंडी के दर्शनों को जाने वाले हजारों-लाखों श्रद्धालुओं को इस सुविधा का लाभ मिलेगा। इस कार्य के लिए सभी लोगों ने मंदिर प्रशासन का धन्यवाद किया है और उनकी प्रशंसा की है।

### बाथड़ी में लोगों का निशुल्क चेकअप किया

**मुकेश कुमार, अनंत ज्ञान, हरोली।** बरसात का मौसम कई संक्रामक बीमारियों को भी जन्म देता है। डेंगू, मलेरिया, टायफाइड, हैजा, वायरल बुखार जैसे रोग इस मौसम में आम हो जाते हैं। इन्हीं बीमारियों से बचाव और जागरूकता के उद्देश्य से मंगलवार को पंचायत बाथडी में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 96 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई और 50 लोगों के लैब टेस्ट किए गए। डॉ. प्रदीप कुमार के नेतृत्व में रुचि, मनीष और निहाल ने अपनी सेवाएं दीं। स्थानीय आशा वर्कर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी शिविर में सक्रिय रूप से शामिल रहीं। स्वास्थ्य टीम ने उपस्थित लोगों को बरसात के मौसम में पानी उबालकर या फिल्टर करके पीने की सलाह दी । घर व आसपास पानी को जमा न होने देने तथा मच्छरों से बचाव करने व्यक्तिगत सफाई बनाए रखने तथा भीगने पर सूखे कपड़े तुरंत पहनने की सलाह दी।

### किचन गार्डनिंग स्वस्थ जीवनशैली का आधार

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना जायका चरण-।। के अंतर्गत खंड परियोजना प्रबंधक इकाई ऊना द्वारा उपपरियोजना बबेहड़ में एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें कृषि विशेषज्ञ मनीषा शर्मा द्वारा सभी किसानों को कृषक विकास संघ के उद्देश्य एवं मानदंड विषय पर जानकारी व प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण शिविर के दौरान किसानों को किचन गार्डन किट बांटी गई, जिसकी मदद से किसानों को अपने घर में जैविक सब्जियां उगाने और ज़हर मुक्त खेती करने के लिए प्रेरित किया। कृषक विकास संघ के प्रधान तिलक राज व उपस्थित सभी किसानों ने किचन गार्डन किट एवं उससे संबंधित जानकारी देने पर जायका परियोजना का आभार व्यक्त किया और साथ ही यह आश्वासन दिया की वे किचन गार्डनिंग करके स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएंगे।

### ऊना में शू मर्चेंट्स इकाई का किया गठन



**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्थानीय शहर के शू मर्चेंट दुकानदारों द्वारा एक बैठक करके शू मर्चेंट्स इकाई का गठन किया गया। ऊना नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रिंस राजपूत और सचिव रघुपुरी की अध्यक्षता में शू मरचेंट्स की इकाई का गठन करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में हिमाचल प्रदेश व्यापार मंडल के चेयरमैन अश्वनी जैतक और प्रदेश व्यापार मंडल के प्रभारी प्रमोद वर्मा भी मौजूद रहे। शू मरचेंट्स दुकानदार भाइयों द्वारा सर्वसम्मति से चेयरमैन के पद पर रविन्द्र अरोड़ा और प्रधान पद के लिए राघव पुरी को एक मत से चुना गया। इन विक्रेताओं द्वारा उपप्रधान पद पर ब्रिज भूषण व नरेंद्र को चुना गया और सचिव पद पर साहिल अरोड़ा व पुनीत सोंधी को मनोनीत किया गया। मुख्य सलाहकार के लिए प्रिंस मकड़, रितेश दुबे, जतिंदर सरीन, बिट्टू सैणी व अनुभव ठाकुर को जिम्मेदारी सौंपीगई। ग्रीष्मकालीन छुट्टियां को मध्य नजर रखते हुए नवगठित इकाई द्वारा सर्वसम्मति से 27, 28 और 29 जून को अपनी-अपनी दुकान बंद रखने का फैसला लिया।

# बारिश ने दिलाई प्रचंड गर्मी से राहत

## किसानों के चेहरों पर लौटी रौनक

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**ऊना।** मानसून की बरसात से भले ही जनजीवन प्रभावित हुआ हो, लेकिन किसानों के चेहरे पर खुशी है। हालांकि पहले भी बारिश हुई थी, लेकिन यह मक्का की बिजाई के लिए पर्याप्त नहीं थी। कृषि विभाग के विशेषज्ञों के मुताबिक मंगलवार को इस बरसात के बाद किसान हर जगह मक्की की फसल की बिजाई कर सकते हैं।

जिले में सोमवार देर रात को हल्की बारिश शुरू हुई थी। पहली दफा मंगलवार सुबह मूसलाधार बारिश पूरे जिले में एक साथ हुई है। इस बारिश से कई जगह गाद सड़कों पर भर गई तो कई जगह खेतों में पानी जमा हो गया। आसमानी बिजली से नुकसान भी हुआ। इस सबसे अलग अगर कोई राहत मिली है तो किसानों को मिली है। किसानों के लिए यह बारिश गर्मी से राहत दिलाने के साथ-साथ बिजाई के लिए जिस नमी की खेतों को जरूरत थी, वह लगभग पूरी हो गई। इस बारिश ने ऊना, बंगाणा और अंब आदि स्थानों के किसानों के चेहरों पर रौनक ला दी है।

बीते कुछ दिनों से लगातार पड़ रही तेज गर्मी से जहां आम लोग परेशान थे, वहीं किसान भी अपनी फसलों को लेकर चिंतित दिखाई दे रहे थे, लेकिन पिछले दो दिनों से लगातार हुई बारिश ने सभी को राहत दी है।

कृषक राजीव कुमार, पवन कुमार, सुभाष चंद और अशोक आदि ने बताया कि यह बारिश मक्की की फसल के लिए संजीवनी साबित होगी। इस समय पर हुई बारिश न केवल फसलों की नमी को बनाए रखने में सहायक होगी, बल्कि पैदावार में भी बढ़ोतरी लाएगी। यह बारिश किसानों के लिए मिल का पत्थर साबित हो सकती है। स्थानीय ग्रामीणों का भी कहना है कि आज की बारिश से मौसम सुहावना हो गया है, जिससे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने गर्मी से राहत की सांस ली है। लगातार बढ़ रहे तापमान से लोगों को जहां स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां हो रही थीं, अब उन्हें भी कुछ राहत मिली है।

बारिश का यह दौर अगर इसी तरह कुछ दिन और जारी रहा, तो मक्की के साथ अन्य खरीफ फसलों को भी इसका अच्छा लाभ मिल सकता है। मौसम विभाग की ओर से अगले कुछ दिनों तक हल्की-फुल्की बारिश की संभावना जताई जा रही है, जिससे किसान और भी अधिक आशान्वित हैं। मक्की की फसल को इससे पर्याप्त नमी मिलेगी, जिससे उत्पादन में बढ़ोतरी की पूरी संभावना है। उधर, कृषि विभाग के आतमा परियोजना के उपनिदेशक डॉ. बीके बग्गा का कहना है कि अब पूरे जिले में बारिश हो चुकी है। किसान इसके बाद मक्का की बिजाई कर सकते हैं।

## आफत बनकर आई बरसात

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान**



**पंजावर।** जहां एक ओर तेज गर्मी के बाद आई बरसात ने लोगों को राहत दी, वहीं दूसरी ओर यह बरसात आफत भी बनकर आई। थाना गगरेट के अंतर्गत ग्राम पंचायत अंबोटा में सोमवार सुबह लगभग सवा चार बजे आकाशीय बिजली गिरने की घटना सामने आई। वार्ड नंबर 5, अंबोटा निवासी गर्वित कुमार पुत्र वेद प्रकाश की पशुशाला में बिजली गिरने से उसकी एक दुधारू भैंस की मौके पर ही मौत हो गई।

**अंबोटा में आकाशीय बिजली गिरने से दुधारू भैंस की मौत**

घटना के समय तेज गर्जना और बिजली की चमक देख परिवार जाग गया। जब गर्वित कुमार पशुशाला पहुंचा तो वहां बिजली गिरने से मची तबाही देखकर स्तब्ध रह गया। बताया जा रहा है कि इस घटना में गर्वित कुमार को लगभग 60 से 70 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

प्राकृतिक आपदा की इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बरसात राहत के साथ-साथ सतर्कता भी मांगती है।

## ऊना-कुठार खुर्द मार्ग पर वाहन चलाना हुआ मुश्किल



**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना नगर निगम के अंतर्गत आते गांव कुठार खुर्द मार्ग का चौड़ीकरण व नवीनीकरण कार्य पिछले पांच महीनों के बाद भी पूरा नहीं हो पाया है, वहीं तारकोल उखाड़ने के बाद मार्ग पर वाहन चलाना मुश्किल हो गया है। अब मंगलवार को भारी बारिश के कारण सड़क पर कीचड़ होने से सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहनों को हुई। स्थानीय लोगों ने इस मार्ग को जल्द दुरुस्त करने की मांग की है।

## प्रेम संबंध तोड़ने से भड़के युवक ने प्रेमिका की आपत्तिजनक फोटो की वायरल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

पुलिस थाना हरोली के तहत एक गांव की युवती ने अपने पुराने दोस्त पर ब्लैकमेल करने का आरोप जड़ा है। युवती पहले उसके साथ रिलेशनशिप में थी और रिश्ता टूटते ही युवक ने भी संयम खो दिया और युवती का आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

हरोली क्षेत्र की युवती ने क्षेत्र के ही युवक पर उसकी आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवती की शिकायत के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवती ने शिकायत में बताया कि वह एक युवक के साथ रिलेशनशिप में थी। अब वह उसे ब्लैकमेल कर रहा कि उसकी फोटो को सोशल मीडिया पर डाल देगा। युवती ने पुलिस को बताया कि उसे कुछ दिन पहले ही मालूम हुआ कि उस युवक ने फोटो सोशल मीडिया पर डाल दिया है। पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## लठियाणी बाजार में भारी बारिश से दुकानों में घुसा पानी

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियाणी।** लगातार हो रही भारी बारिश से लठियाणी बाजार की हालत काफी नाजुक हो गई है। बारिश के पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था न होने के कारण सड़क पर पानी इकट्ठा हो गया, जो कि दुकानों में जा घुसा। दुकानदारों ने बताया इस कारण उनका व्यापार प्रभावित हुआ। राहगीरों को भी कीचड़ और जलभराव के कारण आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



बारिश का पानी दुकानों में जा घुसा।

लठियाणी पंचायत के प्रधान जोगिंदर शर्मा 'पौणु', उपप्रधान निर्मल सिंह ठाकुर तथा अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने इस विषय पर गंभीरता दिखाई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही लोक निर्माण विभाग को इस समस्या से अवगत करवाकर समस्या का समाधान करवाया जाएगा। पंचायत समिति सदस्य जोगिंदर देव आर्य ने कहा कि मैं शीघ्र ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर इस समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करूंगा। व्यापारियों में विजय कुमार, ईशर, विनोद शर्मा, रमेश चंद, रणजीत सिंह, पंकज कुमार, राकेश कुमार, जगदीश चंद, सतीश कुमार तोली एवं स्थानीय जनता की मांग है कि जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी परेशानी न हो।

## बड़ूही बाजार में जल निकासी न होने से बढ़ी परेशानी

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** बड़ूही बाजार में बारिश के पानी की समुचित निकासी न होने के कारण स्थानीय दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खेतों में जमा बारिश का पानी अब बाजार की दुकानों तक पहुंचने लगा है, जिससे दुकानों और सामान को नुकसान पहुंचने का खतरा मंडरा रहा है।



बड़ूही बाज़ार में पानी की निकासी न होने से खेत में खड़े पानी से खतरे में दुकानें।

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि हर साल मानसून में यही स्थिति बनती है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। पानी खेतों में जमा होकर धीरे-धीरे बाजार की ओर बढ़ रहा है, जिससे कई दुकानों में सीलन आ चुकी है और व्यापार प्रभावित हो रहा है। स्थानीय दुकानदार नरेंद्र शर्मा, नीरज चोपड़ा, विजय शर्मा, गौरव कुमार, देशराज, रविंद्र कुमार, अजय शर्मा, बलबीर शर्मा, रोहित ठाकुर, तरसेम लाल, उदित शर्मा प्रकाश चंद, राघव शर्मा आदि ने बताया हमने कई बार पंचायत और प्रशासन से गुहार लगाई, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिले।

अगर इसी तरह पानी जमा रहा तो हमारे व्यापार को भारी नुकसान हो सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में नालियों की सफाई समय पर नहीं की जाती और कई जगहों पर जल निकासी की व्यवस्था ही नहीं है। इससे बारिश का पानी खेतों से होकर बाजार तक पहुंचता है और जलभराव की स्थिति बन जाती है।

स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि इस समस्या का स्थायी समाधान निकाले ताकि हर साल दुकानदारों को बारिश में डर के साय में व्यापार न करना पड़े।

## पंचायत सचिवों ने सरकार से की डिमांड

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला परिषद कैडर के सचिवों ने उन्हें ग्रामीण विकास विभाग में विलय करने की मांग की है। जिला प्रधान विनोद कोहली ने बताया कि वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण विकास विभाग में पद स्वीकृत हैं, जिन्हें भरने की आवश्यकता है।

जिला परिषद सचिवों को इन पदों पर विभाग में विलय कर सरकार के अधीन किया जाए क्योंकि 15 जून 1984 की अधिसूचना से पंचायत समिति के तहत काम कर रहे पंचायत सचिवों और लिपिकों को भी ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग में नियुक्ति की तिथि से सरकार ने अपने अधीन लिया था। इसी अधिसूचना के तर्ज पर समस्त जिला परिषद कैडर में वर्ष 1999 से आज तक के कार्यरत जिला परिषद सचिवों को इस केडर से ग्रामीण विकास विभाग में टेक ओवर कर सरकार के अधीन किया जाए।

## स्वर्णकार संघ गगरेट 25 से 29 तक अवकाश पर

**अनंत ज्ञान, पंजावर।** गगरेट स्वर्णकार संघ ने इस वर्ष भी अपने वार्षिक ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा कर दी है। संघ के अध्यक्ष प्रिंस सुधेड़ा ने बताया कि 25 से 29 जून तक स्वर्णकार संघ पूरी तरह से अवकाश पर रहेगा और इस दौरान गगरेट क्षेत्र की सभी स्वर्णकार दुकानों में कारोबार स्थगित रहेगा। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में स्वर्णकार समुदाय हर साल कुछ दिन सामूहिक अवकाश लेता है ताकि सभी सदस्य परिवारों के साथ समय बिता सकें और भीषण गर्मी से राहत पा सकें। प्रिंस सुधेड़ा ने कहा कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और स्वर्णकार संघ के सभी सदस्य इसका पालन करते हैं। उन्होंने ग्राहकों से अपील की कि वे अपने आवश्यक कार्य इस अवकाश से पहले निपटा लें ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## डोहगी के डॉ.सोनी आदियोगी योग भूषण अवार्ड से सम्मानित



नई दिल्ली में आयोजकों से पुरस्कार ग्रहण करते डॉ सोनी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

पायथन गेम 2024 के योग स्पर्धा में कांस्य पदक के विजेता डॉ. बालकृष्ण सोनी को नई दिल्ली में आदि योगी योग भूषण 2025 अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ की ओर से दिया गया।

यह सम्मान 15 जून को लाजपत भवन ऑडिटोरियम नई दिल्ली में आयोजित योग महाकुंभ में प्रदान किया गया। इसमें डॉ. अभिषेक वर्मा, राजनेता राष्ट्रीय शिवसेना, वरिष्ठ टीवी पत्रकार दीपक चौरसिया और स्वयं मंगेश त्रिवेदी अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ के फाउंडर उपस्थित रहे। सोनी को यह सम्मान योग के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने युवाओं एवं विद्यार्थियों को निशुल्क योग सेवा देने के लिए प्रदान किया गया। वह पिछले लगभग 30 वर्षों से विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालय, पंचायत में जाकर योग सिखा रहे हैं।

## 5 वर्ष तक के बच्चों के आधार पंजीकरण पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति की बैठक मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेन्द्र पाल गुर्जर की अध्यक्षता में उनके चैंबर में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया तथा जिले में आधार पंजीकरण की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर ने 0 से 5 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के आधार पंजीकरण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने आईसीडीएस विभाग और जिला पंचायत कार्यालय को निर्देश दिए कि वे पंचायत स्तर और आंगनवाड़ी केंद्रों में विशेष आधार पंजीकरण शिविर आयोजित करें ताकि सभी पात्र बच्चों का समय पर पंजीकरण सुनिश्चित बनाया जा सके।

एडीसी ने कहा कि 5 से 7 वर्ष और 15 से 17 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट करवाना अनिवार्य है। यह बायोमेट्रिक अपडेशन निशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने संबंधित विभागों को इस संबंध में जन-जागरूकता अभियान चलाने और अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए।



एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

**जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित**

इसके साथ ही एडीसी ने बताया कि जिन नागरिकों के आधार कार्ड 10 से 15 वर्ष पूर्व जारी किए गए हैं, उन्हें अपने दस्तावेजों का अद्यतन (अपडेट) करना आवश्यक है ताकि आधार कार्ड सक्रिय रहे और भविष्य में किसी भी सरकारी सेवा का लाभ लेने में बाधा न आए। महेंद्र पाल गुर्जर ने समस्त उपमंडल अधिकारियों (एसडीएम) को निर्देश दिए कि वे यूआइडीएआइ के सर्विस प्लस पोर्टल पर लंबित मामलों को शीघ्रता से निपटाना सुनिश्चित करें ताकि 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को आधार पंजीकरण की सेवाएं समय पर उपलब्ध हो सके।

इस अवसर पर एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान, एसडीएम गगरेट सोमिल गौतम, नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार, डिजिटल टेक्नोलॉजी एवं गवर्नेंस विभाग से ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर साहिल शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पंजोआ में युवाओं के खेल के मैदान के लिए आगे आया धीमान परिवार



खेल मैदान के लिए भूमि को समतल करने में जुटे स्थानीय लोग और युवा।

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

पंजोआ गांव में खेलकूद से जुड़े युवाओं के लिए एक सराहनीय कदम उठाया गया है। कुछ दिन पहले गांव के खेल मैदान में कुछ शरारती तत्वों द्वारा नुकसान पहुंचाया गया था, जिससे युवाओं को खेल गतिविधियों से दूर होना पड़ा और उन्हें अभ्यास करने में कठिनाई का सामना करना पड़ा।

यह खबर जैसे ही समाजसेवी गुरु हरदास धीमान और सर्वहितकारी सभा के चेयरमैन मदन धीमान को मिली, तो उन्होंने तुरंत ही इस पर सकारात्मक पहल की। मदन धीमान ने युवाओं को अपनी निजी भूमि में खेलने की अनुमति देकर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। मदन धीमान ने कहा कि युवा हमारे गांव का भविष्य हैं। उनका स्वस्थ और सक्रिय रहना बहुत जरूरी है।

हम हमेशा उनके साथ खड़े हैं। गांव की कमेटी व समस्त युवा वर्ग ने धीमान परिवार के इस सहयोग के लिए तहे दिल से आभार जताया है। यह पहल न सिर्फ खेल भावना को बढ़ावा देगी, बल्कि गांव में सामाजिक एकता और सहयोग की मिसाल भी कायम करेगी।

**समीक्षा बैठक** उपायुक्त जतिन लाल ने मानसून सीजन में विभागों को आपसी समन्वय के साथ आपदा प्रबंधन के दिए निर्देश

# मानसून में आपदा प्रबंधन से जुड़े विभाग 24 घंटे सतर्क रहें : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

मानसून के सक्रिय होने के साथ ही जिला प्रशासन भी एक्टिव मोड में आ गया है। ऊना के डीसी जतिन लाल ने मंगलवार को मानसून सीजन-2025 के मद्देनजर तैयारियों एवं संभावित आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। उन्होंने सभी विभागों को मानसून के दौरान किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए कार्य योजना तैयार करने और विभागीय नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए।

बैठक में डीसी ने मौसम संबंधी पूर्वानुमानों व चेतावनियों का शीघ्र प्रसार सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को जन-जागरूकता अभियान चलाने और सभी अधिकारियों को सचेत और मौसम मोबाइल ऐप डाउनलोड कर नियमित अपडेट लेने के निर्देश दिए। उन्होंने जर्जर भवनों, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों और संवेदनशील सड़कों की पहचान कर समयबद्ध मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा, साथ ही आवश्यक राहत सामग्री जैसे राशन, एलपीजी, दवाइयां, कंबल, तिरपाल आदि का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।



समीक्षा बैठक में उपायुक्त के साथ अन्य अधिकारी

डीसी ने सूखे और खतरनाक पेड़ों की समय रहते पहचान कर हटाने, अस्थायी पुलों की उपलब्धता और बिजली आपूर्ति से जुड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने नगर निगम, नेशनल हाईवे अथॉरिटी और जलशक्ति विभाग को निर्देश दिए कि वर्षा जल की सुचारु निकासी के लिए नालों, नालियों और जल निकासी चैनलों की सफाई समय से पूरी करें ताकि जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

जलशक्ति विभाग और पंचायती राज विभाग को जल स्रोतों व पेयजल टैंकों की सफाई व क्लोरीनेशन सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य विभाग को सभी प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों में विशेषकर सर्पदंश रोधी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग को मशीनरी की मरम्मत कर उसे आपदा संभावित क्षेत्रों में रणनीतिक रूप से तैनात करने को कहा गया। डीसी ने सभी एसडीएम, होमगार्ड, अग्निशमन सेवाएं तथा अन्य विभागों को त्वरित प्रतिक्रिया दलों को सतर्क रखने के निर्देश भी दिए।

डीसी ने एनडीआरएफ, सेना व अर्धसैनिक बलों से समन्वय बनाए रखने की बात कही ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनकी सहायता ली जा सके।

**कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण करने के निर्देश**

डीसी ने सभी उपमंडल अधिकारियों को अपने क्षेत्र के सभी कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से अग्नि सुरक्षा, जल निकासी व्यवस्था व बेसमेंट के सुरक्षित उपयोग पर ध्यान को कहा। नियमों का पालन न करने पर कानूनी व अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने जानकारी दी कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला मुख्यालय पर भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका टोल फ्री नंबर 1077 है। उन्होंने उपमंडल अधिकारियों को मानसून सीजन के दौरान उपमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष क्रियाशील रखने के निर्देश दिए। यह आपात संचालन केंद्र सातों दिन चौबीसों घंटे क्रियाशली रहेंगे। डीसी ने सभी विभागों को हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा विकसित ऑनलाइन पोर्टल पर क्षति और हानि की रिपोर्टिंग नियमित रूप से करने तथा सभी महत्वपूर्ण घटनाओं की दस्तावेजीकरण व फोटोग्राफ्स सहित रिपोर्ट जिला प्रशासन से साझा करने के निर्देश दिए। डीसी ने मानसून के आगमन से पूर्व सभी विभाग अपनी तैयारियां पूर्ण करें और आपसी समन्वय व तत्परता के साथ कार्य करते हुए किसी भी आपदा की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें।

उन्होंने विशेष रूप से स्वां नदी और अन्य बाढ़ संभावित क्षेत्रों में बसे लोगों को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने को कहा। डीसी ने पिछले वर्ष इंडस्ट्रियल एरिया बाथू-बाथड़ी में अचानक बाढ़ जैसी स्थिति को ध्यानार्थ रखते हुए इस क्षेत्र में माइनिंग अधिकारी, उपमंडल अधिकारी हरोली और आइओसीएल पाइपलाइन प्रबंधन को आपसी समन्वय के साथ 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि खड्ड के प्रवाह में किसी भी प्रकार की रुकावट न आए ताकि बाढ़ जैसी स्थिति से समय रहते निपटा जा सके।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर, एएसपी संजीव भाटिया, एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान, एसडीएम गगरेट सोमिल गौतम, एसडीएम अम्ब सचिन शर्मा, सीएमओ डॉ संजीव वर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सीएम ने आनी को दी 81.30 करोड़ की 21 योजनाओं की सौगात

## आनी के बागा सराहन का किया दौरा, आनी विधानसभा क्षेत्र में डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने की घोषणा

**सीआर शर्मा, अनंत ज्ञान**

**निरमंड।** मुख्यमंत्री सूक्खू ने मंगलवार को आनी विस क्षेत्र के बागा सराहन का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने आनी विधानसभा क्षेत्र की जनता को सरकार की ओर से विभिन्न विकास कार्यों को समर्पित किया।

इसमें बागा-सराहन से निरमंड और आनी उपमंडल के लिए 81.30 करोड़ रुपए की 21 विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया गया। मुख्यमंत्री ने 13.35 करोड़ की लागत से स्तरोन्नत निशानी से पाली परांतला सड़क, 9.51 करोड़ से निर्मित कोयल से बशला संपर्क मार्ग, 4.24 करोड़ से निर्मित कटार से खादवी संपर्क मार्ग तथा 6.17 करोड़ से बजीर बावड़ी से थाचवा संपर्क मार्ग के उन्नयन कार्य का उद्घाटन किया। उन्होंने 6.28 करोड़ से पर्यटन स्थल जलोड़ी जोत में निर्मित नेचर इंटरप्रिटेशन एवं सेवा केंद्र, 74 लाख रुपए की लागत से निर्मित बश्लेउ जोत के नजदीक स्थापित 10 केवी सोलर चार्जिंग सिस्टम तथा बागा सराहन से बश्लेउ जोत तक ब्राइडल पाथ के मरम्मत कार्य का भी उद्घाटन किया। उन्होंने 2.31 करोड़ से निर्मित उठाऊ पेयजल योजना निशानी, कुईकोड, डेगेड़, टोगी, ग्राहणा पेयजल योजना, 2.62 करोड़ की बहाव सिंचाई योजना कोयल कूहल के कमान क्षेत्र विकास, 2.03 करोड़ की पेयजल योजना समोह, जगेड़, गौरा, ग्वाल पंचायत लोट के संबर्धन कार्य, 88.77 लाख की पेयजल योजना तांदी कफ्टा के पुन संयोजन का कार्य, 1.77 करोड़ से उठाऊ पेयजल योजना खुन्न बांदल, कोहिला कमांद के संवर्धन के लिए 1.59 करोड़ रुपए की लागत से अवेरी गांव के लिए अतिरिक्त स्रोत दोहन योजना का उद्घाटन किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने 9.09 करोड़ से उठाऊ पेयजल योजना कुपर्ण खड्ड से ग्राम पंचायत घाटु गमोग एवं शिल्ली के निर्माण कार्य और 9.50 करोड़ प्रस्तावित लागत से नगर पंचायत निरमंड के लिए अमृत 2.0 के तहत पेयजल योजना का शिलान्यास किया।



### बागा सराहन में नेचर पार्क विकसित करने की घोषणा

**मुख्यमंत्री** ने आनी विधानसभा क्षेत्र में डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने की घोषणा की। आनी क्षेत्र में सीबीएसई से संबंधित स्कूल जल्द खोलने का आश्वासन दिया। बागा सराहन क्षेत्र के युवाओं को ई-कार्ट पर 50 फीसदी अनुदान देने की घोषणा भी की। जलोड़ीजोत से रघुपुर गढ़ और सरेउलसर तक ब्राइडल पाथ बनाने, बागा सराहन से बठाड़ सड़क का सर्वेक्षण कार्य के लिए 1 करोड़ रुपए जारी करने और आनी को नगर पंचायत बनाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने सराहन में झील निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए जारी करने का आश्वासन दिया। महिला मंडलों को 1-1 लाख रुपए देने तथा बागा सराहन में नेचर पार्क विकसित करने की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री ने पंचायतीराज विभाग के तहत जन सुविधा के लिए विभिन्न पंचायतों के लगभग 2 करोड़ की लागत से निर्मित सामुदायिक भवनों का उद्घाटन किया। इसके तहत ग्राम पंचायत पोशना में 48.73 लाख, ग्राम पंचायत बक्खन में 44.61 लाख, ग्राम पंचायत जगातखाना में 32.30 लाख, ग्राम पंचायत शिशवी में 44.84 लाख से निर्मित तथा ग्राम पंचायत कोटी में 33.31 लाख से निर्मित सामुदायिक भवन शामिल हैं। उन्होंने 1.55 करोड़ से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन खनाग एवं आवासीय भवन सहित अन्य विकास कार्यों तथा 7.18 करोड़ से आईटीआई दलाश के भवन का भी उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना की राशि भी लाभार्थी महिलाओं को वितरित की।

इसके अलावा इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, मुख्यमंत्री शगुन योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना तथा बेटी है अनमोल योजना के लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि वितरित की। इससे पूर्व, जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। विभिन्न पंचायतों के प्रधानों, युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, कांग्रेस नेताओं, महिला कांग्रेस ने भी मुख्यमंत्री को सम्मानित किया।

### बुद्धि सिंह ने जताया आभार

**मिल्कफेड** के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर ने करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। विधायक सुंदर सिंह ठाकुर एवं लोकेंद्र कुमार ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे।

# आनी को नगर पंचायत का दर्जा

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने मंगलवार को निरमंड के बागासराहन में जनसभा को संबोधित करते हुए आनी को नगर पंचायत का दर्जा देने की बहुप्रतीक्षित घोषणा की। इस ऐतिहासिक घोषणा के साथ ही आनी में जश्न का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ पटाखे फोड़कर अपनी खुशी जाहिर की। पूर्व में आनी को नगर पंचायत का दर्जा मिल चुका था, लेकिन अधिसूचना की औपचारिकताओं में आई खामियों के चलते उच्च न्यायालय ने इसे रद्द कर दिया था, तब से ही आनी में नगर पंचायत की पुनः अधिसूचना की मांग लगातार उठ रही थी। क्षेत्र की तेजी से बढ़ती आबादी, व्यवसायिक गतिविधियों और शहरी विस्तार को देखते हुए स्थानीय जनता लंबे समय से यह मांग कर रही थी, जिसे अब मुख्यमंत्री सुक्खू सरकार ने पूरा कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी है।

वहीं, आनी कस्बे के लोगों ने मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ इस घोषणा के लिए शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह, मिल्कफेड के चेयरमैन बुद्धि सिंह ठाकुर, आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार और एपीएमसी के पूर्व अध्यक्ष यूपेंद्र कांत मिश्रा का आभार व्यक्त किया।

स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने इसे जनभावनाओं की जीत करार देते हुए कहा कि अब आनी को योजनागत विकास की नई रफ्तार मिलेगी और लोगों को बेहतर शहरी सुविधाएं मिल सकेंगी।

### 1850 महिलाओं को मिली सम्मान राशि

**बागा**-सराहन में आयोजित जनसभा के दौरान इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 7 पंचायतों की 1850 पात्र महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह की दर से एकमुश्त तीन माह की राशि वितरित की। राशि प्राप्त करने के बाद लाभान्वित महिलाओं ने मुख्यमंत्री का आभार जताया और कहा कि यह सहायता उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होगी, अब उन्हें अपनी छोटी-मोटी जरूरतों के लिए किसी का मुंह ताकने या हाथ फैलाने की जरूरत नहीं है। यह राशि उनके आत्मसम्मान को ऊंचा रखने में सहायक होगी। साथ ही उन्होंने प्रदेश की अन्य पात्र महिलाओं को भी जल्द लाभ पहुंचाने की मांग की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। यह योजना कांग्रेस की चुनाव पूर्व घोषित 10 गारंटियों में शामिल थी, जिसे लागू कर सरकार ने अपना वादा निभाया

# लाहौल-स्पीति सड़क हादसे में चालक की लापरवाही उजागर: गोविंद ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पूर्व मंत्री एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि ग्रांफू सड़क हादसे में चालक की लापरवाही उजागर हुई है।



उन्होंने कहा कि घायल पर्यटकों ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह दुर्घटना चालक की लापरवाही के कारण हुई है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर मंगलवार सुबह अस्पताल पहुंचे और सभी घायलों का कुशलक्षेम जाना। उन्होंने मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की, शोकाकुल परिजनों के प्रति गहन संवेदना प्रकट की और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने बताया कि उन्होंने ट्रैवल कंपनी से संपर्क किया, लेकिन कोई भी जवाब नहीं मिला। यात्रियों ने इस गंभीर लापरवाही की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि सवारियों ने बताया कि चालक दिल्ली से ही सवारियों से दुर्व्यवहार कर रहा था और नशे की हालत में चल रहा था। सवारियों की एक भी नहीं सुन रहा था। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं न केवल मानवीय त्रासदी हैं, बल्कि हिमाचल की पर्यटन छवि पर भी विपरीत प्रभाव डालती हैं। सरकार और प्रशासन को चाहिए कि वे ऐसे मामलों में तत्परता से कदम उठाएं और पर्यटकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। प्रदेश के जनजातीय जिले लाहौल-स्पीति के ग्रांफू में बीती शाम हरियाणा के सोनीपत नंबर का एक टैंपो ट्रैवलर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें दो पर्यटकों की दुखद मृत्यु हो गई और 24 अन्य घायल हैं। घायलों का उपचार सिविल और मिशन अस्पताल में जारी है, जबकि कुछ घायल पर्यटकों को एम्स बिलासपुर रेफर किया गया है।

## सैंज भाजपा मंडल ने किया विकसित भारत सभा का आयोजन

# 11 वर्ष के सफरनामें में हर वर्ग का हुआ कल्याण

**अनंत ज्ञान, सैंज**

केंद्र की भाजपा सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने पर सैंज भाजपा मंडल ने मंगलवार को विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया। इसमें कुल्लू भाजपा के नेता नरोत्तम ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जबकि बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने भी संकल्प सभा में हिस्सा लिया। विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन भाजपा सैंज मंडल के सौजन्य से किया गया, जबकि मंडल के अध्यक्ष अमर सिंह ठाकुर ने सभा की अध्यक्षता की।

इससे पूर्व संकल्प सभा का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर शुरुआत की। सभा के मुख्यातिथि नरोत्तम ने कहा कि विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष के सफरनामा में समाज के हर वर्ग का कल्याण हुआ है।



सैंज में आयोजित भाजपा मंडल के विकसित भारत अभियान के दौरान भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, बुनियादी ढांचे के विकास और आत्मनिर्भर जैसे क्षेत्र में उल्लेखनीय काम हुए हैं। स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण हो गए हैं तथा देश का व्यापारिक ढांचा इतना मजबूत हुआ है तथा हर कोई विदेशी निवेशक भारत में निवेश कर कारोबार करना चाहता है। भाजपा अध्यक्ष अमर ने कहा कि मंडल के तमाम पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से विकसित भारत अभियान में संकल्प लेते हुए आग्रह किया कि भाजपा के अभियान वर्ष 2047 के लक्ष्य को और मजबूत बनाने में आहूति दें। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं, जो नीतियों की सफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि देश के विकास में जन भागीदारी जरूरी है और सभी को विकसित भारत के संकल्प में आत्मसात करना होगा। विकसित भारत सभा में संगठनात्मक दिशा-निर्देश दिए गए।

# सेब सीजन शुरू होने से पहले सड़कों की हालत सुधारे सरकार

**अनंत ज्ञान, मनाली।** प्रदेश इंटक के प्रवक्ता डीआर जोशी ने कहा कि सेब सीजन शुरू होने जा रहा है, लेकिन सड़कों की हालत अभी चिंताजनक बनी हुई है। प्रेस को जारी बयान में उन्होंने कहा कि मनाली विधानसभा क्षेत्र के अधिकतर संपर्क मार्ग खस्ता हाल में है। बागवानों की साल भर की कमाई सेब, पलम एवं सब्जियां सब्जी मंडियों में आनी है। जोशी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू सहित विधायक भुवनेश्वर गौड़ से सेब का सीजन शुरू होने से पहले सड़कों की हालत सुधारने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अधिकतर संपर्क मार्गों की हालत दयनीय है, जिनकी हालत जल्द सुधारने की जरूरत है। जोशी ने कहा किसानों व बागवानों को स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ व प्रदेश सरकार से बहुत उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि कुछ एक संपर्क सड़कों की हालत सही नहीं है।

# बागा सराहन दौरे में विधायक लोकेंद्र कुमार ने रखीं क्षेत्र की प्रमुख मांगें

**अनंत ज्ञान, आनी**

मुख्यमंत्री सुक्खू मंगलवार को निरमंड उपमंडल के बागासराहन पहुंचे, जहां आयोजित जनसभा में आनी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक लोकेंद्र कुमार ने क्षेत्र की समस्याओं और जनहित से जुड़ी मांगों को जोरदार तरीके से उठाया। मुख्यमंत्री के मंच पर पहुंचते ही विधायक ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और मंच से कहा कि वे इस मौके पर राजनीति नहीं, जननीति की बात करने आए हैं।

उन्होंने निरमंड सिविल अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के लंबे समय से खाली पदों की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया और मांग की कि 32 पंचायतों की स्वास्थ्य जरूरतों को देखते हुए इन पदों पर जल्द नियुक्ति की जाए। विधायक ने निरमंड में डे बोर्डिंग स्कूल देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया और आनी क्षेत्र के लिए भी एक डे-बोर्डिंग स्कूल की मांग रखी, जिस पर मुख्यमंत्री ने मौके पर घोषणा करते हुए आनी में भी स्कूल खोलने की बात कही। दुग्ध उत्पादकों की समस्याओं का जिक्र, करते हुए कहा कि आनी प्रदेश का सबसे ज्यादा दुग्ध उत्पादन करने वाला क्षेत्र है और दूध के दामों में बढ़ोतरी के सरकार के निर्णय का लाभ यहां की जनता को मिला है, लेकिन सरकार के हाल ही में कोई आदेश हैं, जिनके तहत एक पशुपालक से 10 लीटर से ज्यादा दूध खरीदने की मनाही है, जिससे दुग्ध उत्पादको में मायूसी है। गत वर्ष निरमंड और सैंज क्षेत्र में आई भीषण बाढ़ का जिक्र करते हुए कहा कि इस आपदा में कई लोगों की जान गई, अनेक घर उजड़ गए और परिवार बेघर हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने मुआवजे की जिम्मेदारी ग्रीनको कंपनी को सौंपी थी, जिसने शिमला जिले के प्रभावितों को तो मुआवजा दिया, लेकिन आनी क्षेत्र के पीड़ितों को अब तक राहत नहीं मिली।

## न्यूज ब्रीफ

### मई माह का राशन का कोटा प्राप्त करें उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, कुल्लू अरविंद शर्मा ने कहा कि मई माह के अंतिम दिनों के दौरान सर्वर में आई तकनीकी समस्या के कारण जिले के कुछेक क्षेत्रों में उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के राशन की बिक्री पूरी नहीं हो पाई थी। इसके फलस्वरुप उचित मूल्य की दुकानों की पॉस मशीनों में मई के राशन की बिक्री के लिए बैकलॉग सेल का प्रावधान कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस समस्या के कारण जो उपभोक्ता मई, का राशन का कोटा नहीं ले पाए हैं, तो वे इस माह के अपने राशन के कोटे के साथ माह मई का राशन का कोटा भी प्राप्त कर सकते हैं।

### भुभू जोत ट्रैक पर निकली भारतीय सेना की टीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** 15 गार्ड्स बटालियन 26 डिवीजन जम्मू सतवारी की टीम हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के चुहार घाटी को कुल्लू के लगघाटी से जोड़ने वाले भुभू जोत ट्रेक पर निकली है। कैप्टन उद्भव राव के नेतृत्व में ट्रैक पर निकले सेना के जवानों का मुख्य मकसद युवाओं को सेना की ओर प्रेरित करने के साथ-साथ पहाों को साफ-सुथरा रखने का संदेश देना है। मंडी के बरोट से सारी पास ट्रैक 16 जून से शुरू हुआ। 25 जून को काइस धार होते हुए यह दल कुल्लू पहुंचेंगे। इस दल में एक ऑफिसर, एक जेसीओ व आठ जवान शामिल हैं। कैप्टन दल का नेतृत्व कर रहे हैं। यह ट्रैक एक तरफ घने जंगल और दूसरी तरफ चट्टानी इलाके से होकर गुजरता है। नायब सूबेदार राम भवन के साथ पांच अन्य सैनिक इस दल को स्पॉट कर रहे हैं। नायब सूबेदार राम भवन ने बताया कि इस ट्रैक की शुरुआत 14 जून को जम्मू से हुई। 15 को दल पंडोह पहुंचा। 16 को लोहारडी के लिए निकले और 17 को सौरी बेस कैंप पहुंचे। 18 को सौरी लेक, 19 फुग्नि लेक, 20 को माता लेक, 21 को भापस लेक, 22 को भुभु जोत पहुंचेंगे। 23 को काइस धार, 24 को बिस्तारपुर गढ़ तथा 25 को काइस होकर कुल्लू के ढालपुर पहुंचेंगे।

# सेब को अपने हिसाब से बेच सकते हैं बागवान : प्रेम शर्मा

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने सोशल मीडिया में चल रही अफवाहों से बागवानों को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि एक-दो दिनों से सोशल मीडिया में खबर को फैलाया जा रहा कि बागवान अपने सेब को बागीचों में ही सीधे नहीं बेच सकते, जो कि बिलकुल निराधर और झुठी है।



प्रेम शर्मा ने कहा कि बागवान अपने फलों को बेचने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र है और वे फलों को कहीं भी बेच सकते हैं। सरकार द्वारा इस पर किसी प्रकार का अंकुश नहीं लगाया गया है। प्रेम शर्मा ने कहा कि 12 जून को शिमला में बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में कृषि उपज एवं विपणन समिति एचपीएमसी बागवान संगठनों अग्रणी बागवानों की सयुंक्त बैठक हुई थी। इस बैठक में बागवानी संबंधित सभी विषयों पर विचार - विमर्श किया गया। बैठक में कुछ आढ़तियों ने इस प्रकार की मांग रखी थी, लेकिन इस पर फलोत्पादक मंडल सहित सभी बागवानी संगठनों और बागवानों ने इसका पुरजोर विरोध किया इसलिए इस विषय पर विचार ही नहीं किया गया। प्रेम शर्मा ने कहा कि उन्होंने मंत्री के समक्ष इस प्रकार की मांग को बागवान विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि बागवान अपने फलों को अपनी मर्जी से बेचने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र हैं। इस पर सरकार की ओर से कोई रोक नहीं लगाई गई है। प्रेम शर्मा ने बागवानों को इस प्रकार की झूठी खबरों से सचेत रहने की सलाह दी और सरकार से इस प्रकार की भ्रामक खबरों को फैलाने वालों पर शीघ्र सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

# साहब! नौ माह से नहीं मिला कौशल विकास भत्ता

## विभाग नौ माह से बच्चों को दे रहा कौशल भत्ता, खातों में नहीं पहुंचा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू में कौशल विकास भत्ता योजना के तहत पंजीकृत बच्चों को पिछले नौ महीनों से कौशल भत्ता विभाग द्वारा नहीं दिया जा रहा है।

यह बात मंगलवार को कुल्लू में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए एल्प्स संस्थान ढालपुर के निदेशक जितेंद्र राजपूत व संस्थान के विद्यार्थियों ने कही। उन्होंने कहा कि कौशल भत्ता न मिलने के कारण बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन जब बच्चों ने श्रम एवं रोजगार कार्यालय, हिमाचल प्रदेश के ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी लॉगिन आईडी चैक की, तो पाया कि विभाग ने बच्चों को उनका कौशल भत्ता दे दिया है। पोर्टल पर दी गई जानकारी के अनुसार बच्चों का किसी भी महीने का भत्ता पेंडिंग नहीं है, अगर विभाग पिछले नौ महीने से भत्ता दे रहा है, तो फिर यह भत्ता बच्चों के खाते में क्यों नहीं आ रहा है। प्रशिक्षण ले रहे





एल्पस इंस्टीट्यूट के निदेशक जितेंद्र पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए व उनके साथ अन्य।

विद्यार्थियों ने सरकार से मांग की है कि उनके भविष्य से खिलवाड़ न किया जाए और कौशल विकास भत्ता यदि विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है, तो फिर अभी तक खातों में क्यों नहीं आया इसकी जांच की जाए। जितेंद्र ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में बीते दिनों डीसी कुल्लू को भी सदस्य सचिव सह जिला रोजगार अधिकारी जिला कुल्लू के खिलाफ शिकायत पत्र सौंपा है। जितेंद्र राजपूत ने बताया कि 8-9 माह से कौशल विकास भत्ता नहीं मिलने के कारण स्किल डिवेलपमेंट में प्रशिक्षण ले रहे छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। कौशल विकास भत्ता न मिलने से सिर्फ प्रशिक्षु ही परेशान नहीं हैं, बल्कि अभिभावक, अध्यापक व इंस्टीट्यूट मालिक भी आर्थिक बोझ तले दब गए हैं। वहीं, उन्होंने कहा कि जिस तरह से जिला हमीरपुर में बेरोजगारी भत्ते को लेकर घोटाला हाल ही में सामने आया है, ऐसा लगता है कि जिला कुल्लू में भी ऐसा ही हो रहा है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि हमारी शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाए और हमें हमारा कौशल भत्ता प्रदान करा जाए।

# दो घंटे बंद रहा लारजी सैंज संपर्क मार्ग

**अनंत ज्ञान, सैंज।** सोमवार रात्रि से लगातार हो गई बारिश के चलते मंगलवार को लारजी-सैंज संपर्क मार्ग पर तलाड़ा के पास सड़क पर भारी मलबा आ गया। लगातार बारिश के चलते सैंज में बरसात आम लोगों के लिए आफत बन गई है। पिछले दो दिनों से इलाके में हो रही भारी बारिश के कारण मंगलवार को लारजी सैंज संपर्क मार्ग दो घंटे बंद रहा, जिस कारण दोनों तरफ सैकड़ों गाड़ियां फंसी रही। हालांकि, मौसम खुलते ही सड़क को बहाल कर दिया है। सड़क मार्ग अवरुद्ध रहने से सैकड़ों यात्रियों को दो घंटे भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

लारजी-सैंज संपर्क मार्ग तलाड़ा के पास सड़क पर मलबा आने के कारण ठप रहा, लेकिन लोक निर्माण विभाग की मशीनों ने यातायात को बहाल कर दिया है। वहीं, कुल्लू की डीसी तोरुल एस रविश ने आम लोगों से आग्रह किया कि सड़कों पर ध्यान पूर्वक सफर करें।

**आयोजन** राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली, जन सेवा केंद्र की सेवाओं पर विशेष जानकारी सत्र आयोजित

# लोगों को वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने पर जोर दिया

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

कुल्लू जिले में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और कॉमन सर्विस सेंटर द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण जानकारी सत्र आयोजित किया गया।

इसमें ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सशक्त बनाने और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी से अमर सिंह, ट्रेनर ने नेशनल पेंशन सिस्टम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 से 70 वर्ष की आयु के बीच का कोई भी व्यक्ति इस योजना का लाभ उठा सकता है, जिससे उन्हें भविष्य में मासिक पेंशन के साथ-साथ एकमुश्त राशि भी प्राप्त होगी। यह योजना सेवानिवृत्ति के बाद वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।



राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और कॉमन सर्विस सेंटर की प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं को लेकर आयोजित जानकारी सत्र के दौरान गणमान्य।

### सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के महत्व को समझाया

**सीएससी** के कर्मचारी मनोज कुमार और संजीव कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि सीएससी के माध्यम से लोग आसानी से बैंक खाता खोल सकते हैं, पैसे निकाल और जमा कर सकते हैं, साथ ही विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। यह पहल ग्रामीण आबादी के बीच वित्तीय साक्षरता और समावेशन को बढ़ावा देने में सहायक होगी।

### शूलिनी विश्वविद्यालय की ऑनलाइन शिक्षा पर 30 फीसदी छूट

**शूलिनी** विश्वविद्यालय की ओर से ऑनलाइन एजुकेशन के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि विश्वविद्यालय के एमबीए और एमसीए कोर्स अब लोकमित्र केंद्रों पर भी उपलब्ध होंगे और इन कोर्सों पर 30 फीसदी का विशेष डिस्काउंट मिलेगा, जिससे उच्च शिक्षा तक ग्रामीण युवाओं की पहुंच आसान हो सकेगी।

### ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाओं का केंद्र

**सीएससी** (कामन सर्विस सेंटर) के असिस्टेंट मैनेजर आतिश नेगी ने सीएससी के माध्यम से उपलब्ध विभिन्न सेवाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि सीएससी से ट्रैवल सर्विसेज भी मिलती है, जिससे ग्रामीण लोगों को यात्रा संबंधी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो सकें।

### बीमा संबंधी निवेश योजनाएं

**सीएससी** से विजय सिंह ने बीमा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी, जिससे लोगों को विभिन्न बीमा उत्पादों को समझ हो सके। इसके अतिरिक्त, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस से विक्रम शर्मा ने निवेश योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की, जिससे लोग अपने भविष्य के लिए बेहतर वित्तीय योजना बना सकें।

### वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति

**इस** महत्वपूर्ण सत्र में डीएम कुल्लू प्रवीण और डीएम सुंदर, साथ ही स्टेट टीम से लक्की पुरी और कर्ण सिंह भी मौजूद थे। इन सभी गणमान्य व्यक्तियों ने सीएससी द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं की सराहना की और ग्रामीण क्षेत्रों में इनके विस्तार के महत्व पर जोर दिया।

# ऋत्विक ने 25 किलो भार वर्ग में झटका स्वर्ण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

शिमला के इंदिरा गांधी खेल परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर और कैडेट जूडो प्रतियोगिता में कुल्लू जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

कुल्लू के जूडो संघ के प्रधान व कोच रणवीर ठाकुर ने बताया कि इस राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में 400 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कुल्लू के 31 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण, 8 रजत और 8 कांस्य पदक हासिल किए। जूडो संघ के प्रधान व कोच रणवीर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में एलएमएस कलेहली के 11 खिलाड़ियों ने पदक जीते। इमसें ऋत्विक 25 किलो भार वर्ग, समर्थ 45 किलो, महिमा 45 प्लस किलो, तनवी ने 44 से कम किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं, उत्कर्ष ने 35 किलो भर वर्ग, अविश ने 30 किलो, अथर्व ने 25 किलो व इशांत ने 30 किलो भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया। इसी तरह आदर्शनी ने 30 किलो भार वर्ग में, आश्विन ने 44 किलो, हेरिस ने 35 किलो में कांस्य पदक हासिल किया।





जूडो प्रतियोगिता के विजेता कुल्लू के जूडो संघ के प्रधान व कोच रणवीर ठाकुर के साथ।

एलएमएस कुल्लू के 4 खिलाड़ियों ने पदक जीते। इसमें लावण्य ने 40 किलो में स्वर्ण पदक, हनीशा ने 36 किलो, रसूल ने 40 किलो में रजत पदक, जबकि मायरा ने 24 किलो, रोनित ने 45 किलो में कांस्य पदक हासिल किए। पिपलागे स्कूल के 5 खिलाड़ियों ने पदक हासिल किया। इसमें आरुषि ने 40 किलो स्वर्ण पदक, रितिक ने 45 किलो, प्रीति ने 57 किलो रजत पदक हासिल किया व कोमल 44 ने किलो, दीक्षा ने 48 किलो, संजना ने 40 किलो में कांस्य पदक हासिल किया। जूडो संघ के चेयरमैन करतार सिंह गुलेरिया, उपचेयरमैन रमेश (रजनु), विशिष्ट उपाध्यक्ष सत्यपाल ठाकुर, महासचिव विपिन चंदेल, उपप्रधान सोनू, कोषाध्यक्ष मेहर सिंह के अलावा रीतिन पठानिया, पर्व पठानिया, यशूला गुलेरिया, सुरेश नेगी, अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स के चेयरमैन किशन ठाकुर, एलएमएस कलैहली के एमडी संचालक उदय कंवर, एमडी अकादमिक ललिता कंवर, प्रिंसिपल आरती शर्मा, एलएमएस कुल्लू की प्रिंसिपल निधि कांत आदि ने सभी बच्चों और कोच को बधाई दी। उन्होंने बच्चों का इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए हौसला बढ़ाया और नेशनल में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया तथा बधाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### 50 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 20 जून को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मैसर्ज एसआईएस सिक्योरिटीज हमीरपुर में सिक्योरिटी गार्ड व सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 50 पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू 20 जून को उपरोजगार कार्यालय अर्की में आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश कुमार ने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं और विशिष्ट शारीरिक मापदंड ऊंचाई 168 सेमी, भार 52-95 किलोग्राम व आयु 19-40 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि इन पदों की विस्तृत जानकारी आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस से प्राप्त कर सकते हैं। सभी योग्य एवं इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस पर कैंडिडेट लॉगइन टैब के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरांत अपनी रजिस्ट्रेशन प्रोफाइल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन करने से पूर्व प्रत्येक आवेदक को अपना नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत करवाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार अपनी योग्यता संबंधी सभी अनिवार्य प्रमाण-पत्रों व दस्तावेजों सहित उपरोजगार कार्यालय अर्की में 20 जून को प्रातः 10.30 बजे पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय दूरभाष नंबर 01792-227242 तथा मोबाइल नंबर 70184-72132 पर संपर्क कर सकते है। कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने के लिए कोई भी यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा।

### मौजूदा परिसीमन को यथावत रखा जाए

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** नगर परिषद नाहन के वार्ड नंबर 3 की पार्षद नीलम सैनी के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों का एक प्रतिनिधिमंडल डीसी सिरमौर से मिला और वार्ड की वर्तमान भौगोलिक सीमाओं में किसी भी प्रकार के बदलाव का विरोध दर्ज कराया। इस संबंध में डीसी और उपमंडलाधिकारी नाहन को एक लिखित पत्र सौंपा गया। इसमें निवेदन किया गया कि मौजूदा परिसीमन को यथावत रखा जाए। पत्र में उल्लेख किया गया कि वार्ड नंबर-3 का क्षेत्र एवीएन स्कूल से लेकर दुर्गा राम घाटी नया बाजार तक फैला हुआ है और इसकी भौगोलिक और सामाजिक बनावट को देखते हुए कोई परिवर्तन अनावश्यक और असुविधाजनक होगा। पार्षद नीलम सैनी ने बताया कि परिसीमन के बदलाव से न केवल लोगों के आधार, पासपोर्ट और बीमा दस्तावेजों में संशोधन की आवश्यकता पड़ेगी, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि इस इलाके के कई बुजुर्ग नागरिक पहले ही मतदान केंद्र की दूरी से परेशान हैं और अगर परिसीमन होता है, तो मतदान केंद्र और भी दूर हो सकता है, जिससे उनकी भागीदारी प्रभावित होगी। प्रेषित पत्र पर 50 से अधिक स्थानीय नागरिकों के हस्ताक्षर हैं, जिनमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ नागरिक राजकुमारी, हेमंत कंवर, राजा रानी, अजय कंवर, अशोक सिक्कंद, लाला राम गोपाल आदि शामिल हैं।

### भंडारों की अनुमति के लिए ऑनलाइन आवेदन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** 20 से 22 जून तक आयोजित किए जाने वाले राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेले में भंडारों के लिए ऑनलाइन अनुमति प्राप्त करनी होगी। यह जानकारी एसडीएम एवं सहायक मेला अधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल ने दी। डॉ. पूनम बंसल ने कहा कि इच्छुक व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भंडारों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने तथा पंजीकरण के लिए क्यूआर कोड भी स्कैन किया जा सकता है।

### केंद्र सरकार के 11 वर्ष अमृतकाल : सूरत नेगी

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ।** पूर्व वन निगम के उपाध्यक्ष सूरत नेगी ने रिकांगपिओ में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार के पिछले 11 वर्षों के कार्यकाल को अमृतकाल के समान बताया। उन्होंने कहा कि 2014 से अब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पूरे देश में एक समान और अभूतपूर्व विकास कार्य किए हैं। नेगी ने जोर देकर कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने सेवा के भाव और सुशासन को प्राथमिकता देते हुए काम किया है। उन्होंने बताया कि गरीबों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार द्वारा सैकड़ों योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ देश भर के गरीबों को मिल रहा है। पूर्व उपाध्यक्ष ने देश की आर्थिक प्रगति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज भारत पूरे विश्व में अर्थव्यवस्था के मामले में भारत चौथे स्थान पर है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी नीतियों को जाता है, जिन्होंने देश को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाई है। नेगी ने राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर भी बात की और हाल ही में हुए सिंदूर ऑपरेशन का उदाहरण दिया। इसमें भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की सेना को दुश्मन देशों को जवाब देने की खुली शक्ति या देकर सशक्त किया है।

### बच्चों को वैदिक संस्कृति व योग की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** नेशनल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल धुंदन में शांतिकुंज हरिद्वार से आए हुए वैदिक संस्कृति के प्रशिक्षुओं द्वारा बच्चों को वैदिक संस्कृति व योग के बारे में जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य भीमा वर्मा की अध्यक्षता में अध्यापिका उमा ने सभी का स्वागत किया। देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार की कोयल दास, रोशनी विराग्दे और लीला यादव ने योग सत्र में आत्मज्ञान व तत्व ज्ञान के बारे में जानकारी प्रदान की व प्राणायाम से संबंधित क्रियाएं करवाईं। उन्होंने विभिन्न नशों व नशीली दवाओं के कुप्रभाव के बारे में जानकारी दी, ताकि बच्चे नशे से दूर रहकर अपने जीवन को संवार सकें। प्रशिक्षुओं द्वारा बच्चों को गायत्री मंत्र का सही उच्चारण और उसके अर्थ व लाभ बताए गए। साथ ही बच्चों को ज्ञान मुद्रा, भ्रामरी प्राणायाम के बारे में जागरूक किया गया। तहसील संयोजक राकेश शर्मा ने कहा कि दिनचर्या में शामिल करने के लिए बच्चों को गायत्री मंत्र, प्राणायाम और योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया जा रहा है। गायत्री मंत्र का मानव शरीर पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है।

### निगम की जमीन पर ट्रांसफॉर्मर लगाने को लेकर विवाद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** नगर निगम कार्यालय के समीप बिजली ट्रांसफॉर्मर को लगाने को लेकर विवाद हो गया। भाजपा पार्षदों ने धरना-प्रदर्शन कर इसका विरोध कर काम रोक दिया। इस बीच मौके पर बिजली बोर्ड के एसडीओ भी पहुंचे, लेकिन मामला नहीं सुलझा। नतीजतन फिलहाल काम को रोक दिया गया। भाजपा पार्षदों ने विरोध करते हुए स्थानीय विधायक व प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर कर्नल धनीराम शांडिल पर भी हमला बोला। वार्ड 9 के पार्षद व शहरी भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह जमीन नगर निगम की है। लिहाजा, यहां बिना निगम के परमिशन के कोई भी ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया जा सकता। ऐसे में ये ट्रांसफॉर्मर लगाना बिलकुल गलत है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से बिजली बोर्ड के कर्मी कहीं पर भी ट्रांसफॉर्मर लगा देंगे। शैलेंद्र ने कहा कि यह काम तत्कालीन प्रभाव से रुकना चाहिए, नहीं तो आने वाले दिनों में भाजपा इसको लेकर और उग्र प्रदर्शन करेगी।

# जयराम ठाकुर के सोलन दौरे में ठाकुर एकजुटता की नई पटकथा

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**


सोलन के देऊंघाट मेले में एक मंच पर आई ठाकुर लॉबी।

**सोलन।** सोलन के देऊंघाट मेले के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का मुख्यातिथि के रूप में पहुंचना सांस्कृतिक सहभागिता नहीं, बल्कि सोलन जिले की राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव का भी संकेत है। जानकारों का मानना है कि पूर्व मुख्यमंत्री का सोलन दौरा बिखरी हुई ठाकुर लॉबी को एक मंच पर लाने का सफल प्रयास सिद्ध हुआ। इस प्रयास के पीछे सोलन से भाजपा प्रत्याशी रहे डॉ. राजेश कश्यप मुख्य रणनीतिकार माने जा रहे हैं।

डॉ. कश्यप जयराम ठाकुर के अत्यंत करीबी माने जाते हैं। बीते कुछ समय में सोलन की राजनीतिक हाशिए में बार-बार पर धकेले जाने के बावजूद पीछे हटने की बजाय डॉ. कश्यप ने गांव और शहर का संगठित मोर्चा तैयार किया है। माना जा रहा है कि यह मेला केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि राजनितिक शक्ति संतुलन को पुन: गढ़ने का प्रयास भी था।

सोलन में भाजपा ने आखिरी बार 2007 में विधानसभा चुनाव जीता था, उसके बाद से लगातार गुटबाजी और भीतरघात ने पार्टी की संभावनाओं को क्षति पहुंचाई है। पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप, भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद, वरिष्ठ नेता महेंद्र नाथ सोफत और अब एससी वर्ग से जुड़ी कुमार शीला, डीके ठाकुर व डॉ. राजेश कश्यप जैसे नेता सभी कभी न कभी इस अंदरूनी राजनीति के शिकार हुए हैं, उन्हें कार्यक्रमों में दरकिनार किया गया और निर्णय प्रक्रियाओं से बाहर रखा गया, लेकिन इस बार या तो एक हो जाओ या हमेशा के लिए पीछे हट जाओ की रणनीति के साथ ठाकुर समाज के स्थानीय नेताओं को एक मंच पर लाकर खड़ा कर दिया, जिन प्रमुख राजपूत नेताओं ने देऊंघाट मेले में समूह के रूप में जयराम ठाकुर से भेंट की, उनमें भूपेंद्र ठाकुर, पूर्व पंचायत प्रधान, आंजी जगमोहन ठाकुर, प्रधान, शमरौड़, डीके ठाकुर पूर्व चेयरमैन नगर परिषद सोलन, संदीप ठाकुर भाजपा नेता बिंदरु ठाकुर युवा नेता, अभिषेक ठाकु अधिवक्ता, सुंदर सिंह ठाकुर, पूर्व चेयरमैन, बघाट बैंक नरेंद्र मेहता पूर्व प्रधान सपरून, इंदर सिंह मेहता, पूर्व बीडीसी चेयरमैन सहित अनेक प्रभावशाली ठाकुर नेता शामिल रहे। इस मेले में डॉ. बिंदल और सांसद सुरेश कश्यप की उपस्थिति की उम्मीद थी, लेकिन दोनों ही नेताओं ने आने से परहेज किया और अपनी जगह अपने करीबी नेताओं की उपस्थिति दर्ज करवाई। इससे कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। भाजपा नेताओं द्वारा बनाई गई इस एकजुटता ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि अगर भाजपा को सोलन में वापसी करनी है, तो उसे गुटबाजी से ऊपर उठकर एकजुटता को प्राथमिकता देनी होगी।

# शूलिनी विश्वविद्यालय ने 'ड्रग्स को नकारें' मैराथन का किया समर्थन



शूलिनी विश्वविद्यालय ने सोलन में आयोजित 'ड्रग्स को नकारें' मैराथन का किया समर्थन।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय ने सोलन में 'नेशन स्पीक्स' द्वारा आयोजित 'ड्रग्स को नकारें' मैराथन का समर्थन किया।

यह कार्य, सामुदायिक एकजुटता और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ सामूहिक रुख का प्रदर्शन था, जिसने स्वास्थ्य, फिटनेस और सामाजिक जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा दिया। सोलन जिले के विभिन्न स्कूलों के साथ मैराथन में भाग लेकर शूलिनी विश्वविद्यालय के छात्रों ने उत्साहपूर्वक इस कार्य में योगदान दिया। सभी प्रतिभागियों को उनके प्रयासों के सम्मान में मानार्थ टी-शर्ट, भागीदारी प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह दिए गए। इसके अतिरिक्त, धावकों की भलाई में सहायता के लिए चिकित्सा सुविधाएं और जलपान प्रदान किए गए। प्रोफेसर नीरज गंडोत्रा, एसोसिएट डीन छात्र कल्याण, शूलिनी विश्वविद्यालय ने कहा, विश्वविद्यालय सामुदायिक कल्याण, स्वस्थ जीवन शैली और नशीली दवाओं से मुक्त भविष्य को बढ़ावा देने वाली पहलों में एक मजबूत भागीदारी के लिए तत्पर रहता है।

## आदर्श संस्था के राज्य समन्वयक बने नरेंद्र

**अनंत ज्ञान, नाहन।** फुटबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी रहे नाहन के नरेंद्र थापा को आदर्श संस्था का प्रदेश समन्वयक के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। संस्था के अध्यक्ष अमरजीत परमार ने



प्रेस को दिए बयान में कहा कि नरेंद्र थापा आदर्श संस्था के कार्यक्रमों को लोगों में लगातार जागरूकता बढ़ाने को लेकर प्रयासरत हैं इसलिए उन्हें प्रदेश समन्वयक पद दिया है। नरेंद्र थापा पूर्व में जहां राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं। वहीं, प्रदेश व देश के सैकड़ों खिलाड़ियों को भी तैयार किया है। नरेंद्र थापा ने युवा समय में जहां सब जूनियर नेशनल, जूनियर नेशनल, इंटर यूनिवर्सिटी, सीनियर नेशनल, ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी मीट, डूरंड कप दिल्ली, सेवल मेमोरियल नाहन समेत अनेक प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया है।

## वेंडिंग जोन के लिए विक्रमादित्य सिंह ने शहरी विकास विभाग को जल्द काम करने के दिए निर्देश

**महेंद्र, अनंत ज्ञान**

**परवाणू।** लंबे समय से लंबित पड़े वेंडिंग जोन मामले में शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शहरी विकास विभाग को जल्द कार्य शुरू करने के निर्देश जारी किए हैं।

यह जानकारी परवाणू विकास मंच के अध्यक्ष सतीश बेरी ने दी। उन्होंने रेहड़ी मार्केट में लगे स्व. वीरभद्र सिंह द्वारा 2017 किए गए शिलान्यास की पट्टिका को साफ कर रंग रोगन कर मार्केट के दुकानदारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परवाणू विकास मंच की ओर से वेंडिंग जोन बनाने का आग्रह शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य से किया गया था। इसमें 2017 से अब तक वेंडिंग जोन न बनाने के कारणों से उन्हें अवगत कराया गया, जिसे देखते हुए उन्होंने यह निर्देश जारी किए हैं। सतीश बेरी ने बताया कि शहर में दुकानदारों व झुग्गी वालों के साथ नगर परिषद व इनके पार्षदों द्वारा धोखा किया गया है। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार हिमुडा द्वारा उन्हें यहां से हटाया गया, लेकिन उसी आदेश में यह भी लिखा गया था कि पहले इन्हें बसाने का इंतजाम किया जाए, फिर हटाया जाए, लेकिन अपने स्वार्थ के लिए इनके पार्षदों व नगर परिषद ने इन्हें अंधेरे में रखा। इनकी दुकानें व आशियानें उजाड़ दिए।

सतीश बेरी ने कहा कि इन गरीबों की मदद के लिए मैं जो भी संभव कार्य होगा अवश्य करूंगा। उन्होंने इस कार्य के लिए मंत्री विक्रमादित्य का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पट्टिका राजा वीरभद्र द्वारा 2017 में लगवाई गई थी, लेकिन आज तक यह कार्य पूरा नहीं हुआ था। आज उनके पुत्र द्वारा यह कार्य होने जा रहा है, जो कि हमारे लिए बहुत ही हर्ष की बात है।

# भ्रामक प्रचार से बचें बागवान : नेगी

## बागवान अपनी मर्जी से बेच सकेंगे सेब, केंद्र की आयात नीति पर जताई चिंता

### भाजपा पर बागवानों को गुमराह करने का आरोप

**अनिल नेगी, अनंत ज्ञान**

**रिकांगपिओ।** हिमाचल प्रदेश के राजस्व, बागवानी एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने बागवानों से भ्रामक प्रचार से दूर रहने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि बागवानों को अपना सेब बेचने की पूरी स्वतंत्रता है, चाहे वे इसे मंडी यार्ड में बेचें, किसी आढ़ती को बेचें या सीधे अपने बगीचे से।

उन्होंने केंद्र सरकार की सेब आयात नीति पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की, खासकर अमेरिका से आने वाले सेब पर टैरिफ कम करने की संभावना पर। नेगी ने बताया कि 12 जून को शिमला में हुई बागवान एसोसिएशनों, जिला प्रशासन, बागवानी विभाग, एचपीएमसी, मोर्केटिंग बोर्ड और आढ़ती एसोसिएशनों की बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठे। सबसे बड़ी चिंता केंद्र सरकार की सेब आयात नीति को लेकर थी। उन्होंने कहा कि अमेरिका से आने वाले सेब पर पहले 75 फीसदी टैरिफ लगता था, जिसे घटाकर 50 फीसदी कर दिया गया है। हाल ही में ट्रंप ने टैरिफ में और कमी करने की बात कही है और नीति आयोग में यह फैसला लेने की बात चल रही है कि अमेरिका से आने वाले सेब पर टैरिफ शून्य कर दिया जाएगा। नेगी ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ऐसा करती है तो जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे सेब उत्पादक राज्यों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यदि जरूरत पड़ी, तो बागवान सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को भी तैयार हैं। नेगी ने कहा कि हिमाचल से बाहर यूनिवर्सल कार्टन के अलावा किसी और किस्म की पैकेजिंग नहीं जाएगी।



**नेगी** ने भाजपा के कुछ कार्यकर्ताओं पर बागवानों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब सेब सीजन को लेकर एक अच्छी बैठक हुई और अच्छे सुझाव आए, तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने यह अफवाह फैलाई कि यदि बागवान सेब बगीचे में ही बेचते हैं, तो उन्हें जुर्माना देना पड़ेगा। नेगी ने स्पष्ट किया कि बागवानों पर किसी भी तरह की कोई पाबंदी नहीं है, वे अपना सेब कहीं भी बेच सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की बागवानों को गुमराह करने की तुच्छ राजनीति है। यदि किसी आढ़ती ने मार्केट यार्ड में अपना लाइसेंस लिया है, तो उसे लाइसेंस दिखाना होगा और मार्केट यार्ड से बाहर काम कर रहे आढ़तियों को भी अपना लाइसेंस प्रदर्शित करना होगा, ताकि बागवानों को धोखा न दिया जा सके।

# पाइनग्रोव स्कूल के पूर्व हेड ब्वॉय प्रणव ने चमकाया नाम

### आईआईएम अहमदाबाद में सीट की हासिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइन ग्रोव स्कूल के पूर्व हेड ब्वॉय प्रणव गुप्ता ने प्रतिष्ठित भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद में सीट हासिल करके स्कूल की उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ दिया। संस्थान में सीट हासिल करना उनकी प्रतिभा, दृढ़ता और सर्वांगीण विकास का प्रमाण है।



मृदुभाषी, विचारशील, मेहनती और एक सज्जन व्यक्ति, प्रणव हमेशा शांत शक्ति और गहरी बुद्धि का अवतार रहे हैं। प्रणव वास्तव में एक आदर्श छात्र थे। ग्रोवियन के तीन जी गुड, ग्रेट और गॉडली उनके व्यक्तित्व का सटीक वर्णन करते हैं। अपने अनुकरणीय व्यवहार और लगातार अकादमिक प्रदर्शन के अलावा, वे एक उल्लेखनीय प्रतिभाशाली कलाकार भी थे। उनके काम ने पिछले कई सालों में कई जूनियर्स को प्रेरित किया है। हर मायने में एक रोल मॉडल, प्रणव की विनम्रता, रचनात्मकता और शांत अनुशासन ने उन्हें साथियों और शिक्षकों दोनों से प्रशंसा दिलाई। उनके पिता दीपक गुप्ता कहते हैं, प्रणव की उपलब्धियां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सिद्धांत बुद्ध नेतृत्व का प्रतिबिंब हैं, जो पाइनग्रोव ने उन्हें लगातार प्रदान किया। प्रणव की उत्कृष्टता की प्रेरक यात्रा अब आईआईएम अहमदाबाद के मैदान पर आ गई है, क्योंकि वह भारत के सबसे बेहतरीन संस्थानों में से एक के पूर्व छात्र के रूप में और भी ऊंची उड़ान भरने के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं।

# आखिर सड़कों पर कौन छोड़ रहा लावारिस पशु!

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**



राजगढ़। प्रदेश सरकार और अनेक संस्थाओं के अथक प्रयासों के बावजूद भी लोगों द्वारा गोवंश को सड़कों पर लावारिस छोड़ने का सिलसिला थम नहीं रहा है। हालांकि, प्रदेश में अनेक गोशालाएं सरकार व निजी संस्थाओं के माध्यम से चलाई जा रही हैं, जिसमें बेसहारा गोवंश को आश्रय मिला है।

इसके बावजूद भी असंख्य पशु सड़कों पर बेसहारा घूमते हुए नजर आते हैं। बता दें कि हाल ही में राजगढ़ हाब्बन रोड के कड़ीयुत से डोहर तक अनेक स्थानों पर बेसहारा पशुओं के झुंड सड़कों पर विचरण करते देखे गए हैं, जो कि सड़क के किनारे ढेरा जमाए रहते हैं। बेजुबान पशु कई बार वाहन की तेज रफ्तार से दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। भूखे-प्यासे बेसहारा पशु कई बार प्लास्टिक खाकर अपना पेट भरते हैं और अनेक बार लोगों की फसलें भी उजाड़ देते हैं, जिसकी एवज में उन्हें किसानों की लाठियां मिलती हैं। बिमार और दुर्घटनाग्रस्त होने पर अक्सर काल का ग्रास हो जाते हैं। कुछ वर्षों पहले पूर्व भाजपा सरकार ने पशुओं में माइक्रो चिप्स लगाने की योजना बनाई थी, जो कि केवल कागजों तक सीमित रही। माईकों चिप्स लगाने से पशु के मालिक की पहचान की जा सकती है। आखिर गोवंश को सड़कों पर कोन लावारिस छोड़ रहा है। यह एक यक्ष प्रशन सबके जहन में है, लेकिन इस गंभीर समस्या का बीते करीब 25 वर्षों से कोई समाधान नहीं हो सका है। लोग बेखौफ होकर कान से टैग निकाल कर गाड़ियों में भरकर पशुओं को सड़कों पर छोड़ देते हैं। सबसे अहम बात यह है कि आजतक न ही किसी पंचायत अथवा शहरी निकाय एवं पशुपालन विभाग द्वारा कोई कड़ा संज्ञान नहीं लिया गया और न ही आजतक कोई एफआईआर दर्ज करवाई गई है। हरिओम गोशाला संचालक कपिल ने कहा कि उनके दो गोसदनों में 500 से अधिक बेसहारा पशुओं को आश्रय मिला है और इससे अधिक पशुओं को अब रखने की क्षमता गोसदनों में नहीं है। बता दें कि स्थानीय पंचायतों और शहरी निकायों को बेसहारा गोवंश के पुनर्वास का जिम्मा सौंपा है। गो सदनों में भी क्षमता न होने से पंचायतों को बेसहारा पशु गले की फांस बन गए हैं। गो सदनों में सरकार द्वारा मंदिरों के माध्यम से मिलने वाली अनुदान राशि बीते चार माह से न मिलने के कारण संचालकों को गोवंश के चारा आदि का प्रबंधन करने में बहुत परेशानी पेश आ रही है।


## उच्च रक्तचाप एक जीवनशैली से जुड़ी समस्या

**अनंत ज्ञान, सराहां।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुज्जि में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. तरुण पराशर ने बताया कि उच्च रक्तचाप एक जीवनशैली से जुड़ी समस्या है, जिसका समय पर इलाज न किया जाए, तो आगे चल कर यह हृदयघात, मस्तिष्क घाट, गुर्दे संचलित बीमारियों आदि को जन्म दे सकती है। उन्होंने बताया कि हमें अपने दैनिक जीवन में नमक व वसा का कम प्रयोग करना चाहिए व बाजार में बिकने वाले चिप्स व खतरनाक पेय पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। इस अवसर पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक नरवीर कुमार शर्मा ने बताया कि उच्च रक्तचाप दिवस, जो कि 17 मई को मनाया जाता है। इस बार यह एक महीने का जागरूकता कार्यक्रम था, जिसका आज समापन हुआ। इस तरह के कार्यक्रम पूरे महीने जगह-जगह किए गए।

# जनता अब कांग्रेस के दमन व तुष्टिकरण की नीति को नहीं करेगी सहन : शैलेंद्र

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भाजपा सोलन शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सिरमौर जिले के पांवटा साहिब के माजरा गांव में एक युवती के अपहरण के विरोध में शांतिपूर्ण धरना दे रहे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, विधायक सुखराम चौधरी और 50 अन्य कार्यकर्ताओं पर भारतीय न्याय संहिता की धारा-163 के तहत मामला दर्ज करना एक दमनकारी और पक्षपातपूर्ण कार्रवाई है।



उन्होंने इसे कांग्रेस सरकार के इशारे पर उठाया गया प्रशासनिक दमन का सीधा उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यह घटना राज्य में कांग्रेस शासन के दौरान बढ़ते गुंडाराज और बदहाल कानून-व्यवस्था की पोल खोलती है। भाजपा नेता ने कहा कि 4 जून को माजरा गांव में 19 वर्षीय मोहसिन द्वारा एक युवती को भगाने की घटना के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। सामाजिक टकराव में हुए पथराव में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए, लेकिन शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे भाजपा और हिंदू संगठनों के लोगों पर ही मुकदमे दर्ज कर दिए गए, जो न केवल लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है, बल्कि अपराधियों को संरक्षण देने का प्रयास भी है। शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार के तानाशाही रवैये के चलते राज्य में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों को दबाया जा रहा है, जबकि अपराधियों को खुली छूट दी जा रही है। उन्होंने इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए मांग की कि भाजपा नेताओं और अन्य प्रदर्शनकारियों पर दर्ज सभी झूठे मामले तुरंत वापस लिए जाएं और अपहृत युवती के मामले में मुख्य दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। भाजपा नेता ने चेतावनी दी कि प्रदेश की जनता अब कांग्रेस सरकार के दमन, पक्षपात और तुष्टिकरण की नीति को और सहन नहीं करेगी। उन्होंने कांग्रेस सरकार को जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कानून के शासन को बहाल करने की सख्त चेतावनी दी है।

**आयोजन** हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति का संगठनात्मक शिविर आयोजित

# कुपोषण के मुद्दों पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, सोलन**


सोलन में संगठनात्मक शिविर के आयोजन पर मौजूद अतिथिगण।

हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति के दक्षिण क्षेत्र के जिलों शिमला, सोलन और सिरमौर के कार्यकर्ताओं के लिए एससीईआरटी सोलन में संगठनात्मक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 50 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

शिविर में विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की गई जन विज्ञान आंदोलन की पृष्ठभूमि सहित वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तर्कशीलता, जेंडर समानता और संवेदनशीलता, सोशल मीडिया का सामाजिक कार्यों में प्रभावी उपयोग, प्रदेश में कुपोषण एवं अनीमिया की स्थिति को लेकर किए जा रहे अध्ययन जैसे विभिन्न विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। शिविर के मुख्य स्रोत व्यक्ति डॉ. प्रमोद गौरी ने बताया कि हिमाचल का आंदोलन जमीनी स्तर का आंदोलन रहा है। उन्होंने कहा कि जनता से संपर्क करने का संगठन का तरीका बहुत ही रचनात्मक और व्यावहारिक रहा है। उत्तराखंड राज्य के अतिरिक्त निदेशक, शिक्षा एसपी सेमवाल ने कार्यकर्ताओं में वैज्ञानिक मानसिकता पैदा करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बिना वैज्ञानिक विश्लेषण किए कार्यकर्ताओं के मुद्दों का सही आकलन करना कठिन है। उन्होंने हाशिए पर खड़े तबके को मुख्यधारा में लाने के लिए विशेष प्रयास करने का आह्वान किया। सेमवाल ने कहा कि वैज्ञानिक समझदारी यांत्रिक तौर पर पैदा नहीं होगी, इसके लिए कार्यकर्ताओं को मानव विकास की प्रक्रिया को समझना होगा।

महिला मुद्दों पर आई स्रोत व्यक्ति मनीषा हंस ने कहा कि भारतीय समाज में महिलाएं सामंती रूढ़ियों के साथ पूंजीवादी शोषण की भी शिकार हो रही हैं। उन्होंने कहा कि संगठन में महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि कम से कम वे अपने परिवार में ऐसा माहौल बनाएं कि महिलाएं व्यक्तिगत विकास के लिए खुद को आगे बढ़ा सकें। सत्र में समता की राष्ट्रीय संयोजिका सुमित्रा चंदेल ने महिलाओं के कानूनी अधिकारों पर जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं को पारंपरिक सामाजिक भूमिकाओं से हटकर बाहर निकलने की आवश्यकता है। भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. ओपी भूरेटा ने भारत ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा टाटा ट्रस्ट के सहयोग से कुपोषण की स्थिति पर किए जा रहे अध्ययन से प्रतिभागियों को अवगत करवाया।

# सुंकर खड्डु के पास बसाए दर्जनों परिवार कभी भी आ सकते हैं बाढ़ की जद में

**अनंत ज्ञान, नाहन**


सुंकर खड्डु के पास बसाए गए दर्जनों परिवार, जो कभी भी आ सकते हैं बाढ़ की जद में।

कटासन देवी के समीप सुंकर खड्डु के पास में सरकार की ओर से दर्जनों लोगों को बसाया गया है, जिससे आने वाले बरसात में इन लोगों पर बाढ़ का खतरा बना हुआ है। पिछले साल यहां पर पांच परिरवार थे, जिनको बाढ़ के दौरान रेस्क्यू करके बाहर निकाला गया था।

खतरा होने के बावजूद उसी स्थान पर अब यहां पर दर्जन भर परिवार बसा दिए हैं, जो कभी भी भारी बरसात के दौरान बाढ़ के शिकार बन सकते हैं। प्राकृतिक आपदा से जूझते प्रदेश में कई जगह लोग जान बूझ कर इन आपदाओं को गले लगाने से गुरेज नहीं करते। हाल ही में मणीपुर में प्राकृतिक आपदा से शहीद हुए लांस नायक मनीष ठाकुर के अंतिम संस्कार में पाया गया कि जहां पर अंतिम संस्कार किया गया उस श्मशानघाट के बिलकुल नजदीक सुंकर खड्डु के बीच में ही लोगों को बसाया गया है। कोलर से समाज सेवक तथा राजपूत सभा के जिला प्रधान नरेश चौधरी ने बताया कि तत्कालीन सरकार की ओर से इन्हें यहां बसाते समय उनकी सुरक्षा का बिलकुल भी ध्यान नहीं रखा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने आम आदमी को सुरक्षा की दृष्टि व प्राकृतिक आपदा के दृष्टिकोण से खड्डु के किनारों से लगभग दौ सौ मीटर दूर बसने के निर्देश दिए हैं, उनका आरोप है कि इस खड्डु में भयंकर बाढ़ आती है तथा पिछली बरसात में भी इन लोगों को बरसात में बाढ़ से मुश्किल से बचाया गया था, उस बचाव दल में जिले के प्रमुख प्रशासनिक व बचाव दल के सदस्यों को काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। उस हादसे से सबक न लेते हुए भी प्रशासन ने लोगों को यहां बसा दिया, जो किसी भी क्षण अचानक आने वाली बाढ़ का शिकार बन सकते है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार इन लोगों के जीवन से खिलवाड़ तो नहीं कर रही? इस क्षेत्र के शमशेर सिंह सैनी, तपेंद्र सिंह आदि ने प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से इस मामले में उचित संज्ञान लेने का आग्रह किया। इस स्थान से लगभग आधा किलोमीटर नीचे खड्डु के बीच में औद्योगिक इकाई भी स्थापित की जा रही है, जो कभी भी बाढ़ का शिकार हो सकती है। क्या इसकी अनुमति देते हुए सुरक्षा के पैमाने का ध्यान नहीं रखा गया है। लोगों ने इन परिवार को समय रहते सुरक्षित स्थान पर बसाने की मांग की है, जिससे अनहोनी घटना से बचा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री धामी ने दी विकास योजनाओं की वित्तीय स्वीकृति

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य योजना के तहत पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र पौड़ी के विकास खंड पाबो में तुणगुड़ा भैंसवाड़ा मोटर मार्ग का सुदृढ़ीकरण एवं डामरीकरण के कार्य हेतु 344.98 लाख, जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र कर्णप्रयाग के विकासखंड गैरसैण में मालकोट कालीमाटी सेरा तिवाखर्क मोटर मार्ग में रामगंगा नदी के ऊपर 48 मी. स्पान स्टील गर्डर सेतु का निर्माण कार्य हेतु 512.46 लाख, जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र कालाढूंगी के निगम नाला वाला मार्ग का पीसी द्वारा पुनर्निर्माण कार्य एवं सोबन राम के घर से सुरेश भट्ट के घर तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य हेतु 183.47 लाख, विधानसभा क्षेत्र गंगोलीहाट में चौडमन्या-कमतोली मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य हेतु 528.91 लाख की धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया है।

### महिला का शव मिलने पर एक आरोपी काबू

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। चंडीगढ़ में दो दिन पहले 15 जून (रविवार) को धनास लेक के पीछे जंगल एरिया में महिला का शव मिला था। पुलिस ने महिला की मौत की गुत्थी को सुलझा लिया है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सेक्टर-26 की बापूधाम कॉलोनी के ही रहने वाले ई रिक्शा चालक सूरज के तौर पर हुई है। सूरज मृतक महिला बीना का पड़ोसी है और दोनों के बीच दोस्ती थी। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। हालांकि आरोपी सूरज का कहना है कि उसने महिला बीना की हत्या नहीं की है।

आरोपी के ई रिक्शे के नंबर से पुलिस ने सोमवार देर रात उसे पकड़कर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। बहन बोली अस्पताल नहीं ले जाना था तो हमें बता देता। सूरज ई रिक्शा चलाता था और उसकी शादी नहीं हुई है। पुलिस ने सूरज का ई रिक्शा कब्जे में ले लिया है। बीना कुमारी मूल रूप से बांग्लादेश की रहने वाली थी। वह शादीशुदा थी और उसकी दो बेटियां हैं। बीना की बहन सारंगपुर थाने के बाहर रो-रो कर बोल रही थी कि आरोपी को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। बहन ने कहा कि आरोपी तुरंत अस्पताल ले जाता तो उसकी बहन बच जाती।

### 19 और 20 को वितरित होंगे वार्षिक परीक्षा के प्रमाण पत्र

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा सीनियर सैकेण्डरी वार्षिक परीक्षा मार्च-2025 के विद्यार्थी/गुरुकुल/विद्यापीठों के परीक्षार्थियों के प्रमाण-पत्र, कम्पार्टमैंट/अनुत्तीर्ण कार्ड एवं माईग्रेशन प्रमाण-पत्र प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों पर 19 जून, 2025 को भेजे जा रहे हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश के सभी सीनियर सैकेण्डरी विद्यालयों/गुरुकुलों/विद्यापीठों के मुखिया उनके विद्यालय के परीक्षार्थियों के प्रमाण-पत्र, कम्पार्टमैंट/अनुत्तीर्ण कार्ड एवं माईग्रेशन प्रमाण-पत्र 19 जून, 2025 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक तथा 20 जून, 2025 को प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक संबंधित जिले में स्थित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। यदि विद्यालयों/गुरुकुलों/विद्यापीठों के मुखिया किन्हीं अपरिहार्य कारणों से उक्त वर्णित तिथियों में प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं कर पाते हैं तो ऐसी अवस्था में 20 जून, 2025 के उपरान्त बोर्ड मुख्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि जिला भिवानी के प्रमाण-पत्र, कम्पार्टमैंट/अनुत्तीर्ण कार्ड एवं माईग्रेशन प्रमाण-पत्र बोर्ड मुख्यालय के कमरा नं० 98 में वितरित किए जाएंगे।

### पलवल में मिले 154 फर्जी सर्टिफिकेट

अनंत ज्ञान, पलवल। जिले के हथीन उपमंडल में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का मामला मंगलवार को सामने आया है। स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी में भीमसीका गांव स्थित सलमा नर्सिंग होम से 154 संदिग्ध जन्म प्रमाण पत्र बरामद किए गए हैं। मामले में उटावड़ थाना पुलिस ने अस्पताल संचालक डॉ. रिहान खान और उनके सहयोगी डॉ. मोहम्मद अली के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक 26 मई को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सलमा नर्सिंग होम पर छापा मारा था, जहां से दर्जनों ऐसे प्रमाण पत्र मिले जिनमें बच्चों की जन्मतिथि और जन्मस्थान में गंभीर गड़बड़ी पाई गई। इसके बाद 6 जून को तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया गया। जांच के तहत 13 जून को उटावड़ स्थित रिहान अस्पताल का निरीक्षण किया गया, जहां डॉ. रिहान ने अस्पताल के स्वामित्व की पुष्टि की। घटना की गंभीरता को देखते हुए ड्यूटी मजिस्ट्रेट असलम खान की मौजूदगी में अस्पताल को सील कर दिया गया।

### हरियाणा की मॉडल की हत्या के मामले में संदिग्ध प्रेमी गिरफ्तार



अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। हरियाणा की एक मॉडल का शव सोनीपत में नहर से बरामद होने के कुछ दिन बाद पुलिस ने उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसके साथ उसके कथित तौर पर संबंध थे। हरियाणा की मॉडल 24 वर्षीय शीतल का शव रविवार को एक नहर में पाया गया था। उसका गला कटा हुआ था और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट के निशान थे। नहर से एक कार भी बरामद की गई। पानीपत के पुलिस उपाधीक्षक सतीश कुमार ने फोन पर बताया कि संदिग्ध सुनील को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने कथित तौर पर कार को नहर में धकेल दिया और खुद अस्पताल में भर्ती हो गया। उसने पुलिस को यह भी बताया कि वह तैरकर नहर से सुरक्षित निकलने में कामयाब रहा और उसने पूरे मामले को कथित तौर पर एक दुर्घटना के रूप में पेश करने की कोशिश की। (अनंत ज्ञान)

### गाजा में खाद्य सामग्री का इंतजार कर रहे 45 फलस्तीनी मारे

एजेंसी, खान यूनिस (गाजा पट्टी)। गाजा पट्टी में खाद्य पदार्थों से लदे ट्रकों के आने का इंतजार कर रहे कम से कम 45 फलस्तीनी मारे गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय और एक स्थानीय अस्पताल ने यह जानकारी दी। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि ये लोग कैसे मारे गए। फलस्तीनी नागरिकों का कहना है कि पिछले महीने केंद्र खुलने के बाद से इस्राइली सेना ने अमेरिका और इस्राइल समर्थित सहायता समूह द्वारा संचालित खाद्य वितरण केंद्रों तक पहुंचने की कोशिश कर रही भीड़ पर बार-बार गोलियां चलाई हैं। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि इन घटनाओं में बड़ी संख्या में लोग मारे गए हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। वहीं, इस्राइली सेना ने पुराने मामले पर कहा था कि उसने संदिग्ध तरीके से सेना के निकट आ रहे लोगों को रोकने के लिए चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं। (अनंत ज्ञान)

### भारत ने 2024 में परमाणु हथियारों का बढ़ाया जखीरा: सिपरी

एजेंसी, नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान सहित दुनिया के लगभग सभी नौ परमाणु हथियार संपन्न देशों ने 2024 में अपने परमाणु हथियारों को न केवल उन्नत बनाने की प्रक्रिया को जारी रखा बल्कि अपने हथियारों का जखीरा बढ़ाया भी है। वैश्विक विचारक समूह स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। सिपरी ने एक बयान में कहा कि ऐसा अनुमान है कि भारत ने 2024 में एक बार फिर अपने परमाणु हथियारों के जखीरे का 'थोड़ा विस्तार' किया है और नई प्रकार की परमाणु हथियार प्रणालियों का विकास जारी रखा है। सिपरी की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने 2024 तक परमाणु हथियारों की नई वितरण प्रणालियां विकसित करना और परमाणु हथियारों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री एकत्रित करना भी जारी रखा है। पाकिस्तान की योजना आगामी दशक में अपने परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ाने की है। सिपरी ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि जनवरी 2025 में दुनिया भर में अनुमानित 12,241 परमाणु हथियारों की कुल संख्या में से लगभग 9,614 हथियार संभावित इस्तेमाल के लिए सैन्य भंडार में थे। (अनंत ज्ञान)

### सोना 1,200 रुपए टूटा, चांदी में मजबूती

एजेंसी, नई दिल्ली। कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की लगातार बिकवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,200 रुपए टूटकर 1,00,170 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,01,370 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,100 रुपए घटकर 99,450 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। हालांकि, मंगलवार को चांदी की कीमतें 100 रुपए बढ़कर 1,07,200 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। (अनंत ज्ञान)

### श्रीलंका ने फ्रांस के साथ किया कर्ज पुनर्गठन समझौता

एजेंसी, कोलंबो। श्रीलंका ने 2042 तक 39 करोड़ यूरो के कर्ज के पुनर्गठन के लिए फ्रांस के साथ एक समझौते किया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि समझौते पर सोमवार को हस्ताक्षर किए गए। श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्रालय ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, "विदेशी ऋण पुनर्गठन प्रक्रिया के संबंध में फ्रांस की सरकार के साथ द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, यह ऋण स्थिरता को बहाल करने एवं श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए पुनर्गठन प्रक्रिया को यथाशीघ्र पूरा करने की श्रीलंका सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।" अधिकारियों ने बताया कि इस समझौते से 2042 तक 39 करोड़ यूरो के पुनर्वित्तपोषण का रास्ता साफ होगा। फ्रांस, श्रीलंका का चौथा सबसे बड़ा सार्वजनिक ऋणदाता है। (अनंत ज्ञान)

# बरसात में भरा पानी, आंधी से टूटे पेड़, निगम ने संभाला मोर्चा



अनंत ज्ञान, गुरुग्राम

शहर में मंगलवार दोपहर बाद हुई बरसात से कई स्थानों पर पानी भर गया। बरसात से पहले आई तेज आंधी में कई स्थानों पर पेड़ भी टूट गए। नगर निगम की टीमों ने पानी की निकासी व टूटे पेड़ों को उठाने के लिए सक्रियता दिखाई। बरसात से पहले तेज आंधी आई। आंधी में धूल-मिट्टी उडने के साथ ही पेड़ों को भी काफी नुकसान हुआ। शहर में अनेक स्थानों पर पेड़ टूट गए। कई स्थानों पर आवागमन भी बाधित हो गया। हालांकि नगर निगम की ओर से बागवानी शाखा की टीमों को मौके पर भेजकर पेड़ों को हटवाया गया और रास्ता साफ किया गया।

शीतला माता रोड, बहरामपुर रोड, सेक्टर-52, आरडी सिटी, इंदिरा कॉलोनी, सेक्टर-10, मदनपुरी रोड सहित अन्य क्षेत्रों में जलभराव हुआ। निगम की टीमों ने मौके पर मौजूद रहकर पंप व अन्य संसाधनों के माध्यम से जलनिकासी को सुचारू किया। शहर के कटारिया मार्केट, विपुल वर्ल्ड, सुशांत लोक-1, आरडी सिटी गेट-3, सेंट जेवियर स्कूल के पास, उप्पल साउथएंड, सेक्टर-46, कैमरा म्यूजियम क्षेत्र सेक्टर-27 जैसे इलाकों में ड्रेनों की सफाई और पंपिंग कार्य पहले से ही किए गए थे, जिससे जलनिकासी बेहतर तरीके से हो सकी। नगर निगम की ओर से यह दावा किया गया है।

मंगलवार को शहर में बारिश के बाद जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए निगमायुक्त प्रदीप दहिया के निर्देशों के बाद निगम की टीमों द्वारा शहरभर में जलनिकासी कार्य को तेजी से शुरू किया गया। व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाई। बरसात शुरू होते ही निगमायुक्त ने अधिकारियों को पर्याप्त मैनपावर, पंप व अन्य मशीनरी के साथ फील्ड में डटे रहने के आदेश दिए।

उन्होंने स्वयं व्यवस्था की निगरानी की और जलभराव प्रभावित इलाकों में तत्काल राहत कार्य सुनिश्चित करवाए। निगमायुक्त ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि बरसात के दौरान नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। बरसात के दौरान कार्यकारी अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता समेत सभी अधिकारी और कर्मचारी फील्ड में सक्रिय रहे।

## द वीक-हंसा सर्वे में एसडी कॉलेज का रहा दबदबा

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज ने एक बार फिर से देश के टॉप कॉलेजों में शीर्ष स्थान हासिल किया है। द वीक-हंसा सर्वे 2025 (जून 2025 संस्करण) में कॉलेज ने उत्तर भारत में (दिल्ली को छोड़कर) कामर्स व साइंस में एक बार फिर से पहला और आर्ट्स में दूसरा स्थान हासिल किया है। ऑल इंडिया लेवल पर कॉलेज साइंस में 22 वें, कामर्स में 29 वें और आर्ट्स में 35 वें स्थान पर रहा। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है और वह इस उपलब्धि पर सभी हितधारकों को बधाई देते हैं। यह मान्यता अकादमिक उत्कृष्टता और समग्र विकास के लिए हमारे निरंतर प्रयास का प्रमाण है।

पिछले साल द वीक-हंसा सर्वे 2024 में भी कॉलेज ने उत्तर भारत में (दिल्ली को छोड़कर) कामर्स व साइंस में पहला और आर्ट्स में दूसरा स्थान हासिल किया था जबकि ऑल इंडिया लेवल पर कॉलेज साइंस में 22 वें, कामर्स में 29 वें और आर्ट्स में 35 वें स्थान पर रहा था।

## नि :शुल्क स्वास्थ्य कैंप में 350 लोगों ने करवाई जांच

जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में मंगलवार को स्वास्थ्य और सूचना विभाग की ओर से देहरादून में पत्रकारों और उनके परिजनों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प आयोजित किया गया, जिसमें 350 से अधिक पत्रकारों और उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकारों के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशीलता दिखाते हुए गत दिनों अधिकारियों को पत्रकारों के लिए विशेष मेडिकल कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में मंगलवार को रिंग रोड स्थित सूचना निदेशालय परिसर में विशेष स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सकों ने पत्रकारों की स्वास्थ्य जांच करते हुए, परामर्श दिया।

साथ ही पैथॉलॉजी सहित अन्य जांचें और आभा आईडी बनाने का काम भी मौके पर किया गया। इस विशेष स्वास्थ्य कैम्प का शुभारंभ स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार और महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने किया। इस मौके पर सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने कहा कि पत्रकार और मीडिया कर्मियों की व्यस्तता को देखते हुए, यह कैंप आयोजित किया गया, जिसमें एक ही छत के नीचे विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जांच के बाद परामर्श प्रदान किया।

महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने कहा कि भविष्य में भी पत्रकारों के कल्याण के लिए इस तरह के कैम्प आयोजित किए जाएंगे, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पत्रकार हितों के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं, यह कैम्प इसी क्रम में आयोजित किया गया।

डॉ. आशुतोष सयाना ने बताया कि कैंप में 350 से अधिक पत्रकारों और उनके परिजनों की जांच की गई। शिविर में आभा आईडी के साथ ही वय वंदन कार्ड भी बनाए गए। उन्होंने बताया कि कई ऐसे मामले भी सामने आए, जिसमें पत्रकारों को जांच के बाद ही पहली बार शुगर, बीपी, दृष्टि दोष जैसे समस्याओं का पता चला, इसके लिए उन्हें परामर्श, दवाई भी दिए गए।

## आईसर मोहाली में 14वां दीक्षांत समारोह आयोजित

अनंत ज्ञान, मोहाली



इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईसर) मोहाली ने 14वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया, जिससे शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के सफल समापन हुआ। जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च, बेंगलुरु के अध्यक्ष और इंडियन एकेडमी आफ साइंसेज के पूर्व अध्यक्ष प्रो. उमेश वी. वाघमारे ने मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष प्रो. जेएस यादव ने समारोह की अध्यक्षता की जिसमें 300 से अधिक छात्रों को डिग्री प्रदान की गई।

आईसर, मोहाली के निदेशक प्रो. अनिल के त्रिपाठी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि संस्थान ने 500 से अधिक वैज्ञानिक शोधपत्र प्रकाशित किए, 17.86 करोड़ मूल्य की 20 एक्स्ट्रामूरल रिसर्च प्रोजेक्ट्स हासिल की और विभिन्न विषयों में प्रतिष्ठित मान्यता प्राप्त की। उल्लेखनीय सफलताओं में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए प्रोफेसर कमल पी सिंह के एक कॉम्पैक्ट ब्लू लेजर का विकास और अल्ट्राहाई सेंसिटिविटी के साथ एक सिल्क-आधारित टॉर्शन सेंसर और बायोलोजिकल टिश्यू के माध्यम से इमेजिंग को तेज करने के लिए डॉ. समीर बिस्वास का ऑप्टिकल एल्गोरिदम शामिल है। क्वांटम विज्ञान में प्रो. अरविंद ने सुरक्षित क्वांटम संचार तकनीकों को उन्नत किया।

## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' सकारात्मक कदम



अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

एक राष्ट्र, एक चुनाव (वन नेशन, वन इलेक्शन) विषय विचार-मंथन के लिए संयुक्त संसदीय समिति द्वारा अध्ययन दौरे के दौरान आज न्यू चंडीगढ़ में हरियाणा के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया, इसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों, चिकित्सा और खेल जगत से जुड़ी हस्तियों ने भाग लिया।

प्रतिभागियों ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव से समय, संसाधन और धन की बचत होगी तथा चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और स्थिरता आएगी। इस पहल का उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की प्रक्रिया को अपनाकर संसदीय प्रणाली को अधिक प्रभावशाली, पारदर्शी और व्यावहारिक बनाना है।

प्रतिभागियों ने एकमत से कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' एक सकारात्मक कदम है। इससे न केवल बार-बार होने वाले चुनावों पर होने वाले भारी खर्च में कमी आएगी, बल्कि इससे प्रशासनिक व्यवस्था पर भी अनावश्यक दबाव कम होगा और विकास कार्यों में तेजी आएगी। इससे देश की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्थिरता को भी बल मिलेगा।

संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष सांसद श्री पीपी चौधरी ने प्रतिभागियों के विचारों को गंभीरता से सुना और कहा कि समिति सभी सुझावों का निष्पक्ष मूल्यांकन करेगी। बैठक में संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य अनुराग ठाकुर, ईटी मोहम्मद बशीर, चंदन चौहान, मनीश तिवारी, डॉ संजय जायसवाल, टीएम सेल्वागणपति, कविता पाटिदार और भुबनेश्वर कालिता ने भी अपने विचार रखे।

## जलघरों में पहुंचेगा भाखड़ा का नीला पानी

अनंत ज्ञान, जींद। उचाना हलके के सुरबरा एवं झील गांव में पीने के पानी की अब किसी तरह की किल्लत ग्रामीणों को नहीं रहेगी। लिफ्ट सिस्टम से दोनों गांव के जलघरों में भाखड़ा का नीला पानी पहुंचेगा। इन गांवों में पीने के पानी की किल्लत काफी समय से है, जो अब दूरी होगी।

झील गांव में जल जीवन मिशन के तहत बनी जल परियोजना का मंगलवार को उद्घाटन विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा किया गया।

इस परियोजना पर 125 लाख खर्च हुए हैं। इस योजना के तहत गांव में लगभग पांच हजार मीटर की पाइप लाइन भी बिछाई जाएगी ताकि हर घर तक जल पहुंचे। सुरबरा गांव में भी 139 लाख रुपये की परियोजना का उद्घाटन किया गया।

## देश-विदेश

## पुडुचेरी को राज्य का दर्जा दिलाने की मांग सीएम रंगासामी ने उपराष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

एजेंसी, पुडुचेरी



पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन. रंगासामी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को एक ज्ञापन सौंपकर केंद्रशासित प्रदेश को राज्य का दर्जा दिलाने की मांग की है। उपराष्ट्रपति इन दिनों पुडुचेरी के आधिकारिक दौरे पर हैं और उन्होंने जवाहरलाल आयुर्विज्ञान संस्थान (जिपमर) व पांडिचेरी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों में भाग लिया।

रंगासामी ने उपराष्ट्रपति के साथ बैठक के दौरान कहा कि अब तक की सभी निर्वाचित सरकारों ने, चाहे वे किसी भी दल की रही हों, राज्य का दर्जा दिलाने के लिए केंद्र सरकार से लगातार आग्रह किया है। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि विधानसभा ने सभी राजनीतिक दलों और विशेषकर पुडुचेरी की जनता की सर्वसम्मति से राज्य का दर्जा देने के लिए प्रस्ताव पारित किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुडुचेरी की सरकार को संविधान के अनुसार नहीं, बल्कि संसद द्वारा पारित वर्ष 1963 के 'केंद्रशासित प्रदेश अधिनियम' के तहत सीमित अधिकार प्राप्त हैं। इसी कारण निर्वाचित सरकार होने के बावजूद कई विकास कार्यों को समय पर नहीं कराया जा सकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि पुडुचेरी को अब तक वित्त आयोग में शामिल नहीं किया गया है, जिसके कारण विकास योजनाओं के लिए उचित निधि नहीं मिल पाती। यदि पुडुचेरी को राज्य का दर्जा मिल जाए, तो उसे अतिरिक्त 1,500 से 2,000 करोड़ की राशि प्राप्त हो सकती है, जिससे पर्यटन और बुनियादी ढांचे को मजबूती दी जा सकेगी। (अनंत ज्ञान)

## रॉबर्ट वाड्रा फिर ईडी के सामने नहीं हुए पेश



एजेंसी, नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ब्रिटेन निवासी शस्त्र सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष अपनी निर्धारित गवाही के लिए पेश नहीं हुए। उन्हें 10 जून को पेश नहीं होने के बाद मंगलवार (17 जून) को पेश होने के लिए कहा गया था। वाड्रा के करीबी सूत्रों ने बताया कि उन्होंने इस सप्ताह के लिए यूएई और ब्रिटेन की अपनी यात्रा की योजना एजेंसी को पहले ही बता दी है और भारत वापस आने के बाद वह जांच में शामिल होंगे। (अनंत ज्ञान)

## मेघालय पुलिस ने किया राजा मर्डर केस रीक्रिएशन

एजेंसी, नई दिल्ली

मध्य प्रदेश के इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले ने देशभर में सनसनी मचा दी है। इस मामले में मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी, जो राजा की पत्नी हैं और चार अन्य सहयोगियों को मेघालय पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पुलिस का दावा है कि सोनम ने अपने पति की हत्या की साजिश रची थी, जो 23 मई 2025 को मेघालय के सोहरा (चेरापूंजी) क्षेत्र में हनीमून के दौरान शुरू हुई। 2 जून को राजा का शव बरामद किया गया था। मेघालय पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) अब सोनम की मौजूदगी में क्राइम सीन को रिक्रिएट करने की तैयारी कर रही है। यह प्रक्रिया हत्या के तरीके और समय को स्पष्ट करने के लिए महत्वपूर्ण है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि हत्याकांड को महज 18 मिनट में अंजाम दिया गया था। पुलिस को सोनम और राज कुशवाह की चैट और रिकॉर्डिंग भी मिली हैं, जो साजिश के सबूत हैं। (अनंत ज्ञान)

### कई मोबाइल नंबरों की जांच कर सोनम तक पहुंची पुलिस

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी के मर्डर केस में मेघालय पुलिस के पास न तो कोई चश्मदीद था, न ही कोई ठोस सबूत। ऐसे में इस केस में असली कातिल तक पहुंचने का सबसे बड़ा सहारा मोबाइल की कॉल डिटेल और लोकेशन रिकॉर्ड बने। जिस जगह से राजा का शव मिला, उस इलाके में नेटवर्क देने वाले सभी टावरों से कई नंबरों की पड़ताल की गई। इसके बाद मेघालय पुलिस ने आखिरकार वो पांच नंबर तलाश लिए, जो इस हत्याकांड के मुख्य किरदारों के थे। आखिर में पुलिस तीनों कातिल आकाश राजपूत, विशाल सिंह चौहान, आनंद कुर्मी, इन्हें सुपारी देने वाले राज कुशवाह और मुख्य किरदार सोनम रघुवंशी तक पहुंच गई।

## चीन में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, 9 लोगों की मौत

एजेंसी, बीजिंग



चीन के मध्य में स्थित एक पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में नौ लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। चीन की सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकारी मीडिया द्वारा ऑनलाइन पोस्ट किए गए एक वीडियो में विस्फोट के बाद आसमान में धुएं का एक बड़ा गुबार उठता देखा जा सकता है।

'शांझोउ फायरवर्क्स कंपनी' की फैक्टरी हुनान प्रांत के चांगदे शहर के उत्तर में लिनली काउंटी के एक पहाड़ी हिस्से में है। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने मंगलवार दोपहर के आसपास एक ऑनलाइन खबर में कहा कि आगे और विस्फोट होने के खतरे और किसी बड़े जल स्रोत के अभाव ने अग्निशमन और पीड़ितों की तलाश के काम को जटिल बना दिया। अग्निशमन कर्मियों ने रिमोट-नियंत्रित पानी के कैनन का इस्तेमाल करने के अलावा 28 पानी के टैंकर और उच्च शक्ति वाले पंपों से सुसज्जित दो दमकल गाड़ियां का उपयोग किया। (अनंत ज्ञान)

## पहलगाम हमले के बाद बंद टूरिस्ट स्पॉट फिर खुले

एजेंसी, नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने घोषणा की है कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा कारणों से बंद किए गए पर्यटन स्थलों और पार्कों को अब चरणबद्ध तरीके से फिर से खोला जा रहा है। यह निर्णय उन्होंने अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के दौरान अनंतनाग के नुनवान बेस कैंप के दौरे पर लिया।

उपराज्यपाल सिन्हा ने बताया कि घाटी और जम्मू क्षेत्र में पर्यटकों की आवाजाही को लेकर सभी जिलों से सुरक्षा से जुड़ी रिपोर्ट मिलने के बाद यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि आतंकी हमले के बाद एहतियातन कई स्थलों को बंद करना पड़ा था, लेकिन अब स्थिति सामान्य होने पर कुछ स्थानों को दोबारा खोलने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

सिन्हा के मुताबिक, पहले चरण में आम लोगों के लिए आठ प्रमुख पर्यटन स्थलों को फिर से खोला गया है, जिनमें बेताब वैली और पार्क, वेरीनाग गार्डन, कोकरनाग गार्डन, अच्छाबल गार्डन, बादामवारी पार्क, डक पार्क (निगीन झील के पास), तकदीर पार्क शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

## पश्चिम एशिया तनाव से शेयर बाजार सतर्क, सेंसेक्स 213 अंक फिसला

एजेंसी, मुंबई



ईरान-इजरायल संघर्ष तेज होने से निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने और पिछले सत्र की तेज उछाल के बाद मंगलवार को मुनाफावसूली होने से स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 213 अंक और निफ्टी 93 अंक नुकसान में रहा।

विश्लेशकों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और इस सप्ताह के अंत में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर आने वाले फैसले को लेकर भी निवेशकों ने इंतजार की रणनीति अपनानी बेहतर समझी। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 212.85 अंक यानी 0.26 प्रतिशत गिरकर 81,583.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 369.14 अंक गिरकर 81,427.01 अंक पर आ गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 93.10 अंक यानी 0.37 प्रतिशत गिरकर 24,853.40 अंक पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

## संघर्ष

### बमबारी से नौ मंजिला रिहायशी इमारत ध्वस्त, कई अपार्टमेंट हुए नष्ट

## रूस के ड्रोन-मिसाइल हमले में 15 की मौत, 116 घायल

एजेंसी, कीव



रूस ने यूक्रेन पर रात को उस समय मिसाइल और ड्रोन से हमले किए जब ज्यादातर लोग अपने घरों में सो रहे थे, जिससे कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 116 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि हमलों में मुख्य रूप से राजधानी कीव को निशाना बनाया गया।

कीव शहर सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमुर तकाचेंको ने बताया कि रातभर हुए हमले में 14 लोगों की मौत हो गई है और 99 अन्य घायल हो गए हैं। बमबारी से नौ मंजिला एक रिहायशी इमारत ध्वस्त हो गया तथा कई अपार्टमेंट नष्ट हो गए हैं। आपातकालीन कर्मी मलबे से लोगों को बचाने के लिए घटनास्थल पर मौजूद हैं।

यह हाल के महीनों में यूक्रेन की राजधानी में हुए सबसे घातक हमलों में से एक है और हमला ऐसे वक्त में हुआ है, जब युद्ध को खत्म करने के लिए दो दौर की शांति वार्ता बेनतीजा रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस हमले को "कीव पर सबसे भयानक हमलों में से एक" बताया और कहा कि रूसी सुरक्षा बलों ने रातभर में यूक्रेन पर 440 से ज्यादा ड्रोन और 32 मिसाइलें दागीं। उन्होंने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन "ऐसा सिर्फ इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि वह युद्ध जारी रखने का जोखिम उठा सकते हैं। वह चाहते हैं कि युद्ध जारी रहे। यह बहुत परेशान करने वाली बात है कि दुनिया के ताकतवर लोग इस ओर से आंखें मूंद लेते हैं।" (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### सबालेंका ने फ्रेंच ओपन मुकाबले के बाद टिप्पणी के लिए गॉफ से माफी मांगी

**एजेंसी, बर्लिन।** एरिना सबालेंका ने कहा कि उन्होंने कोको गॉफ को पत्र लिखकर फ्रेंच ओपन के फाइनल में अपनी अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी से हारने के बाद की गई 'गैर पेशेवर' टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है। यूरोस्पोर्ट जर्मनी से बात करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने कहा कि इस महीने रोलां गैरो पर उनके खिलाफ गॉफ की 6-7, 6-2, 6-4 की जीत के बाद उनकी टिप्पणी एक गलती थी। पेरिस में मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में सबालेंका ने सुझाव दिया था कि यह परिणाम गॉफ के प्रदर्शन की तुलना में उनकी अपनी गलतियों के कारण अधिक था सबालेंका ने कहा, "यह मेरे लिए पूरी तरह से गैर पेशेवर था।" उन्होंने कहा, "मैंने अपनी भावनाओं को खुद पर हावी होने दिया। उस समय मैंने जो कुछ भी कहा उसके लिए मुझे बहुत खेद है। आप जानते हैं कि हम सभी गलतियां करते हैं। मैं भी एक इंसान हूं जो अब भी जीवन में सीख रहा है। मुझे लगता है कि हम सभी के पास ऐसे दिन होते हैं जब हम नियंत्रण खो देते हैं। लेकिन मैं यह कहना चाहती हूं कि मैंने कोको को बाद में लिखा था - तुरंत नहीं, लेकिन हाल ही में।" सबालेंका ने 37 विनर्स लगाए थे लेकिन गॉफ की 30 सहज गलतियों की तुलना में 70 सहज गलतियां कीं। (अनंत ज्ञान)

### भारत-इंग्लैंड श्रृंखला के विजेता कप्तान को मिलेगा पटौदी पदक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के विजेता कप्तान को पटौदी पदक से सम्मानित किया जायेगा जिससे इन दोनों देशों की क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता में इस शाही परिवार का नाम बना रहेगा। पटौदी परिवार का दोनों देशों की क्रिकेट से गहरा नाता रहा है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने इससे पहले पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलकर तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी करने का फैसला लिया था। पिछले हफ्ते लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान इसकी औपचारिक घोषणा होनी थी लेकिन अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान के भीषण हादसे के मद्देनजर इसे टाल दिया गया। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर के साथ क्रिकेट जगत के कुछ अन्य लोगों ने भी इस ट्रॉफी का नाम बदलने की आलोचना की थी। पता चला है कि तेंदुलकर ने खुद ईसीबी से संपर्क किया और कहा कि पटौदी नाम भारत-इंग्लैंड क्रिकेट का हिस्सा बना रहना चाहिए। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह की भी इसमें भूमिका रही। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, "ईसीबी ने जब इस ट्रॉफी का नाम बदलने का फैसला किया तब तेंदुलकर ने उनसे संपर्क किया और पटौदी नाम भारत-इंग्लैंड प्रतिद्वंद्विता का हिस्सा बना रहना चाहिए। विजेता कप्तान को पटौदी पदक देने का फैसला किया है।" (अनंत ज्ञान)

### फुटबॉल क्लब साओ पाउलो ने मैनेजर जुबेलदिया को पद से हटाया

**एजेंसी, रियो डी जनेरियो।** ब्राजीलियन फुटबॉल क्लब साओ पाउलो ने अर्जेंटीनी मैनेजर लुइस जुबेलदिया को खराब प्रदर्शन के चलते पद से हटा दिया है। क्लब ने सोमवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। ब्राजीलियन सीरी-ए लीग में साओ पाउलो का प्रदर्शन अब तक निराशाजनक रहा है। टीम 12 मैचों में केवल दो जीत के साथ 20 टीमों की तालिका में 14वें स्थान पर है। हालांकि, कोपा लिबरटाडोरेस में क्लब ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपने ग्रुप में टॉप किया है और अब अगस्त में कोलंबिया की एटलेटिको नैशनल से प्री-क्वार्टर फाइनल खेलेगा। क्लब द्वारा जारी बयान में कहा गया, 'आपसी सहमति और सौहार्दपूर्ण तरीके से यह निर्णय लिया गया कि लुइस जुबेलदिया अब टीम की कमान नहीं संभालेंगे।' जुबेलदिया ने अप्रैल 2024 में टीम की जिम्मेदारी संभाली थी और उनके कार्यकाल में साओ पाउलो ने 38 मुकाबले जीते, 27 ड्रॉ खेले और 20 में हार का सामना किया। (अनंत ज्ञान)

### श्रेयंका पाटिल का खूबसूरत अंदाज

श्रेयंका पाटिल भारतीय महिला क्रिकेट की सबसे होनहार युवा प्रतिभाओं में से एक हैं। अपने स्टाइलिश लुक के लिए जानी जाने वाली, उन्होंने मैदान पर अपने कौशल और मैदान के बाहर अपने आकर्षक व्यक्तित्व के लिए ध्यान आकर्षित किया है।



### पूर्व गेंदबाज सिद्धार्थ कौल ने बिग बैश लीग के लिए अपना पंजीकरण कराया

**एजेंसी, मेलबर्न।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल ने ऑस्ट्रेलिया में खेले जाने वाली पुरुषों की बिग बैश लीग (बीबीएल) ड्राफ्ट के लिए अपना पंजीकरण कराया है जबकि भारत के 15 अन्य खिलाड़ियों ने महिला टूर्नामेंट (डब्ल्यूबीबीएल) के लिए पंजीकरण कराया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पिछले साल नवंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने से पहले भारत के लिए तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलने वाले कौल गुरुवार को यहां होने वाले बीबीएल ड्राफ्ट के लिए खुद को पंजीकृत कराने वाले एकमात्र भारतीय पुरुष खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन दुनिया भर के उन 600 से अधिक खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने लीग के लिए खुद को पंजीकृत किया है। अगर एंडरसन को चुना जाता है तो वह 43 साल की उम्र में लीग में खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएंगे। महिला टूर्नामेंट के लिए पंजीकरण कराने वाली 15 भारतीय खिलाड़ियों में कनिका आहूजा भी शामिल हैं जो महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलती हैं और जिन्होंने इस वर्ष की शुरुआत में भारत के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। अन्य भारतीय महिला खिलाड़ियों में जेमिमा रोड्रिग्स, शिखा पांडे, राधा यादव और यास्तिका भाटिया शामिल हैं, जो पहले डब्ल्यूबीबीएल में खेल चुकी हैं। इस सूची में एस मेघना, अरुंधति रेड्डी, प्रतिका रावल, अंडर-19 टी20 विश्व कप विजेता कप्तान निकी प्रसाद, उमा छेत्री, काशवी, प्रिया मिश्रा आदि भी शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप — आईसीसी चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार

# अब पांच नहीं, चार दिन का होगा टेस्ट मैच!

**एजेंसी, लंदन**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2027-29 के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में छोटे देशों के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार है, लेकिन भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड तब भी परंपरागत रूप से चले आ रहे पांच दिवसीय मैच खेल सकते हैं। यहां एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। मैचों की संख्या एक दिन कम करने का कदम एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इससे छोटे देशों को अधिक टेस्ट और लंबी अवधि की श्रृंखलाएं खेलने में मदद मिलेगी।

'द गार्डियन' समाचार पत्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है, "पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान चर्चा में आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 के डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए चार दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया था।" इसमें कहा गया है, "इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत को तब भी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच दिवसीय मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने की अनुमति होगी। एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच के साथ होगी।" (अनंत ज्ञान)







### आईसीसी ने पहली बार 2017 में दी थी मंजूरी

**आईसीसी** ने पहली बार 2017 में द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए चार दिवसीय टेस्ट को मंजूरी दी थी। इंग्लैंड ने 2019 और 2023 में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट के बाद पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी चार दिवसीय टेस्ट मैच खेला था।

### वर्ल्ड कप में मौजूदा प्रारूप के तहत ही खेले जाएंगे मैच

**रिपोर्ट** में कहा गया है कि पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने इस मुद्दे को उजागर किया।" हालांकि 2025-27 की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप पांच दिवसीय मैचों के मौजूदा प्रारूप के तहत ही खेली जाएगी।

### एक दिन में 90 ओवर की जगह फेंके जाएंगे 98 ओवर

**रिपोर्ट** के अनुसार, "कई छोटे देश समय और लागत के कारण टेस्ट मैचों की मेजबानी करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, लेकिन चार दिवसीय टेस्ट मैच शुरू होने से तीन टेस्ट मैचों की पूरी श्रृंखला तीन सप्ताह से भी कम समय में खेली जा सकेगी।" इसमें कहा गया है, "समय को बर्बाद करने से बचने के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों में खेल के समय को 90 ओवर प्रतिदिन से बढ़ाकर न्यूनतम 98 ओवर कर दिया गया है।"

### जय शाह ने चार दिवसीय टेस्ट का किया समर्थन

**एक** रिपोर्ट में कहा गया है, पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल में चर्चा के दौरान आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए चार दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया है। इसकी चर्चा फाइनल के दौरान इसलिए हुई ताकि समय से इस नियम को मंजूरी मिल सके और इसके लिए नियम बनाएं जा सकें। इसमें कहा गया है, 'इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत को तब भी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच दिवसीय मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने की अनुमति होगी। एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच के साथ होगी।' भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत 20 जून से होने जा रही है।

## स्मृति मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंची

**एजेंसी, दुबई**

भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एक दिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गई। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने ताजा अपडेट में 19 रेटिंग अंक गंवाए जिसका फायदा भारतीय बल्लेबाज को मिला। मंधाना के कुल 727 रेटिंग अंक हैं। उनके बाद इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट 719 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वोलवार्ट अब 719 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मंधाना के बाद इस सूची में अगली दो भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं, जो क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं।

भारत और इंग्लैंड के बीच इस महीने के आखिर में पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। मंधाना हाल के दिनों में वनडे बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल रही हैं, लेकिन बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2019 को सूची में शीर्ष स्थान पर नहीं पहुंच पाई थी।

**मंधाना टी20 बल्लेबाजों की सूची में भी चौथे स्थान पर**



भारतीय सलामी बल्लेबाज हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में शतक बनाया था। इससे उन्हें अपनी रैंकिंग में सुधार करने में मदद मिली। मंधाना टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में भी चौथे स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)

## ब्रिटेन के वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी से हारे टियाफो

**एजेंसी, लंदन**



**रूण का मुकाबला मैकेंजी मैकडोनाल्ड से होगा**

ब्रिटिश वाइल्ड कार्ड डैन इवांस ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांसेस टियाफो को 7-5, 6-2 से हराकर 2021 के बाद से क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की।

विश्व में 199वें नंबर के खिलाड़ी इवांस ने कहा, "मुझे अब भी विश्वास है कि मेरे अंदर काफी टेनिस बची हुई है। मुझे अब भी विश्वास है कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। लेकिन इस पर विश्वास करना और ऐसा होना दोनों अलग चीज हैं।"

पहले दौर में जीत दर्ज करने वाले अन्य खिलाड़ियों में चौथी वरीयता प्राप्त होल्गर रूण और आठवीं वरीयता प्राप्त जैकब मेन्सिक शामिल थे। चेक गणराज्य के 19 वर्षीय खिलाड़ी मेन्सिक ने कैमरन नोरी को 7-6 (6), 1-6, 6-1 से हराया।

मेन्सिक का अगला मुकाबला स्पेन के रॉबर्टो बातिस्ता अगुट से होगा, जिन्होंने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को तीन सेटों में पराजित किया। रूण का मुकाबला अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनाल्ड से होगा, जिन्होंने फ्रांस के गेल मोनफिल्स को 6-4, 6-4 से हराया।

## नीदरलैंड ने नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हराया

**एजेंसी, ग्लासगो**

नीदरलैंड ने यहां टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला के मैच में नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हराकर नया रिकॉर्ड बनाया। टी20 या लिस्ट ए क्रिकेट के इतिहास में यह पहला अवसर है जबकि किसी मैच का परिणाम तीसरे सुपर ओवर में निकला। माइकल लेविट ने सोमवार की रात को खेले गए इस मैच में तीसरे सुपर ओवर में छक्का लगाकर आखिर में नीदरलैंड को जीत दिलाई।



नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाए। एक समय उसकी जीत सुनिश्चित लग रही थी क्योंकि नेपाल को आखिरी ओवर में 16 रन चाहिए थे। नेपाल के निचले क्रम के बल्लेबाज नंदन यादव ने हालांकि अंतिम ओवर में दो चौके लगाए। उन्होंने आखिरी गेंद पर भी चौका लगाया जिससे नेपाल आठ विकेट पर 152 रन बनाकर स्कोर बराबर करने में सफल रहा। कुशाल भुर्टेल ने 18 रन बनाकर नेपाल को पहले सुपर ओवर में 19 रन तक पहुंचाया लेकिन नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडॉव ने पांचवीं और छठी गेंद पर क्रमशः छक्का और चौका लगाकर स्कोर बराबर कर दिया।

नीदरलैंड ने दूसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी की और 17 रन बनाए, लेकिन नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी ने काइल क्लेन की आखिरी गेंद को छक्के के लिए भेज कर मैच को नए मोड़ पर खड़ा कर दिया।

नेपाल तीसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए एक भी रन नहीं बना पाया। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर जैक लायन कैशेट ने चार गेंदों में बिना कोई रन दिए दो विकेट लेकर नेपाल का ओवर जल्दी समाप्त कर दिया। नीदरलैंड को इस तरह से मैच जीतने के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी, लेकिन लेविट ने संदीप लामिछाने के ओवर की पहली गेंद पर छक्का जड़कर मैच का शानदार अंत किया। मेजबान स्कॉटलैंड टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला की तीसरी टीम है। (अनंत ज्ञान)

## कप्तान के रूप में रोहित और विराट का मिश्रण है शुभमन गिल : बटलर

**एजेंसी, मुंबई**

जोस बटलर का मानना है कि भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल कप्तान के रूप में रोहित शर्मा और विराट कोहली का मिश्रण हैं लेकिन जब वह शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में राष्ट्रीय टीम की अगुआई करेंगे तो मैदान पर वह पूरी स्वच्छंद होकर टीम का नेतृत्व करेंगे। इंग्लैंड के सीमित ओवरों की टीम के पूर्व कप्तान बटलर इस वर्ष इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गिल की कप्तानी में खेले थे। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को कप्तानी की भूमिका और अपनी बल्लेबाजी के बीच संतुलन बनाना होगा।



बटलर ने इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ अपने पॉडकास्ट 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' पर कहा, "वह वास्तव में प्रभावशाली खिलाड़ी है। जब वह बोलते हैं तो काफी शांत और संतुलित रहते हैं।

मुझे लगता है कि मैदान पर खुद के लिए चुनौती पेश करते हैं। उनमें काफी जुनून होता है। मुझे लगता है कि कप्तान के रूप में वह कोहली और रोहित का मिश्रण होंगे।" उन्होंने कहा, "कोहली वास्तव में बहुत आक्रामक थे। उन्होंने भारतीय टीम को पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने उसे मुकाबले के लिए तैयार किया। रोहित थोड़े अलग थे। थोड़े शांत और संयमित, लेकिन उनमें गजब का जुझारूपन था।" बटलर ने कहा, "गिल ने इन दोनों से काफी कुछ सीखा है लेकिन वह मैदान पर पूरी तरह से अलग नजर आएंगे।"

बटलर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में भारत की कप्तानी करना देश में 'तीसरा या चौथा सबसे प्रभावशाली व्यक्ति' होने जैसा है। उन्होंने कहा, "गिल ने बल्लेबाजी और कप्तानी को अलग-अलग करने की बात की। इसलिए जब वह बल्लेबाजी करते हैं तो वह सिर्फ बल्लेबाज बने रहना चाहते हैं। इसके बाद वह अपने कप्तानी कौशल पर काम करेंगे और दोनों भूमिकाओं को अलग-अलग तरह से निभाने का प्रयास करेंगे।"

बटलर ने कहा, "मुझे नहीं लगता कि हम इन लोगों के स्टारडम के स्तर को समझ सकते हैं। आप इसे आईपीएल में देखते हैं। वे इस स्टारडम में जीते हैं। मुझे लगता है कि भारतीय टेस्ट कप्तान भारत में प्रधानमंत्री के बाद तीसरा या चौथा सबसे प्रभावशाली व्यक्ति है। यह बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है।" (अनंत ज्ञान)

## विश्व कप के बाद वनडे से संन्यास लेगी न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन

**एजेंसी, ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड महिला टीम की कप्तान और ऑलराउंडर सोफी डिवाइन इस साल के आखिर में भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्व कप के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी।



इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को महिला क्रिकेट में सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है। उन्होंने 152 वनडे में 31.66 की औसत और आठ शतकों की मदद से 3990 रन बनाए हैं।

उन्होंने 146 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक शतक के साथ 3431 रन भी बनाए हैं। डिवाइन ने वनडे और टी20 में क्रमशः 107 और 119 विकेट लिए हैं। उन्होंने कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा मंगलवार को जारी बयान में डिवाइन ने कहा, "मुझे लगता है कि मेरे लिए फैसला करने का यह सही समय है। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इस फैसले पर पहुंचने में मेरी मदद की।"

इसका मतलब है कि अब भी न्यूजीलैंड की तरफ से खेल सकती हूं।" डिवाइन का यह बयान न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा 17 केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की घोषणा से पहले आया है। अनुबंधित खिलाड़ियों की घोषणा बुधवार को की जाएगी। डिवाइन टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगी, लेकिन उन्हें केंद्रीय अनुबंध नहीं दिया जाएगा। महिला वनडे विश्व कप 30 सितंबर से दो नवंबर तक भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## बुमराह सटीक गेंदबाजी करने के मामले में मैकग्रा के समान हैं : ब्रॉड

**एजेंसी, मुंबई**

इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बल्लेबाजों को चकमा देने की क्षमता और गेंदबाजी में उनका बेहतरीन संतुलन उन्हें ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ग्लेन मैकग्रा के समकक्ष खड़ा करती है तथा इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। ब्रॉड ने विश्व क्रिकेट में सबसे संतुलित गेंदबाजी रन अप के मामले में बुमराह की तुलना ऑस्ट्रेलिया के महान तेज गेंदबाज मैकग्रा से की।



ब्रॉड ने पॉडकास्ट 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' में कहा, "वह (बुमराह) जब गेंद करने के लिए दौड़ते हैं तो आप सोचते हैं कि यह 70 मील प्रति घंटे की रफ्तार होगी लेकिन वह आपको 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद करते हैं जिससे आप सही अनुमान नहीं लगा पाते हैं।" उन्होंने जोस बटलर के साथ इस पॉडकास्ट में कहा, " जब मैंने शोएब अख्तर का सामना किया, तो वह सौ मील प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ते थे और सौ मील प्रति घंटे की रफ्तार से ही गेंदबाजी करते थे।" टेस्ट क्रिकेट में 604 विकेट लेने के बाद 2023 में संन्यास की घोषणा करने वाले ब्रॉड ने कहा, "बुमराह का रन अप बेहद संतुलित है और वह कभी इस बिगड़ने नहीं देते। मैंने जिन गेंदबाजों को देखा है उनमें ग्लेन मैकग्रा का रन अप बेहद संतुलित था।

बुमराह भी उन्हीं की तरह हैं।" बुमराह के श्रृंखला के सभी पांच टेस्ट मैचों में खेलने की उम्मीद नहीं है, जिसकी पुष्टि भारतीय चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कार्यभार प्रबंधन के तहत की है। ब्रॉड ने कहा कि अगर बुमराह शुक्रवार से लीड्स में शुरू होने वाली श्रृंखला के सभी पांच मैचों में खेलते हैं तो वह ढेर सारे विकेट लेंगे। उन्होंने कहा, "निश्चित रूप से उन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। इंग्लैंड कभी नहीं चाहेगा कि वह सभी पांच टेस्ट मैच में खेलें।

अगर ऐसा होता है तो वह ढेर सारे विकेट लेगा। ऑस्ट्रेलिया में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था।" बटलर ने कहा कि इंग्लैंड दौरे पर आई भारतीय टीम में बुमराह से बड़ा कोई सुपरस्टार नहीं है। उन्होंने कहा, "मुझे नहीं लगता कि भारत की इस टीम में जसप्रीत बुमराह से बड़ा कोई स्टार है। उनका रन-अप अनोखा है, उनका एक्शन अनोखा है। (अनंत ज्ञान)

## तैयारी — अगस्त में आयोजित होगा सुपर-60 अमेरिका लीजेंड टूर्नामेंट

# जलवा दिखाने को तैयार भारतीय दिग्गज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इस साल अगस्त में आयोजित होने वाले सुपर-60 अमेरिका लीजेंड टूर्नामेंट में भारतीय क्रिकेट के चार पूर्व सितारे हरभजन सिंह, शिखर धवन, सुरेश रैना और रॉबिन उथप्पा एक बार फिर मैदान पर अपने जौहर दिखाने को तैयार हैं।

यह प्रतियोगिता 5 अगस्त से 16 अगस्त तक अमेरिका में चलेगी, जिसका उद्देश्य वहां क्रिकेट को लोकप्रिय बनाना है। 2011 में एकदिवसीय विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य हरभजन सिंह और सुरेश रैना, 2007 में टी-20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे रॉबिन उथप्पा और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शिखर धवन ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने पर उत्साह जताया। (अनंत ज्ञान)

### टूर्नामेंट का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात : हरभजन



**हरभजन** सिंह ने कहा, सुपर-60 अमेरिका दिग्गजों के टूर्नामेंट का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात है। यह एक अनोखा और प्रतिष्ठित प्रारूप है जो क्रिकेट को एक नई दिशा देगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर के पूर्व खिलाड़ी इसमें भाग ले रहे हैं, जो अमेरिका में क्रिकेट को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### क्रिकेट का बढ़ेगा दायरा : सुरेश



**सुरेश** रैना ने कहा, मैं इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। यह दुनिया भर के शानदार खिलाड़ियों को एक मंच पर लाता है। ऐसे आयोजनों से अमेरिका में क्रिकेट का दायरा बढ़ेगा और मुझे इसका हिस्सा बनकर गर्व महसूस हो रहा है।

### टूर्नामेंट में शामिल होना शानदार अवसर : धवन

**शिखर** धवन ने कहा, सुपर-60 अमेरिका दिग्गजों के टूर्नामेंट में शामिल होना एक शानदार अवसर है। अमेरिका में उभरती क्रिकेट संस्कृति के साथ जुड़कर मुझे बेहद खुशी हो रही है। यह आयोजन नए प्रशंसकों को जोड़ने और क्रिकेट को मुख्यधारा में लाने की दिशा में भूमिका निभाएगा।

### प्रतिस्पर्धा का बेहतरीन मेल : रॉबिन

रॉबिन उथप्पा ने भी कहा, यह प्रतियोगिता नवाचार और प्रतिस्पर्धा का बेहतरीन मेल है। इसका अनोखा प्रारूप खेल को नया आकर्षण देता है और इससे नए दर्शकों को जोड़ने में मदद मिलेगी। क्रिकेट के विकास में योगदान देना मेरे लिए गर्व की बात है।

### 10-10 ओवर का होगा टूर्नामेंट

**यह** टूर्नामेंट टी-10 प्रारूप (हर टीम को 10-10 ओवर का खेल) में खेला जाएगा, जो क्रिकेट के पारंपरिक रूप में नयापन और तीव्रता लाता है, जिससे दर्शकों को अधिक रोमांच मिलता है। भारतीय दिग्गजों की मौजूदगी से यह प्रतियोगिता न सिर्फ रोमांचक होगी, बल्कि अमेरिका में क्रिकेट को नई पहचान दिलाने का माध्यम भी बनेगी।

## ओलंपिक 2036 की मेजबानी भारत के लिए हर तरह से फायदेमंद होगी : खड़से

**एजेंसी, नई दिल्ली**

खेल राज्य मंत्री रक्षा खड़से ने कहा कि 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी महज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संदेश देने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने, अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और देश के युवाओं को प्रभावित करने वाले सामाजिक मुद्दों से निपटने की एक सुविचारित योजना भी है।

महाराष्ट्र के रावेर निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार लोकसभा सांसद रह चुकी 38 वर्षीय खड़से ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में इस आलोचना को खारिज कर दिया कि देश को ओलंपिक की मेजबानी जैसे खर्चीले आयोजन का लक्ष्य रखने से पहले देश को खेल महाशक्ति बनाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यहां अपने कार्यालय में बातचीत में कहा, "ओलंपिक 2036 या राष्ट्रमंडल खेल 2030 जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी की तैयारी का मतलब है विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, आर्थिक निवेश और एक ऐसी प्रणाली को तैयार करना है जिसका फायदा सीधे खिलाड़ियों को मिलेगा।"

खड़से ने कहा, "खेल अवसाद और यहां तक कि नशीली दवाओं की लत जैसी कई समस्याओं से निपटने का एक तरीका है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए जब आप ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करते हैं तो यह समाज के लिए प्रेरक शक्ति का काम करती है।" भारत की दावेदारी आगले महीने गति पकड़ लेगी, जब खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल पिछले साल अपना आशय पत्र सौंपने के बाद ओलंपिक समिति के साथ चर्चा के लिए लुसाने जाएगा। (अनंत ज्ञान)